राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 30 नवंबर 2025

वर्ष 07, अंक 61, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मनरेगा लोकपाल डॉ. आर.आर. जैसवार ने राती में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण...03

41 महीने बाद सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा का तबादला, संतलाल पटेल को मिली तैनाती...12

# लाल किला ब्लास्टः 4 आरोपियों की NIA रिमांड 10 दिन बढ़ी, अब तक 7 गिरफ्तारी

**● लाल किला आतंकी हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने चार आरोपियों की हिरासत अवधि को दस दिनों के लिए बढ़ा दिया है. इन आरोपियों में डॉ. मुजम्मिल, डॉ. अदील, डॉ. शाहीना और मुफ्ती इरफान अहमद वगाये शामिल हैं**

दिल्ली की पटियाला हाउस स्पेशल एनआईए कोर्ट ने लाल किला ब्लास्ट मामले में चार आरोपियों की रिमांड 10 दिन के लिए बढ़ा दी है. कोर्ट ने ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार डॉक्टर मुज़म्मिल, डॉक्टर शाहीन सईद, डॉक्टर अदिल और मुफ्ती इरफान की रिमांड 10 दिन के लिए बढ़ा दी है.इसके बाद एनआईए की टीम सभी को कोर्ट से अपने साथ ले गई. राष्ट्रीय जांच एजेंसी अब उनसे आतंकी मॉड्यूल की फंडिंग, प्लानिंग और विदेशी लिंक के बारे में पूछताछ करेगी।

चारों आरोपियों की एनआईए हिरासत शनिवार को खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था. 20 नवंबर को कोर्ट ने चारों को आज यानी 29 नवंबर तक की एनआईए हिरासत में भेजा था. शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सभी आरोपियों, मुजम्मिल गनई, अदील राथर और शाहीन सईद के साथ-साथ मौलवी इरफान अहमद वागे को पटियाला हाउस कोर्ट के प्रिंसिपल और सेशंस जज अंजू बजाज चांदना के सामने पेश किया गया था. जिन्होंने उनकी 10 दिन की कस्टडी बढ़ा दी. वहीं बाक़ी तीन आरोपी जासिर, शोयाब और आमिर पहले से ही रिमांड पर है. इन तीनों को सिर्फ़ जांच की प्रक्रिया के चलते ही शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया था।

**NIA 15 दिन की हिरासत की मांग की थी**

कोर्ट ने डॉ. मुजम्मिल गनी, अदील राथर, शाहिन सईद, मौलवी इरफान अहमद वागे को पहले भी 10 दिन की रिमांड पर भेजा था. एनआईए ने कोर्ट से आरोपियों की 15 दिन की हिरासत की मांग की थी ताकि उनसे पूछताछ कर पूरे मॉड्यूल को बेनकाब किया जा सके. हालांकि, कोर्ट ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजने का आदेश दे दिया था।

**7 आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया**

10 दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एनआईए ने सात आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया था. अब तक, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किए गए एक व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल से जुड़े हैं।



**अलग-अलग राज्यों से संदिग्धों को किया जा रहा गिरफ्तार**

दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट की जांच में दिल्ली पुलिस समेत देश की कई अन्य एजेंसियां लगी हैं. अभी तक की जांच में देश के अलग-अलग राज्यों से कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा रहा है. जिसने इस धमाके को लेकर पूछताछ हो रही है. जांच एजेंसियां और खासकर NIA इस पूरे मामले के पहलू की जांच में जुटी है. 10 नवंबर को लाल किले के पास विस्फोटकों से लदी ।20 कार में ब्लास्ट हुआ था, जिसे डॉ. उमर-उन-नबी चला रहा था. इसमें करीब 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग गंभीर रूप से जख्मी गो गए थे।

NIA ने एक बयान में कहा, 'एजेंसी आत्मघाती बम विस्फोट के सिलसिले में विभिन्न सुरागों की तलाश जारी रखे हुए है और इस हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने एवं उनका पता लगाने के लिए संबंधित पुलिस बलों के साथ समन्वय में विभिन्न राज्यों में तलाशी अभियान चला रही है'।

# आम जनता के मामलों को तरजीह देगा सुप्रीम कोर्ट, CJI सूर्यकांत ने दिए निर्देश, शेड्यूल जारी

**● आम लोगों की परेशानियों और स्वतंत्रता से जुड़े मामलों को अब सुप्रीम कोर्ट में प्राथमिकता से सुना जाएगा. मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है. इस दौरान CJI सूर्यकांत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की इस पहल का उद्देश्य आम जनता के हित से जुड़े मामलों की सुनवाई को तेज और सुगम बनाना है**



आम लोगों की परेशानियों और स्वतंत्रता से जुड़े मामलों को अब सुप्रीम कोर्ट में प्राथमिकता से सुना जाएगा. मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू करते हुए कहा है कि जहां आम जनता की स्वतंत्रता का प्रश्न हो या तुरंत अंतरिम राहत की मांग की गई हो, ऐसे केसों को सत्यापन और त्रुटि निवारण के बाद दो कार्यदिवस के भीतर मुख्य या पूरक सूची में शामिल किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट (SC) ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमित जमानत, अग्रिम जमानत और जमानत रद्द करने से जुड़े सभी मामलों की प्रति भारत सरकार, राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश के संबंधित नोडल अधिकारी या स्थायी वकील को अनिवार्य रूप से भेजनी होगी। इन मामलों में एक अलग आवेदन दाखिल करना होगा, जिसके बिना न तो केस सत्यापित होगा और न ही कोर्ट की सूची में रखा जाएगा. सुप्रीम कोर्ट की इस पहल का उद्देश्य आम जनता के हित से जुड़े मामलों की सुनवाई को तेज और सुगम बनाना है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सूचीबद्धता को लेकर शेड्यूल किया जारी**

सुप्रीम कोर्ट ने नए मामलों की सूचीबद्धता को लेकर भी एक तय शेड्यूल जारी किया है. अब मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सत्यापित हुए मामले अगले सोमवार को सूचीबद्ध होंगे. शुक्रवार, शनिवार और सोमवार को सत्यापित हुए मामले अगले शुक्रवार को रखे जाएंगे. नई व्यवस्था के तहत नए केस अपने आप सूची में आ जाएंगे और अब तक की तरह वादियों को कोर्ट में अपने मामलों का मेंशन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी. सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि उपरोक्त श्रेणी के मामलों में कोई भी उल्लेख स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट की दहेज प्रथा पर भी कड़ी टिप्पणी**

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने दहेज प्रथा को लेकर भी बेहद कड़ी टिप्पणी की है. एससी ने कहा कि जिस विवाह को भारतीय समाज में जीवन का सबसे पवित्र बंधन माना जाता था वह आज दहेज की वजह व्यावसायिक सौदे में बदल गया है. कोर्ट ने कहा कि आधुनिक समय में लोग विवाह उपहारों, पैसों और दिखावे के साथ जोड़ देते हैं, जिससे इस रिश्ते की आत्मा ही कमजोर हो रही है. दहेज को चालाकी से उपहार या परंपरा बताने की कोशिश की जाती है, लेकिन वास्तव में ये एक लालच का रूप ले चुका है।

**सुप्रीम कोर्ट ने की अपील**


सुप्रीम कोर्ट (स्ट) का कहना है कि विवाह प्रेम, विश्वास और समानता पर आधारित होना चाहिए. अदालत ने देश के युवाओं, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे मिलकर दहेज के खिलाफ माहौल तैयार करें. इसके बिना न तो दहेज हत्या रुकेंगी, न महिलाओं पर अत्याचार कम होगा. कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया है कि दहेज तभी खत्म होगा, जब हम इसे रिवाज नहीं बल्कि बुराई समझकर खुले मन से इसका विरोध करेंगे।

## दिल्लीवालों पर भारी नवंबरः बिन बारिश विषैली हवा ने 16 दिन लगातार 'बहुत खराब' AQI का बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** नवंबर में पड़े 'सूखे' ने माह की वायु गुणवत्ता को 11 वर्षों में सर्वाधिक प्रदूषित बना दिया है। शनिवार तक माह के 29 दिनों के दौरान हर रोज ही एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 'खराब', 'बहुत खराब' या 'गंभीर' श्रेणी में रहा है। शनिवार को लगातार 16 दिन भी दिल्ली का एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में ही दर्ज किया गया। वर्ष 2015 से लेकर 2025 के दौरान लगातार इतने दिनों तक 'बहुत खराब' श्रेणी बने रहने का भी एक नया रिकार्ड बन गया है। रविवार को 17वें दिन भी यह सिलसिला जारह रहने का पूर्वानुमान है। इस साल नवंबर में एक भी दिन वर्षा नहीं हुई। दिल्ली वासी पूरे माह ही प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर रहे। 'अच्छी', 'संतोषजनक' और 'मध्यम' श्रेणी के एक्यूआई वाला एक भी दिन नहीं रहा। 'गंभीर' श्रेणी वाले दिन कुछ कम जरूर हो गए, लेकिन 'बहुत खराब' श्रेणी वाले दिन 11 वर्षों में सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। अब यह बात अलग है कि माह का औसत एक्यूआई इन 11 सालों का सर्वाधिक नहीं रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### उर्वरक विक्रेताओं पर प्रशासन की कड़ी नजर, 12 दुकानों का निरीक्षण- 3 सहकारी समितियों को नोटिस




**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देशों एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के सख्त आदेशों के तहत जनपद में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए शुक्रवार को तीनों तहसीलों में गठित विशेष टीमों ने थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान टीमों ने दुकानों पर उपलब्ध रजिस्टर, रेट लिस्ट, स्टॉक विवरण, लाइसेंस तथा बिक्री-वितरण पंजिका का बारीकी से सत्यापन किया।जिले में कुल 12 उर्वरक दुकानों एवं सहकारी समितियों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से 4 उर्वरक नमूने प्रयोगशाला जांच हेतु संकलित किए गए। जांच के दौरान कई स्थानों पर अनियमितताएं पाई गई, जिसके आधार पर प्रशासन ने 3 सहकारी समितियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने स्पष्ट किया कि किसानों को समय पर और निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जमाखोरी, कालाबाजारी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने यह भी जानकारी दी कि ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और दोषी पाए जाने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि यदि कहीं अधिक कीमत वसूली या स्टॉक छिपाने जैसी शिकायत मिले तो तुरंत अधिकारियों को अवगत कराएं।

## तीन मदरसों के प्रधानाध्यापक, दो शिक्षक और एक बाबू निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** मिड-डे मील (एमडीएम) घोटाले में तीन मदरसों के प्रधानाध्यापकों के साथ दो शिक्षकों और एक बाबू को निलंबित किया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य ने बताया कि एमडीएम घपले में तीनों मदरसों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के नाम शामिल हैं। इसी के चलते कार्रवाई की गई है। साथ ही तीनों मदरसों की जांच की जा रही है। जिन पर कार्रवाई हुई है उनमें मदरसा आयशा सिद्दीकी की प्रधानाचार्य परवीन फातिमा, मदरसा दारुल उलूम फारूखिया मध्य नगर के प्रधानाचार्य गुलाम गौसूलवारा, उसी मदरसे में सहायक अध्यापक नुरुल हुदा खान और वकील अहमद शामिल हैं। इसके अलावा मदरसा फज्ले रहमानिया के प्रधानाचार्य नरूला हासन खान और उसी संस्थान के परिचारक (बाबू) तौहीद को भी निलंबित कर दिया गया है।

एमडीएम सामग्री की खरीद, वितरण और उपभोग के मद में गड़बड़ी, भोज्य पदार्थों की गुणवत्ता में कमी और अभिलेखों में हेरफेर जैसे कई गंभीर बिंदुओं का विभागीय स्तर पर संज्ञान लिया गया। जांच टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।



40 आरोपियों की तलाश : घोटाले के 40 नामित आरोपियों को पकड़ने के लिए आठ पुलिस टीमें लगातार छापा मार रही हैं। नगर कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में टीमें कई स्थानों पर दबिश दे चुकी हैं, वहीं संदिग्धों से पूछताछ का सिलसिला जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ आरोपी जिले से बाहर भागने की फिराक में थे, जिन पर निगरानी बढ़ा दी गई है। वहीं, विभागीय सूत्रों के मुताबिक दो दिनों में कई स्थानों पर छापा मारकर करीब आठ लोगों से पूछताछ की जा रही है। अभी पूछताछ में शामिल लोगों के घोटाले से जुड़े होने की पुष्टि नहीं की गई है। जांच का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस ने बीएसए कार्यालय से 2016 से अब तक का पूरा ब्योरा मांगा है।

## केंद्र के नए लेबर कोड पर भड़की शिवसेना (UBT), अरविंद सावंत बोले- खत्म हो जाएंगे मजदूरों के अधिकार

**● शिवसेना (UBT) से पहले कांग्रेस ने भी श्रम कानूनों के विरोध में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही लागू चार श्रम कानूनों को तत्काल वापस लिया जाए क्योंकि ये मजदूर विरोधी होने के साथ बंधुआ मजदूरी को बढ़ावा देने वाली हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

केंद्र सरकार की ओर लागू किए गए चार श्रम कानूनों का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है. कांग्रेस ने जहां इसे वापस लेने की मांग कर रही है तो वहीं शिवसेना (UBT) भी इसके विरोध में है. उद्धव ठाकरे की शिवसेना का कहना है कि केंद्र के नए श्रम कानून मजदूरों के अधिकार को खत्म कर देंगे. इस वजह से अनिश्चितता की स्थिति बनी रहेगी।

शिवसेना (BT) के सांसद अरविंद सावंत ने आज शनिवार को केंद्र के चार नए लेबर कोड को लागू करने की आलोचना करते हुए कहा कि ये मजदूरों के अधिकार खत्म कर देंगे और ये अनिश्चितता पैदा करेंगे. शिवसेना (UBT) वर्कर्स विंग के प्रमुख सावंत ने केंद्र सरकार पर कैपिटलिस्ट और अमीरों के साथ मिलने का आरोप लगाया।

**नए कोड को कोर्ट में चुनौती देंगेः सावंत**

उन्होंने कहा कि कानून ने हर चीज को निश्चितता से अनिश्चितता में बदल कर रख दिया है. साथ ही यह कहा कि नए कोड को कोर्ट में चुनौती भी दी जाएगी।

केंद्र सरकार ने इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020, द ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ कोड 2020, सोशल सिक्योरिटी कोड 2020, और कोड ऑन वेजेज 2019 को नोटिफाई किया है, और ये कानून साल 2020 से ही पेंडिंग थे, और इसमें कई बड़े सुधार किए गए हैं।

**MVA सरकार के समय भी किया था विरोधः सावंत**

सावंत ने नए कोड पर निराशा जाहिर करते हुए कहा, 'ये कोड मजदूरों की जिंदगी बर्बाद कर देंगे और उन्हें कोई खास अधिकार भी नहीं देंगे. भारतीय कामगार सेना इन कनूनों को लागू करने का विरोध करेगी.' उन्होंने कहा कि पहले के कानून के तहत, 100 मजदूरों को काम पर रखने वाले किसी भी फैक्ट्री मालिक को अपनी यूनिट बंद करने के लिए राज्य सरकार से इजाजत लेनी पड़ती थी, लेकिन नए कोड ने यह संख्या बढ़ाकर 300 तक कर दी गई है।




शिवसेना नेता सावंत ने आगे कहा कि जब उद्धव ठाकरे की महा विकास अघाड़ी (MVA) सरकार सत्ता में थी, तो उन्होंने राज्य में इन कोड को लागू करने के किसी भी कदम का कड़ा विरोध जताया था।

**श्रम कानून वापस लिए जाएंः कांग्रेस**

इससे पहले कांग्रेस ने भी श्रम कानूनों के विरोध में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही लागू चार श्रम कानूनों को तत्काल वापस लिया जाए क्योंकि ये मजदूर विरोधी होने के साथ बंधुआ मजदूरी को बढ़ावा देने वाली हैं. पार्टी के असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उदित राज ने दावा किया कि सरकार ने एक झटके में उन सभी कानूनों की हत्या कर दी, जो पहले से मजदूरों के हित में मौजूद थे।

केंद्र सरकार ने पिछले हफ्ते चार कोड लागू किए, जिसमें सभी के लिए समय पर मिनिमम वेज और यूनिवर्सल सोशल सिक्योरिटी जैसे मजदूरों के लिए सुधारवादी व्यवस्था की गई पेश किए गए. नए कानूनों में काम के घंटे बढ़ाने और ज्यादा फिक्स्ड-टर्म रोजगार से जुड़े नियम शामिल किए गए हैं. इन कोड के जरिए 29 बिखरे कानूनों को एक साथ लाया गया है।

# पिता की जायदाद में छोटे भाई का हिस्सा छीन रहे बड़े भाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** सात माह से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे एक युवक को दलित महिला से शादी करना पिता की जायदाद में हिस्सा मिलना मुश्किल हो गया है। भाइयों ने स्पष्ट कह दिया है कि पत्नी को छोड़कर आओगे तो भाई की तरह घर में दर्जा मिलेगा अन्यथा कहीं भी रहो किसी भी कीमत पर घर में घुसने नहीं देंगे। रहीमाबाद थाने से भगाने के बाद थका हारा पीड़ित परिवार शनिवार को एसीपी कार्यालय के बाहर न्याय के लिए धरने पर बैठ गया तो पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर धरने पर बैठने नहीं दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि न्याय न मिलने तक शांत नहीं बैठेंगे।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोसवा दिलावर नगर गांव के स्वर्गीय रामेश्वर गुप्ता के चार बेटे श्याम गुप्ता, राम गुप्ता, गोपाल गुप्ता, हरिओम गुप्ता हैं। सारे लोगों की शादी हो चुकी है। वहीं हरिओम गुप्ता ने रावत समाज की दलित महिला से प्रेम विवाह कर लिया था। पिता के जीवित रहते हरिओम गुप्ता अपनी पत्नी के साथ घर आते जाते थे। माता पिता की मौत के बाद सात माह पूर्व जब हरिओम गुप्ता अपनी पत्नी शशि और पांच साल के बेटे स्नेह के साथ घर पहुंचा तो तीनों भाइयों ने गेट बंद कर घर का रास्ता रोक लिया। हरिओम गुप्ता के मुताबिक स्पष्ट शब्दों में भाइयों ने कहा पासी समाज में शादी करने के कारण तुम्हे घर के अंदर नहीं रहने देंगे। पीड़ित ने इस समस्या के बाद थाना रहीमाबाद पर लिखित शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

**थाने से भगाने के आरोप के बाद धरने पर बैठा परिवार**

पीड़ित परिवार जब थाना रहीमाबाद पहुंचा तो उसने यह आरोप लगाया था कि उसे थाने से उसकी बिना समस्या का समाधान किए उसे भगा दिया गया था। न्याय न मिलता देख दर दर की ठोकरे खाने के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस कमिश्नर लखनऊ, डीएम लखनऊ, एसडीएम मलिहाबाद, एसीपी मलिहाबाद को डाक के माध्यम से बीते 25 नवंबर को एसीपी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देने का पत्र भेजा था। धरने की जानकारी उच्च अधिकारियों को होने के बाद मामले की जांच इंस्पेक्टर मलिहाबाद को सौंप दी गई। उन्होंने पीड़ित परिवार को फोन कर मामले के समाधान को चार दिन में निपटाने का आश्वासन देकर धरने पर बैठने से रोका था। पीड़ित परिवार ने भी चार दिन धरना नहीं दिया। लेकिन चार दिन में भी न्याय न मिलने के कारण 29 नवंबर को पीड़ित परिवार एसीपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गया। धरने की भनक लगते ही पुलिस ने धरना रुकवाया और फिर आश्वासन देना शुरू कर दिया। जिसमें पीड़ित परिवार ने यही कहा कि जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा वह शांत नहीं बैठेगा।



**धरना देने पर मुकदमा लिखने की चेतावनी**

जिस समय पीड़ित परिवार धरना देने पहुंचा उसके बाद एसीपी मलिहाबाद ने हरिओम गुप्ता, उसकी पत्नी शशि से यह कहा कि अगर यहां धरने पर बैठ गए तो तुम लोगों के खिलाफ मजबूरन मुझे मुकदमा दर्ज करना पड़ेगा। उन्होंने इस पूरे मामले में पीड़ित परिवार को न्यायालय की शरण लेने की सलाह दी है।

## लकड़ी माफिया फिर सक्रिय, हरे नीम के पेड़ों की कटाई से ग्रामीण चिंतित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :-** कुरारा विकास क्षेत्र के पतारा गांव में लकड़ी माफिया एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। ये माफिया किसानों से हरे पेड़ खरीदकर उनकी कटाई करवा रहे हैं और भारी मुनाफे पर उन्हें बेच रहे हैं। जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि ग्रामीणों में भी रोष बढ़ रहा है। पूर्व में हमीरपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने लकड़ी माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की थी। उनके निर्देश पर कई लकड़ी के थोक खरीददारों के टाल सील कराए गए थे। इसके बाद स्थिति कुछ समय के लिए नियंत्रण में रही, लेकिन अब धीरे-धीरे यह अवैध गतिविधि दोबारा बढ़ने लगी है। क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी रामकिशोर, कामता, शिवनारायण व पतारा गांव के महेंद्र और रामस्वरूप सहित कई ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरे नीम के पेड़ काट रहे हैं। उनकी मानें तो कार्रवाई न होने के कारण इनके हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। नीम के पेड़ों की बिना रोक-टोक कटाई से क्षेत्र में उनकी संख्या तेजी से घट रही है, जो पर्यावरण और ग्राम की हरियाली के लिए गंभीर खतरा है।



इस संबंध में जिला वन अधिकारी अनिल श्रीवास्तव से बात की गई। उन्होंने बताया कि मामला अब तक उनके संज्ञान में नहीं था, लेकिन यदि ऐसा हो रहा है तो विभाग द्वारा जांच करवाई जाएगी। दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### शादी के पाँच दिन बाद उजड़ गया सुहाग शादी की ग़म में बदल गई केसे होगी जीवन की नैया पर



**बस्ती।** बस्ती जिले के खुशियों के बीच शुरू हुई नई जिंदगी महज पांच दिन बाद गमों में डूब गई। कुसमौर निवासी 26 वर्षीय राहुल चौहान की शादी 23 नवंबर को मऊ जिले की शिंकी चौहान से हुई थी। बृहस्पतिवार देर रात वह मौसी को छोड़कर लौट रहा था, तभी कलवारी क्षेत्र के छरदही के पास तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहुल परिवार का कमाऊ सदस्य था और टाइल्स लगाने का काम करता था। हादसे की खबर मिलते ही ससुराल और मायके दोनों जगह कोहराम मच गया। शादी की मेहंदी भी पूरी तरह नहीं उतरी थी कि शिंकी हमेशा के लिए विधवा बन गई। 96 घंटे में खुशियों से दर्द में बदली यह खबर सुनकर वह बेहोश हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

### जिले की सबसे बड़ी तहसील हरैया को जिला बनाने की उठी मांग



**बस्ती–** उत्तर प्रदेश की बस्ती जिले की सबसे बड़ी तहसील, हरैया तहसील को जिला बनाने के लिए 'बार एसोसिएशन हरैया' ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार हरैया अभय राज को दिया और उनसे माग की अगले सत्र में हरैया को जिला बनाया जाये और ग्रामीण की माग को पूरा किया जाए के माध्यम से यह निर्णय किया गया कि जब तक हरैया तहसील को शासन द्वारा जिला नहीं बनाया जाता है तब तक बार एसोसिएशन हरैया के सम्मानित अधिवक्तागण प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।ज्ञापन देने में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट उमाकांत त्रिपाठी, महामंत्री एडवोकेट अमरनाथ पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, एडवोकेट जसवंत सिंह, एडवोकेट सौरभ सिंह, एडवोकेट पवन वर्मा, एडवोकेट अरविंद सिंह, एडवोकेट अनंत वर्मा, एडवोकेट दीनदयाल दुबे सहित तमाम अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### 40 दुकान व घरों से हटवाया गया अतिक्रमण



**बलरामपुर।** वीर विनय चौराहा से रानी धर्मशाला तक प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। लंबे समय से सड़क के दोनों ओर जमे अवैध कब्जों के चलते मार्ग सकरा हो गया था, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। अधिकारियों ने अभियान चलाकर लगभग 40 दुकानों और घरों के बढ़े हुए हिस्सों को हटाया और सड़क को खाली कराया। कार्रवाई नेशनल हाईवे लखनऊ के जेई वेद प्रकाश की निगरानी में की गई। टीम ने सड़क पर बने अस्थायी शेड, दुकानों के आगे रखे गए सामान, बढ़ाए गए प्लेटफॉर्म और कब्जे वाले ढांचों को मशीनों की मदद से तोड़ दिया। कई दुकानदारों ने सहयोग करते हुए अपने अतिक्रमण खुद हटा लिए। नगर पालिका की टीम भी अभियान के दौरान मुस्तैदी से डटी रही। मौके पर जेई धर्मेंद्र, सफाई इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार पांडेय, आरआई राजेश कुमार तथा पालिका कर्मियों की टीम उपस्थित रही। उन्होंने कब्जे हटाने के बाद सड़क के किनारों की सफाई की और मार्ग को सुचारू यातायात के लिए तैयार कराया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सड़क को चौड़ा करने और लोगों को जाम से राहत देने के उद्देश्य से की गई है। विदित हो कि गत 25 नवंबर को प्रशासन ने सड़क के दोनों तरफ 12-12 मीटर पर निशान लगाकर लोगों से अतिक्रमण हटाने की अपील की थी।

# बस्ती जनपद में ब्लैकमेलिंग के डर से मरीजों को नहीं भर्ती ले रहे अस्पताल, बढ़ती मौतें बनी चिन्ता का विषय

### ●ब्लैकमेलिंग न रुकी तो भविष्य में स्थिति और भयावह होने के संकेत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती–** बस्ती जिले सरकारी अस्पताल में होने वाली मौतों पर चल रही ब्लैकमेलिंग के डर से निजी व सरकारी अस्पताल प्रशासन क्रिटिकल मरीजों को अपने यहाँ भर्ती नही ले रहे हैं और मरीजों को प्राइमरी ट्रीटमेंट न मिलने से मौतों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है जो भविष्य के भयावह स्थिति का स्पष्ट संकेत है । प्राप्त समाचार के अनुसार अस्पतालों में होने वाली मौतों से लगातार ब्लैकमेलिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं जिससे खिन्न अस्पतालों के जिम्मेदार क्रिटिकल मरीजों को अपने यहाँ भर्ती नहीं कर रहे और और अधिकतर मरीजों की मौत प्राइमरी ट्रीटमेंट के अभाव में हो जा रही है । अस्पताल संचालकों के मन में यह खौफ कायदे से बस गया है कि यदि हमारे अस्पताल में किसी मरीज की मौत हो गयी तो परिजन मौत का ठीकरा अस्पताल प्रशासन के सिर फोड़कर ब्लैकमेलिंग करते हुए लाखों की फिरौती माँगेगे । हलाँकि अस्पताल प्रशासन वाले भी एकदम दूध से धुले नहीं हैं, कभी - कभी मौतों का जिम्मेदार सीधा अस्पताल प्रशासन ही होता है । यहाँ आवश्यकता इस बात की है कि अस्पताल में जो मौते हो रही हैं उसकी जाँच बारीके से बहुस्तरीय होनी चाहिए और कार्यवाही दोषी के ऊपर जरूर हो जिससे मौत की भ्रान्तियों से उत्पन्न वर्तमान समस्याओं का निराकरण प्रभावी तरीके से हो साथ ही साथ अस्पताल प्रशासन व मरीजों के बीच मधुर सम्बन्ध भी बना रहे रहे । प्रकरण की जमीनी हकीकत जानने हेतु जब संवाददाता ने अस्पताल संचालकों से बात किया तो दर्जनों संचालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वर्तमान में मौत के प्रकरणों में परिजनों द्वारा ब्लैकमेलिंग की घटनाएं हो रही हैं जिसके कारण अस्पताल प्रशासन क्रिटिकल मरीजों को भर्ती नहीं लेते और प्राइमरी ट्रीटमेंट के अभाव में ही तमाम मरीज दम तोड़ दे रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का रेल लाइन के पास मिला शव

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ परसा रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम कोरीडिहा के पास शनिवार की दोपहर रेलवे लाइन के पास एक युवक का शव बरामद हुआ।जेब से बरामद नेपाल आई कार्ड के अनुसार मृतक घनश्याम कोरी पुत्र मुन्नवारी कोरी उम्र 40 वर्ष ग्राम पकड़ी जिला कपिलवस्तु नेपाल का रहने वाला है।वह पैंट शर्ट व जाकेट पहने हुआ था।उसके शरीर पर कहीं कटे व चोट का निशान नहीं था।शव को देख ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि किसी ने युवक को मारकर रेल लाइन के पास फेंक गया हो। ग्रामीणों ने रेल लाइन के पास शव देख स्टेशन अधीक्षक व शोहरतगढ़ पुलिस को घटना की जानकारी दी।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबन्ध में थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम कोरीडिहा के पास रेल लाइन के समीप एक युवक का शव बरामद हुआ है।शव का पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस में रखा जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## विकासखंड सल्टौआ के पचानू समिति में भ्रष्टाचार चरम पर, किसान परेशान सचिव मनमानी पर उतारू

### ●खाद के नाम पर खुलेआम लूटः 265 का खाद 280-290 में! संरक्षण किसका मिल रहा है?




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती–** विकासखंड सल्टौआ के पचानू समिति पर किसानों का शोषण लगातार बढ़ता जा रहा है। समिति के सचिव की मनमानी इस कदर हावी है कि किसानों को बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि सचिव कभी कह देते है आपका नाम इस समिति में नहीं है, दूसरी समिति पर जाइए ', जबकि बड़े और जान-पहचान वाले को किसी भी ग्राम पंचायत का होने पर तुरंत दिया जा रहा है। कई किसानों ने यह भी खुलासा किया कि 265 रुपये की खाद 280 और 290 रुपये में खुलेआम बेची जा रही है, जिससे स्पष्ट है कि समिति में लूट का खेल बेरोक-टोक चल रहा है। किसानों के मुताबिक, यह सब किसी मजबूत संरक्षण में ही फल-फूल रहा है, वरना इतनी बड़ी धांधली संभव ही नहीं। अब बड़ा सवाल यह है कि–पचानू समिति में चल रही इस खुले भ्रष्टाचार पर सक्षम अधिकारी कब एक्शन लेंगे? किसानों का धैर्य जवाब दे रहा है और क्षेत्र में चर्चा का विषय यही है कि आखिर किसकी छत्रछाया में यह मनमानी जारी है। स्थानीय किसानों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि पचानू समिति पर तत्काल जांच बैठाई जाए और जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों के साथ हो रहे अत्याचार पर रोक लग सके।

# एक ओर नन्ही परी का हुआ आगमन, दूसरी ओर जवान बेटा खो दिया, संवेदनाओं का लगा तांता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती–** बस्ती जिले के रुधौली नगर पंचायत में एक अनोखा घटना सामने आयी जिसमें एक परिवार में खुशी का माहौल के बीच मातम छह गया कई बार भगवान खुशी और ग़म एक साथ देता है। आदमी न तो खुशी का इजहार कर पाता और न ही फूटकर रो सकता है। ऐसा ही एक मामला रूधौली थाना क्षेत्र के तेलौरा गांव का प्रकाश में आया है। यहां एक युवती ने बस्ती के एक निजी अस्पताल में मासूम बच्ची को जन्म दिया। परिवार के लोग इस नन्ही परी का स्वागत करने में व्यस्त थे कि शाम को इसी युवती ने अपने भाई को मार्ग दुर्घटना मे खो दिया।

थाना क्षेत्र के तेलौरा गांव निवासी अनिल यादव 22 वर्ष पुत्र राम केवल की शाम लगभग 7 बजे अज्ञात ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। अनिल किसी कार्य से पड़री गए हुए थे। वापस घर लौटते समय रास्ते में एक अज्ञात ट्राली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से अनिल को एक प्राइवेट वाहन से अस्पताल ले जाया गया। वहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृ'त घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। अनिल के पिता खेती किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अनिल करीब 15 दिन पहले ही घर आया था। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। माँ इंद्रवती देवी व एक बहन का रो रोकर बुरा हाल है। वंही दूसरी तरफ बहन ने एक बच्ची को जन्म दिया जहां एक तरफ खुशी वही दूसरी तरफ भाई क़ी मौत हो जाने से मातम पसर गया। जानकारी मिलते ही पूरा गाँव संवेदना व्यक्त करने के लिये उमड़ पड़ा। रुधौली थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## छुट्टा पशुओं और नीलगाय से किसाने की फसल हो रही बर्बाद

### ●गौशाला भी नहीं दे पा रहे किसानों को राहत, दिन रात किसानों को करनी पड़ रही खेतों की रखवाली फिर भी नहीं बचा पा रहे फसल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** छुट्टा पशुओं और नीलगाय के आतंक से किसान परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों की फसल बर्बाद होती नजर आ रही है, किसानों का कहना है की जगह-जगह पर खुली गौशालाओं के बावजूद खेत और खलिहान में छुट्टा पशु फसलों को चट कर जा रहे हैं और बर्बाद किए दे रहे हैं। विकासखंड के अंतर्गत कई ग्राम सभाओं में नीलगाय व छुट्टा पशु का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि दिन-रात रखवाली के बाद भी किसान अपनी फसल को नहीं बचा पा रहे हैं। क्षेत्र से जहां तिलहन और दलहन की फसल गायब हो चुका है वहीं गेहूं सरसों की फसल बचाना किसानों के लिए भारी पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि दिन-रात रखवाली करने के बाद भी जरा सा चूक जाओ तो छुट्टा पशु और नीलगाय फसल को चट कर जाते हैं। जहां सरकार की मंशा किसानों की आमदनी दुगनी करनी है वहीं किसानों को अपनी लागत बचा पाना भी कठिन नजर आ रहा है। जबकि छुट्टा पशुओं के लिए गौवंश के संरक्षण के लिए जगह-जगह पर स्थाई और अस्थाई गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। उसके बावजूद लापरवाही के चलते जहां छुट्टा पशु फसलों को चट कर रहे हैं वही नीलगाय का आतंक सबसे ज्यादा किसानों को बर्बाद कर रहा है 15 से 20 नीलगाय के झुंड किसी भी खेत में पहुंच जाते हैं और देखते ही देखते पूरी फसल को बर्बाद कर देते हैं। ऐसे में किसान बेहद परेशान नजर आ रहे हैं जहां समृद्ध किसान खेतों की वेरीकेटिंग करके फसल बचा ले जाते हैं वहीं छोटे और मझोले किसान अपनी फसल नहीं बचा पा रहे हैं। जिससे उनकी आमदनी दोगुनी की बात तो दूर लागत निकाल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

## महिला के गर्भाशय से निकाला पांच किलो का ट्यूमर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिला मेमोरियल अस्पताल में सर्जन ने एक महिला का सफल ऑपरेशन कर गर्भाशय से पांच किलो का ट्यूमर निकाला है। अब महिला अब पूरी तरह स्वस्थ है। जिला अस्पताल में पहली बार ऐसी सर्जरी की गई है। वहीं, महज एक रुपये के पर्चे पर सफल ऑपरेशन से मरीज के परिजन भी खुश हैं। सदर ब्लॉक के बेलहा निवासी दयाशंकर दूबे ने बताया कि उनकी पत्नी नीलम दूबे (42) काफी दिनों से बीमार थीं। नीलम के पेट और पेडू में भी काफी दर्द होता था। उन्हें करीब छह महीने से बीच-बीच में रक्तश्राव और मवाद भी आ रहा था। पति दयाशंकर ने बताया कि नीलम को कई चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन आराम नहीं हुआ।

कुछ दिन पहले जिला मेमोरियल अस्पताल के सर्जन डॉ. बृजेश यादव से परामर्श लिया। उन्होंने जांचें कराई तो गर्भाशय में ट्यूमर की पुष्टि हुई। इसके बाद डॉक्टर ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी। 28 नवंबर की सुबह सर्जन ने नीलम का ऑपरेशन करके गर्भाशय से पांच किलो का ट्यूमर निकाला है। महिला के सफल ऑपरेशन से परिजन खुश हैं। पति दयाशंकर का कहना है कि निजी अस्पताल में इसके लिए लाखों रुपये खर्च होते। सर्जन डॉ. बृजेश यादव ने बताया कि शुरुआती जांच में नीलम के गर्भाशय में गांठ महसूस हो रही थी। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में ट्यूमर की बात सामने आई। शुक्रवार को निश्चेतक डॉ. प्रमोद विजय, ओटी टेक्निशियन अखिलेश रावत, महताब खान, इंद्रजीत व संतलाल के साथ नीलम का ऑपरेशन करके ट्यूमर निकाल दिया है। अब वह स्वस्थ है। वार्ड में भर्ती कर सेहत की निगरानी की जा रही है। जिला मेमोरियल अस्पताल के सीएमएस डॉ. शारदा रंजन ने सर्जन व ओटी स्टाफ को बधाई दी है।

### यातायात माह के तहत सख्त चेकिंग, 125 चालान, 5 वाहन सीज

**देवरिया।** यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने कई प्रमुख स्थानों गोरखपुर ओवरब्रिज, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड, बस स्टैंड पर चेकिंग कर बिना हेलमेट, गलत नंबर प्लेट, स्टंट, तीन सवारी और अवैध रूप से सवारी भरने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 125 ई-चालान व 5 वाहन सीज किया। इसके साथ ही स्प्रिंग साइन एकेडमी में छात्रों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा NCC छात्रों ने सुभाष चौक पर यातायात संचालन में सहयोग किया। मोतीलाल रोड तिराहा पर अतिक्रमन भी हटाया गया।

## बस्ती में बारात को लेकर हंगामा, मुस्लिम युवक की हिंदू युवती से शादी पर विवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक मुस्लिम युवक साजिद की बारात हरिजन परिवार की युवती के घर पहुंचते ही गांव में हंगामा खड़ा हो गया। बारात में विशेष समुदाय के लोगों को देखकर ग्रामीण हैरान रह गए। इसी बीच गांव के ही एक व्यक्ति ने मामले की सूचना हिंदू संगठनों को दे दी, जिसके बाद संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और लव जिहाद का आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। विवाद बढ़ते ही गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराने के लिए दूल्हे साजिद सहित करीब आधा दर्जन बारातियों को थाने ले आई। जांच में सामने आया कि युवक और युवती की मुलाकात करीब एक वर्ष पहले रिश्तेदारी के दौरान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और परिवारों की सहमति से शादी तय की गई थी। परशुरामपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बालिग हैं और अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। गांव में इस घटना को लेकर चर्चाओं का माहौल गर्म है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## पंख पोर्टल करियर गाइडेंस एवं रोजगार मेले का हुआ सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती–** बस्ती जिले में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बस्ती एवं राजकीय कन्या उ.मा. विद्यालय खखुवा बस्ती मे संयुक्त तत्वावधान द्वारा पंख पोर्टल करियर गाइडेंस एवं रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अन्य आए हुए प्रतिभागी अभ्यर्थियों का कैरियर गाइडेंस देना एवं उनके रुचि के अनुसार शैक्षिक उन्नति प्रदान किया जाना था। साथ ही रोजगार परक जानकारी के साथ ही क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा आमंत्रित निजी कंपनियो ने इंटर पास अभ्यर्थियों को कमाई के साथ मेट्रोनिक्स में डिप्लोमा कोर्सेज कराए जाने आई हुई थी। मुख्य अतिथि अवधेन्द्र प्रताप वर्मा जिला सेवायोजन अधिकारी बस्ती एवं उदयभान सिंह प्रधानाध्यापक पंख के जिला नोडल अधिकारी, डॉक्टर अर्पणा भारद्वाज प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज व प्रधानाचार्या श्रीमती संधिला चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा नृत्य कला संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने बच्चों को उनके भीतर छुपे हुए सामान्य तार्किक विश्लेषण की खोज करने व उनके रुचि के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों व तकनीकी ज्ञान हासिल कर कैसे सफलता प्राप्त की जाए इस विषय पर विस्तार से अवगत कराया। उदयभान सिंह प्रधानाचार्य राजकीय उ0 माध्यमिक विद्यालय खलीलपट्टी ने करियर गाइडेंस के बारे में बच्चों को विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संवारी देवी सहायक अध्यापिका ने किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती संघिला चौधरी ने सभी मुख्य अतिथियों एवं आगंतुकगणो एवं कंपनी के एच.आर का स्वागत अभिनंदन किया, व बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर श्रीमती सविता सिंह, श्रीमती संघ लता गौतम, डॉ0 आराधना, श्रीमती श्रद्धा सिंह, ओम प्रकाश दीनानाथ प्रजापति लिपिक, सुनील कुमार पांडे, ग्राम प्रधान खखुवा, प्रमोद कुमार प्लेसमेंट प्रभारी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बस्ती पंकज कुमार श्रीवास्तव अनुदेशक, राकेश राय आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक की, अधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

### ●गौआश्रय स्थलों पर अब सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी, व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु डीएम ने दिया निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर–** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन विभाग, पंचायत विभाग एवं संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के सभी गौआश्रय स्थलों पर रहने वाली गौवंशों की उचित देखभाल प्राथमिकता है, इसलिए हरा चारा, पानी, चिकित्सा सुविधा, ठंड से बचाव एवं स्वच्छता की स्थिति सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक होनी चाहिए।उन्होंने निर्देशित किया कि गौवंशों के लिए चारे की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी आश्रय स्थल पर चारे की कमी न होने पाए। साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, फॉगिंग एवं नियमित सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौआश्रय स्थलों की निगरानी और पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे व्यवस्थाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कैमरों की रिकॉर्डिंग नियमित रूप से चेक की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पशु चिकित्सालयों की बेहतर स्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से अस्पताल में उपस्थित रहें तथा मरीजों और पशुपालकों को समय पर उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि दवाइयों, टीकों एवं आवश्यक उपकरणों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रहे। यदि कहीं कमी हो तो विभाग तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने कहा कि गौआश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए और निरीक्षण की रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 101 बेसहारा कन्याओं को मिला राजेश मसाला का सहारा

### ●एक करोड़ 52 लाख 51 हजार की धनराशि का चेक 101 कन्याओं में वितरित

### ऐतिहासिक बहूभोज समारोह में सांसद, पूर्व सांसद,विधायक, मंत्रियों, उद्योगपतियों सहित क्षेत्र के कई हजार लोग हुए शामिल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिला पंचायत अध्यक्ष व देश के अग्रणी उद्योगपतियों में शुमार राजेश अग्रहरी द्वारा आयोजित बहूभोज समारोह में 101 बेसहारा कन्याओं को विवाह के लिए 151000 रुपए का चेक दिया गया। 101 महिलाओं में कुल एक करोड़ 52 लाख 51 हजार रुपयों का चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति, प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधायक राकेश प्रताप सिंह, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, सहित कई राजनीतिक हस्तियों और भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित हुए। अमेठी के राजेश मसाला फैक्ट्री में आयोजित समारोह के दौरान राजेश अग्रहरी ने 101 बेसहारा और अनाथ कन्याओं के विवाह हेतु प्रत्येक कन्या के लिए 151000 रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया, यह राशि कन्याओं के विवाह के पूर्व उनके खाते में अंतरित हो जाएगी। उन्होंने कहा अब तक मेरी दो बेटियां थी लेकिन आज से मेरी 103 बेटियां हो गई हैं मैं केवल विवाह के लिए आर्थिक सहायता नहीं दे रहा बल्कि उनके जीवन भर होने वाली जरूरतों की पूर्ति भी करता रहूंगा। कार्यक्रम में उपस्थित मंत्रियों और नेताओं सहित आम जनमानस ने उनके इस सामाजिक कार्य की प्रशंसा की, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि समाज के प्रति इस तरह की संवेदनशीलता प्रेरणादायक है और इससे बेसरा कन्याओं के नए जीवन को दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह, एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी शैलेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, सगरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज, उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, व्यापार मंडल शुकुल बाजार के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, दिनेश कौशल, सहित क्षेत्र के हजारों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वही विवाह के लिए चेक पाकर भाव विभोर हुई बेटियां, उन्होंने कहा कि ना मेरी मां है, और ना ही पिता दोनों स्वर्गवासी हो गए हैं राजेश अंकल ने मेरी शादी का जिम्मा उठाया यह मेरे लिए पिता की तरह है यह फ़िक्र केवल एक पिता ही कर सकता है, यह कहते ही बेटियों की आंखों से आंसू छलक उठा । जाहिर सी बात है की शादी योग्य हो रही इन बच्चियों के अभिभावकों को उनकी शादी की चिंता सता रही होगी लेकिन राजेश मसाला फैक्ट्री परिसर में बज रही शहनाई उनके जीवन में भी संगीत घोल रही थी। मौका था जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रतिष्ठित मसाला व्यवसाय राजेश अग्रहरि के बहू आगमन पर आयोजित प्रीतिभोज का फैक्ट्री परिसर के बगल ही हिंदुस्तान के कोने-कोने से चुनिंदा व्यंजनों के स्टाल लगे हुए थे कार्यक्रम में बड़ी-बड़ी राजनैतिक हस्तियां मौजूद थी। लेकिन सबके बीच राजेश मसाला आम नागरिक से भी इस आत्मिकता के साथ भेंट कर रहे थे जिस आत्मियता के साथ राजनैतिक हस्तियों से भेंट कर रहे थे। यह उनकी सरलता, सहजता और सादगी का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूरे जनपद में दानवीर के नाम से मशहूर राजेश अग्रहरी द्वारा हमेशा ही जरूरतमंदों की सहायता की जाती है तथा धार्मिक सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई जाती है। उनके द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना पूरे देश में हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### समय से सत्यापन पूरा करने पर बीएलओ सम्मानित



**लालगंज (रायबरेली)।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरेनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नरसिंहपुर गांव के बूथ संख्या बूथ संख्या 213 के बीएलओ ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य समय से पूरा कर लिया। बीएलओ सुनील कुमार को 1057 गणना पत्रक दिए गए थे जिनके सापेक्ष 984 मतदाताओं के सत्यापन और डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा किया गया। जिसमें 73 मतदाताओं को एएसडी घोषित किया गया। बीएलओ के उत्कृष्ट कार्य के लिए बीडीओ गगदीप सिंह ने उन्हें सम्मानित किया।

### अधिवक्ता की बाइक कोतवाली के सामने से चोरी,

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली परिसर के सामने खड़ी अधिवक्ता की बाइक चोरों ने पार कर दी। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आचार्य नगर सूदन खेड़ा मोहल्ला निवासी अधिवक्ता रौनक भदोरिया ने बताया कि बुधवार को वह किसी काम से कोतवाली गए थे। बाइक उनके ससुर मनोज कुमार सिंह के नाम से है। कोतवाली के सामने बाइक खड़ी कर दी। थोड़ी देर बाद वापस आने पर मौके से बाइक गायब मिली। उन्होंने बताया कि उनके परिचित अमन वाजपेई के दरवाजे से उसी दिन बाइक चोरी हो गई। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

### बाराबंकी में तेज रफ्तार से दो कारें खाई में गिरीं, बाइक सवार की मौत; 18 घायल



**बाराबंकी।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की युवक की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हुए हैं। हैदरगढ़ में बाइक सवार की हादसे में मौत हो गई। बडडूपुर के सरैयां मातबर नगर रेलवे क्रासिंग मोड़ के पास कार खाई में जा गिरी, पांच लोग गंभीर हुए। त्रिवेदीगंज और फतेहपुर में 10 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

हैदरगढ़ के दरियाव सिंह पुरवा निवासी पुत्तन सिंह को गुरुवार देर रात एक बाइक सवार ने टक्कर मार दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सीएचसी हैदरगढ़ राम मनोहर लोहिया लखनऊ रेफर कर दिया गया, वहां उनकी मौत हो गई। वहीं, धोबइया के धर्मेंद्र और गौरा निवासी भोले नाथ की बाइक टकरा गई। हादसे में घायल हो गए।

अयोध्या हाईवे के पल्हरी ओवरब्रिज के पास लखपेड़ाबाग निवासी नीरज गुप्ता की कार पुल से नीचे गिर गई, लेकिन जब पुलिस ने जांच की तो पता चला कि सड़क पर ही दूसरे वाहन से भिड़ गई थी। कार सवार घायल हुआ है।

**फतेहपुर:** नगर कोतवाली के बनवा गांव निवासी 65 वर्षीय सैय्यद अपनी बहू हिना, यास्मीन व बेटे कामिल, आदिल के साथ सीतापुर के महमूदाबाद में एक वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इनोवा कार से वापस घर जा रहे थे। तभी गुरुवार रात करीब 11 बजे बड्डूपुर के सरैयां मातबर नगर रेलवे क्रासिंग मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को बाहर निकलवाकर महमूदाबाद सीएचसी पहुंचाया। दूसरी घटना रात करीब 1:30 बजे घटी, जब बरेली से अयोध्या दर्शन करने जा रही अर्टिगा कार का चालक रेलवे क्रासिंग के मोड़ पर पहुंचते ही नियंत्रण खो बैठा। कार खाई में जा गिरी। कार में सवार पांच लोगों को चोटें आईं।

**त्रिवेदीगंज:** लोनीकटरा के दहिला पोखरा मार्ग पर खैरा कनकू गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल हो गए। कोठी के अचकामऊ निवासी सुशील, आशा देवी, प्राची को बाइक से लेकर बड़वल की तरह जा रहे थे। सामने से आ रहे लोनीकटरा के सरांय पांडेय गांव निवासी सर्वेश, भुट्टा की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में सभी घायल हो गए।

# मनरेगा लोकपाल डॉ. आर.आर. जैसवार ने राती में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

● ...पत्रावलियों की विस्तृत जांच के बाद स्थलीय सत्यापन, लोकपाल बोले- 'मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता व गुणवत्ता सर्वोपरि







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** शनिवार को राजधानी लखनऊ के विकास खंड मोहनलालगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत राती में मनरेगा से संबंधित विभिन्न कार्यों का व्यापक निरीक्षण मनरेगा लोकपाल डॉ. आर.आर. जैसवार द्वारा किया गया। उन्होंने सबसे पहले ग्राम पंचायत में उपलब्ध मनरेगा पत्रावलियों, आवासों से संबंधित अभिलेखों तथा विभिन्न विकास कार्यों की दस्तावेजी स्थिति की गहन समीक्षा की। तत्पश्चात उन्होंने संबंधित स्थलों पर पहुंचकर कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया और गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा कार्यों की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया । उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण विकास का एक महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसमें पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही कराए जाएं तथा प्रत्येक चरण में पूरी ईमानदारी और शुचिता बनाए रखें।

निरीक्षण के दौरान डॉ. जैसवार ने बताया कि 'मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दस्तावेजों तथा स्थलीय सत्यापन से यह देखा जा रहा है कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और किसी स्तर पर कोई अनियमितता न रहे। ग्राम पंचायतों में विकास कार्य तभी सार्थक होंगे जब नौकरी चाहने वाले श्रमिकों को उचित लाभ मिले और योजनाओं का निष्पादन पूरी ईमानदारी से किया जाए। ' डॉ. आर.आर. जैसवार ने पंचायत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी रिकॉर्ड अपडेट रहें और कार्य स्थल पर सूचना पट्ट, मजदूरों की उपस्थिति तथा भुगतान से जुड़े विवरण सटीक रूप से दर्ज किए जाएं ताकि मनरेगा की प्रभावशीलता और भरोसेमंद कार्यप्रणाली निरंतर बनी रहे।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव सुप्रिया गौतम, प्रधान उपदेश कुमार, तकनीकी सहायक राज किशोर शुक्ला, बीआरपी रामनाथ, सोशल ऑडिट टीम सदस्य राजकुमार अवस्थी, महादेव प्रसाद, कमलेश कुमारी, राजेंद्र प्रसाद सहित स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। लोकपाल ने ग्रामवासियों से भी संवाद कर मनरेगा कार्यों के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी ली।

## बाइक की टक्कर के बाद युवकों मे हुई जमकर मारपीट चले लात-घुसे, भीड़ देखकर बाइक सवार फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के महोली कोतवाली क्षेत्र में तहसील के निकट शुक्रवार को सड़क पर हुई मामूली बाइक टक्कर ने देखते ही देखते बड़ा विवाद का रूप ले लिया घटना में तीन युवक आपस में भिड़ गए और बीच सड़क पर ही जमकर लात-घूंसे चलने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवकों में पहले कहासुनी हुई और इसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। सड़क पर मौजूद राहगीरों ने बीच-बचाव का प्रयास किया लेकिन युवकों का गुस्सा कम होने के बजाय बढ़ता ही चला गया। मारपीट का वीडियो शनिवार को सामने आया है राहगीरों के बीच आने के बावजूद युवकों के बीच काफी देर तक मारपीट होती रही इस दौरान सड़क से गुजर रहे कई लोगों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, किन्तु कोई भी युवक शांत होने को तैयार नहीं था थोड़ी ही देर में वहां भीड़ जमा हो गई और हालात बिगड़ते देख दो युवक अपनी बाइक उठाकर मौके से भाग निकले तीसरा युवक सड़क पर मौजूद भीड़ के सामने खुद को बचाता नजर आया घटना के दौरान पुलिस की अनुपस्थिति ने लोगों में नाराजगी भी बढ़ा दी। व्यस्त मार्ग पर हुए इस बवाल के दौरान मौके पर कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा, जिससे कुछ देर तक पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा स्थानीय लोगों का कहना है कि घटनास्थल तहसील के निकट होने के कारण पुलिस की गश्त आमतौर पर दिखती है लेकिन घटना के वक्त पुलिस के नदारद रहने से मारपीट लंबे समय तक चलती रही मारपीट का वीडियो राहगीरों में से किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्रीय लोगों में चर्चा तेज हो गई और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे लोगों का कहना है कि यदि समय पर पुलिस पहुंच जाती तो मारपीट टल सकती थी फिलहाल, पुलिस वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल युवकों की पहचान कराने में जुट गई है!!

## प्रदेश में टीकाकरण से छूटे बच्चों के लिए अगले माह टीका उत्सव



**लखनऊ:** स्वास्थ्य विभाग दिसंबर माह को टीका उत्सव के रूप में मनाएगा। महानिदेशक परिवार कल्याण ड़ा पवन कुमार अरुण ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को पत्र लिखकर पूरे माह जीरो डोज वाले बच्चों, पेंटावेलेंट-1, ओपीवी-1 और एमएमआर-1 टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। अप्रैल से अक्टूबर के दौरान पेंटावेलेंट-1 टीकाकरण 63 फीसदी, एमएमआर-1 और एमएमआर-2 मात्र 65 प्रतिशत ही हुआ है। समीक्षा के दौरान इस पर चिंता जताते हुए दिसंबर में छूटे हुए बच्चों को टीका लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान में आशा की मदद ली जाएगी। सभी बच्चों का यूविन पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाएगा। टीकाकरण सत्र के बारे में जागरूकता फैलायी जाएगी। हर सत्र का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों से कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा महिला आरोग्य समिति, स्थानीय स्वयं सेवी संस्थाओं को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए कहा गया है।

## कोटा चुनाव रद्द सचिव को बंधक बनाने की कोशिश, आरक्षण विवाद के बाद बीडीओ ने लिया फ़ैसला, प्रधान समर्थकों ने काटा हंगामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के विकासखंड हरगांव के अंतर्गत ग्राम गुरुढ़ापा में शनिवार दोपहर को हुए कोटा चुनाव मतदान के दौरान माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। आरक्षण को लेकर उत्पन्न विवाद इतना बढ़ा कि प्रधान पक्ष और विपक्षी उम्मीदवार अनिल कुमार फौजी के समर्थक आमने-सामने आ गए हालात तब बिगड़ गए जब पंचायत सचिव को कथित तौर पर बंधक बनाने की कोशिश की गई, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा जानकारी के अनुसार, मतदान प्रक्रिया के दौरान दोनों पक्षों के समर्थक अलग-अलग समूहों में बैठे थे इसी दौरान सप्लाई इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और उन्होंने शासनादेश का हवाला देते हुए बताया कि फौजी या स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को आरक्षण का लाभ देना अनिवार्य है इस घोषणा का विपक्षी प्रत्याशी अनिल कुमार फौजी और उनके समर्थकों ने स्वागत किया, लेकिन प्रधान पक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया विवाद बढ़ने पर फौजी समर्थक मतदान स्थल स्थित स्कूल के बाहर चले गए। इसी बीच प्रधान पक्ष के लोगों ने पंचायत सचिव धर्मेंद्र कुमार कनौजिया पर दबाव बनाया कि वे प्रस्ताव उनके पक्ष में दर्ज करें सचिव ने एकतरफा निर्णय लिखने से साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया आरोप है कि प्रधान पक्ष के कुछ लोगों ने सचिव को विद्यालय के एक कमरे में बंद कर बंधक बनाने की कोशिश की स्थिति की सूचना प्रशासन को मिलते ही इंस्पेक्टर सुरेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर सचिव को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें सरकारी वाहन से थाने रवाना किया घटना के बाद कुछ ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा किया और पुलिस विरोधी नारेबाजी भी की फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है घटनास्थल पर डीईओ पंचायत जे.पी. वर्मा, पंचायत सचिव, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार समेत पुलिस बल तैनात रहा हंगामे और विरोध के बाद बीडीओ ने कोटा मतदान को निरस्त कर दिया है!!

## समय से पहले एसआईआर कार्य पूर्ण करने पर एसडीएम और बीडीओ ने बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

● ....एसडीएम पवन पटेल व बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र और मूवी टिकट देकर जताया प्रोत्साहन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ** राजधानी लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआई कार्य को निर्धारित समय से पहले सफलतापूर्वक पूरा करने पर बूथ संख्या 175 के बीएलओ विनीत कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया। एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल और बीडीओ मोहनलालगंज आशुतोष श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र और दो मूवी टिकट देकर बीएलओ विनीत कुमार मिश्रा को प्रोत्साहित किया। अधिकारियों ने बताया कि मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में लगभग 40 बीएलओ ने अत्यंत सुचिता और पारदर्शिता के साथ एसआईआर कार्य की शत-प्रतिशत ऑनलाइन फीडिंग की है, जिसके चलते निर्वाचन संबंधी तैयारियों को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने में विशेष सफलता मिली। इस अवसर पर एसडीएम पवन पटेल और बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने विनीत कुमार मिश्रा के उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्य की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करने की उम्मीद जताई।

### सायरन की आवाज और 5 मिनट सक्रिय हुई टीमें, मॉक ड्रिल में दो आतंकी गिरफ्तार

**आगरा।** हेलो, आपको मेरी आवाज आ रही है। आगरा वायुसेना स्टेशन में दो आतंकी घुस गए हैं। फौरन टास्क फोर्स को सक्रिय कर दो। कुछ इन्हीं शब्दों के साथ शुक्रवार दोपहर पुलिस-प्रशासन सहित संयुक्त टीम के अधिकारियों के पास फोन पहुंचे। पुलिस-प्रशासन, फायर और सीआएसएफ की टीमें सक्रिय हो गईं। सायरन की आवाज सुनाई देने लगी और संयुक्त टीम पांच से 10 मिनट में सक्रिय हो गई। एक घंटे से अधिक तक अभियान चला और टीमों ने दो आतंकी को पकड़ लिया। **आतंकवादी विरोधी मॉकड्रिल में संयुक्त टीमों ने लिया भाग-** आगरा वायुसेना स्टेशन सहित अन्य में नियमित अंतराल में मॉकड्रिल होती है। शुक्रवार दोपहर आतंकवादी विरोधी मॉकड्रिल हुई। इसमें पुलिस, प्रशासन, वायुसेना, सीआईएसएफ, स्वास्थ्य विभाग, फायर सहित अन्य विभागों की टीमों ने भाग लिया। एक घंटे से अधिक तक चली माकड्रिल में हर विभाग को किस तरीके से रेस्पांस करना है। उसकी क्या जिम्मेदारी है। इसे लेकर बेहतर तालमेल के साथ कार्य किया गया।

### स्कूटी सवार को बचाने में ट्रक हादसा, बाईपास ओवर ब्रिज पर घंटों लगा जाम



**लालगंज रायबरेली।** बांदा से टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग 232 के बाईपास पर बने रेलवे ओवर ब्रिज पुल पर शुक्रवार की सुबह स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में ट्रेलर ओवर ब्रिज से बनी बाउंड्री से टकराकर लटक गया। गनीमत रही कि हादसे में ट्रेलर के चालक सहित स्कूटी सवार बाल बाल बच गया। ट्रेलर बीच सड़क में फस जाने के कारण हाईवे पर देर तक आवागमन प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन के जरिए लटके ट्रेलर को हटाने के प्रयास में जुट गई है। ट्रेलर चालक आजमगढ़ निवासी अरविंद कुमार व परिचालक सौरभ ने बताया कि वे कपूरथला से बोगी निर्माण के लिए अंडर फ्रेम, साइड वॉल व रूफ लादकर रेलकोच फैक्ट्री जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में हादसा हो गया। ट्रेलर अनियंत्रित होकर और बीच की साइड वॉल से टकरा गया। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगवा कर ट्रेलर को हटवाने की कवायद में जुट गई है।

## बीकेटी में पेड़ से टकराई नर्सिंग छात्राओं की बस





● 13 छात्राएं व बस चालक गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब (बीकेटी) इलाके में शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। एयरफोर्स स्टेशन रोड पर माँ चंद्रिका देवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एंड साइंस की छात्राओं को लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार 13 छात्राएं , चोटिल हो गई। तथा बस चालक को भी गंभीर चोटे आई है, दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से छात्राओं को बस से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। यह घटना शाम करीब 5:30 बजे की है। संस्थान की 25 नर्सिंग छात्राएं माँ चंद्रिका देवी अस्पताल में ट्रेनिंग पूरी कर भाउली गाँव स्थित अपने हॉस्टल लौट रही थीं। पुलिस के अनुसार, बस चालक ने अचानक सामने आए एक बाइक सवार को बचाने की कोशिश की। इसी प्रयास में बस अनियंत्रित हो गई, सड़क किनारे बाग में घुस गई और अंततः एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि बस में चीख-पुकार मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही बीकेटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल छात्राओं को माँ चंद्रिका देवी अस्पताल ले जाया गया। बीकेटी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि 13 छात्राओं को गंभीर चोटे आई हैं, 2 छात्रा आईसीयू में है, मामले को रफादफा करने में विद्यालय जुट गया है अभिवावको ने बस की फिटनेस व मानक विहीन कार्य पर नाराज़गी जताई है अब देखना यह है की पुलिस प्रशासन आगे क्या कार्यवाही करता है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 288 जोड़ों का पवित्र बंधन में विवाह

● 287 ने मंत्रो के बीच लिए फेरे, एक का कराया गया निकाह

उद्यान मंत्री के साथ डीएम-एसपी ने वर वधु को दिया आशीर्वाद,सीडीओ भी रहे मौजूद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली,** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिले के सतांव स्थित गन्ना कांटा मैदान में भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 288 जोड़ों ने वैदिक विधि विधान से विवाह-सूत्र में बंधकर अपने जीवन की नई शुरुआत की। इसमें से 287 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज़ के अनुसार फेरे लिए एवं 01 मुस्लिम जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया। विवाह कार्यक्रम में बछरावां से 90, न0 प0 बछरावां से 02, हरचंदपुर 40, सतांव 40,महाराजगंज 45, खीरों 6, लालगंज 10, न0प0 लालगंज 01, शिवगढ़ 41, सरेनी 06,न0 प0 शिवगढ़ से 07 जोड़े शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यानमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नव जोड़े को आशीर्वाद दिया और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो को विवाह संबंधी सहयोग उपलब्ध कराना है, जिसके अंतर्गत शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कुल एक लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

कार्यक्रम में सभी नवविवाहित जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित विवाह अनुदान एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीडीओ अंजुलता, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा,जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास, पति से विवाद के बाद खाई नींद की गोलियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शुक्रवार देर रात पारिवारिक विवाद एक बड़ी घटना में बदल गया। जब रेलवे कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सीटी स्टेशन स्थित रेलवे कॉलोनी का है, जहाँ रेलवे कर्मचारी बबलू की पत्नी काजल ने यह कदम उठाया घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर तीखा विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर काजल मानसिक रूप से बेहद तनाव में थी बताया जा रहा है कि फांसी लगाने से पहले उसने नींद की कई गोलियां भी खा ली थीं। इसके बाद उसने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाने की कोशिश की इसी दौरान बबलू को कुछ अनहोनी की आशंका हुई। उसने आवाज देकर दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। शक गहराने पर उसने दरवाजा तोड़ दिया, जहाँ काजल को फंदे पर झूलता देखकर उसकी हालत बिगड़ गई। बबलू ने तुरंत उसे नीचे उतारा और परिजनों की मदद से जिला अस्पताल पहुँचाया जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के दौरान बताया कि नींद की गोली का असर और फांसी की वजह से काजल की हालत बेहद नाजुक है। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी अस्पताल पहुँची और पति सहित परिवारजनों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और पति-पत्नी के बीच हुए विवाद की वजह भी पता लगाई जा रही है रेलवे कॉलोनी में इस घटना से अफरा-तफरी का माहौल है। पड़ोसी बताते हैं कि दंपती के बीच पहले भी घरेलू विवाद होते थे, लेकिन इस तरह की गंभीर कोशिश पहली बार सामने आई है फिलहाल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की निगरानी में उपचार चल रहा है!!

## मंडलीय अधिवेशन एवं शिक्षक संगोष्ठी: छात्र-केंद्रित शिक्षा की दिशा में सार्थक पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर।** आरएमपी पीजी कॉलेज, सीतापुर में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा 28 व 29 नवम्बर 2025 को दो दिवसीय मंडलीय अधिवेशन एवं शिक्षक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। शिक्षकों की उपस्थिति और उनके उत्साह ने कार्यक्रम को सार्थकता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। संगोष्ठी का उद्घाटन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुंदर दास शास्त्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राकेश राठौर, सांसद उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षा के भविष्य, शिक्षकीय चुनौतियों एवं नवाचारों पर अपने विचार प्रभावपूर्ण ढंग से रखे। संगोष्ठी का केंद्रीय विषय 'नई शिक्षा में छात्र-केंद्रित शिक्षा' रहा। वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में यह स्पष्ट किया कि शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल, रचनात्मकता एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ाना है। कक्षाओं में संवादात्मक शिक्षण, प्रोजेक्ट-आधारित कार्य और सतत मूल्यांकन पद्धति को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। शिक्षण प्रक्रिया तभी प्रभावी हो सकती है, जब विद्यार्थी स्वयं सीखने की प्रक्रिया का सक्रिय भाग बनें। विभिन्न विशेषज्ञों ने बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की– तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता, संसाधनों का अभाव, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की कमी तथा सामाजिक-आर्थिक विविधता से उत्पन्न शैक्षिक असमानताएँ प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इसके समाधान हेतु वक्ताओं ने नियमित प्रशिक्षण, विद्यालयों में तकनीकी अवसंरचना का विस्तार, सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा तथा संगठनात्मक मजबूती जैसे सुझाव प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में संगठन की भूमिका पर भी विशेष विचार व्यक्त किए गए।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों की एकता ही उनके अधिकारों और दायित्वों की रक्षा का आधार है। प्रमुख पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश तथा मंडल के अनेक सम्मानित पदाधिकारी एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग कर इसे गरिमा प्रदान की। प्रमुख उपस्थितियों में प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री जयपाल शास्त्री, प्रदेश संयोजक श्री राजवीर, मंडल संयुक्त मंत्री सुरेंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष हरदोई श्री राजदेव, सूर्यकुमार भारत, शिवनाथ चौधरी, अवनीश कुमार, नेत्रपाल आदि शामिल रहे। इस दो दिवसीय अधिवेशन का सफल संचालन संगठन की सीतापुर टीम ने किया, जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष श्री कमलेश जी ने किया। सुव्यवस्थित प्रबंधन, चिंतनपूर्ण संवाद और शिक्षक समुदाय के उत्साह ने अधिवेशन को ऐतिहासिक रूप प्रदान किया।

# वैश्विक मंदी के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज़ रफ्तार

भारत की अर्थव्यवस्था आज उस मोड़ पर खड़ी है, जहाँ वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भी लगातार नई ऊँचाइयाँ हासिल की जा रही हैं। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ सुस्ती और धीमेपन से जूझ रही हैं, पर भारत न केवल इन चुनौतियों का सामना किया है, बल्कि उनसे ऊपर उठकर अपनी मजबूती और संभावनाओं का ऐसा परिचय दिया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और बाज़ारों को भी प्रभावित किया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के ताज़ा आँकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज़। यह उपलब्धि सिर्फ एक आर्थिक आँकड़ा नहीं, बल्कि उस व्यापक परिवर्तन की कहानी है जो भारत की अर्थव्यवस्था में कई स्तरों पर घटित हो रहा है। यह वृद्धि ऐसे समय में आई है जब विश्व अर्थव्यवस्था पर मंदी का साया है। अमेरिकी टैरिफ, यूरोप की कमजोर मांग और एशिया में घटती आर्थिक गति ने अधिकांश देशों की वृद्धि को प्रभावित किया है। बावजूद इसके, भारत ने जिस मजबूती से अपनी विकास गति को बनाए रखा है, उसका मूल कारण है देश के भीतर की मांग, जिसका विस्तार पिछले कुछ वर्षों में लगातार हुआ है। निजी अंतिम उपभोग व्यय में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि घरेलू खपत की उस ऊर्जा को दर्शाती है जो ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में समान रूप से नज़र आती है। यह वही खपत है जो विदेशी झटकों का प्रभाव सोख लेती है और अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करती है। उत्पादन और सेवाओं के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। विनिर्माण का 9.1 प्रतिशत का विस्तार बताता है कि उद्योग जगत में निवेश का माहौल सुधरा है और उत्पादन क्षमता पर भरोसा बढ़ रहा है। निर्माण क्षेत्र की 7.2 प्रतिशत की वृद्धि बुनियादी ढाँचे में निवेश और रियल एस्टेट बाज़ार की सक्रियता को दर्शाती है। वहीं वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की तेज़ रफ्तार इस बात का संकेत है कि भारत की सेवा-आधारित अर्थव्यवस्था अपने चरम पर नहीं, बल्कि अभी भी विस्तारित हो रही है। सरकारी खर्च में भले थोड़ी गिरावट आई हो, लेकिन कॉर्पोरेट निवेश और निर्यात ने इस कमी की भरपाई कर दी है। यह संतुलन ही भारत की आर्थिक संरचना को अन्य देशों की तुलना में अधिक लचीला बनाता है।



2025 में लागू हुए जीएसटी सुधारों का भी इस वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। दरों के सरलीकरण और 90 प्रतिशत वस्तुओं पर कर कटौती से बाजार में नई ऊर्जा आई है। चार-स्लैब प्रणाली—0, 5, 18 और 40 प्रतिशत—ने कर व्यवस्था को न केवल सरल बनाया, बल्कि उपभोक्ताओं और उद्योगों दोनों के लिए सहज भी। उपभोक्ता वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य उपकरण और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के सस्ते होने से मांग में विस्तार हुआ और विशेषज्ञों के अनुसार इसने वित्तीय वर्ष 2026 की वृद्धि में 0.2 से 0.3 प्रतिशत तक का अतिरिक्त योगदान दिया। आलोचकों का मानना था कि जीएसटी कटौती से राजस्व में अस्थायी गिरावट आएगी, पर बढ़ी हुई खपत ने इस प्रभाव को पर्याप्त रूप से संतुलित किया है। इसी बीच अमेरिका द्वारा अगस्त 2025 में लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ ने भारत के कपड़ा, रत्न-आभूषण, चमड़ा और रसायन जैसे क्षेत्रों को प्रभावित किया, जो भारत के कुल निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा है। ऐसे सख्त टैरिफ किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था को झटका दे सकते थे, लेकिन भारत ने फिर साबित किया कि उसकी विकास गति अब बाहरी संकटों पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। घरेलू मांग, विविध आपूर्ति श्रृंखला और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार ने इस प्रभाव को सीमित कर दिया। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए 6.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था, पर भारत ने इससे कहीं अधिक तेज़ी दिखाते हुए दूसरी तिमाही में ही 8.2 प्रतिशत हासिल कर लिया। यह प्रदर्शन एक ऐसे देश की पहचान है जो वैश्विक उतार-चढ़ाव से डरता नहीं, बल्कि उनसे सीखकर अपनी नीतियों को मजबूत बनाता है। जब वैश्विक तुलना की जाती है, तो भारत की स्थिति और भी प्रभावशाली दिखाई देती है। चीन 4.8 प्रतिशत, अमेरिका 2-3 प्रतिशत, जर्मनी 0.3 प्रतिशत, फ्रांस 0.9 प्रतिशत और ब्रिटेन 1.3 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं। मूडीज, ओईसीडी, और एस एंड पी जैसी संस्थाओं ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान बढ़ाए हैं, और यह शायद पहली बार है जब भारत को उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नहीं, बल्कि प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की अग्रिम पंक्ति में देखा जा रहा है। इसके बावजूद चुनौतियाँ खत्म नहीं हुई हैं। आर्थिक विकास की निरंतरता के लिए रोजगार सृजन, कृषि सुधार, कौशल विकास और निर्यात के विविधीकरण जैसे क्षेत्रों में गहरे सुधारों की आवश्यकता है। विशेषकर ग्रामीण आय की स्थिरता और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएँ होनी चाहिए। दुनिया के धीमे पड़ने के बावजूद भारत की तेज रफ्तार को बनाए रखना तभी संभव होगा जब नीतिगत स्थिरता, निवेश आकर्षण और सामाजिक विकास के प्रयास साथ-साथ चलें। पर आज की तस्वीर यह कहने की अनुमति देती है कि भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में न सिर्फ मजबूती से खड़ा है, बल्कि दौड़ भी रहा है और तेज़ी से दौड़ रहा है। 8.2 प्रतिशत की वृद्धि सिर्फ एक तिमाही का परिणाम नहीं, बल्कि उस नीतिगत सोच, सामाजिक ऊर्जा और आर्थिक आत्मविश्वास का प्रतीक है जो भारत को आने वाले वर्षों में 6.5 प्रतिशत से अधिक की स्थिर और सतत वृद्धि की दिशा में ले जा सकता है। दुनिया संभवतः धीमी पड़ जाए, पर भारत की गति और उसकी आशाएँ अभी थमी नहीं हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## यूक्रेन-रूस संघर्ष का वृहद स्वरूप

**विस्व युद्ध रोकने के प्रयासों को गति देने की जरूरत।**

यूक्रेन-रूस संघर्ष अब किसी दो राष्ट्रीय टकराव तक सीमित नहीं रहा; यह एक वैश्विक सांकेतिक युद्ध बन चुका है जिसका प्रभाव ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता, भू-राजनीति और मानवीय मूल्यों पर दूरगामी होगा—24 फ़रवरी 2022 के बाद से हुई घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि एक क्षेत्रीय आक्रमण कैसे सम्पूर्ण वैश्विक व्यवस्था को हिला सकता है; जिस प्रकार ब्लैक सी के बंदरगाहों, ऊर्जा रूटों और कृषि निर्यातों में व्यवधान ने अनाज और तेल की वैश्विक आपूर्ति पर चोट की है, उसी तरह युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखलाओं की नाजुकता को उजागर किया है और विकासशील देशों में महँगाई व खाद्य-असुरक्षा को तेज कर दिया है। इस युद्ध ने यह भी दिखा दिया कि आधुनिक युद्ध केवल मोर्चों पर गोली-बारूद का खेल नहीं, बल्कि आर्थिक प्रतिबंधों, वित्तीय काट-छाँट, तकनीकी प्रतिबंधों और वैकल्पिक सामरिक गठबंधनों से जुड़ा बहुआयामी संकट है; पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और रूस के आर्थिक अलगाव ने ऊर्जा व व्यापार के नए समीकरण जन्म दिए हैं और कई देशों ने अपनी रणनीतियाँ पुनः निर्धारित करनी शुरू कर दी हैं। दूसरी ओर, रूस-चीन के करीब आने की प्रवृत्ति, कुछ वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ वैकल्पिक साझेदारी और नए बहुपक्षीय आर्थिक चक्रों का उद्भव, एक नए ध्रुवीय विश्व-आदेश की संभावना का संकेत देता है जो पारंपरिक पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है। यही नहीं, युद्ध ने रक्षा-औद्योगिक आधार को फिर से चुस्त किया है—रास्ते खुलते ही हथियारों, स्वचालित प्रणालियों और सूचनात्मक युद्धकला की होड़ बढ़ी; देशों ने रक्षा बजट बढ़ाए और सामरिक सहयोग को प्राथमिकता दी, जिससे वैश्विक संसाधन आवंटन और विकास-प्राथमिकताएँ बदल रही हैं। मानव संकट की गाथा और भी जघन्य है—लाखों जानें गयीं, करोड़ों लोग विस्थापित हुए; लगभग एक करोड़ यूक्रेनी नागरिकों ने शरणार्थी का जीवन अपनाया, शहरों के मलबे, बुनियादी ढाँचे का विनाश और सामाजिक टूट ने मानवता को कराहते हुए छोड़ दिया; यह मानवीय जख्म सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं रहेंगे क्योंकि ऊर्जा व खाद्य-शॉर्टेज का असर दूर देशों के लोगों की रोटी और रोज़गार पर सीधे दिखाई देता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके परिणाम स्पष्ट हैं—महँगाई, निवेश-अनिश्चितता, सप्लाई-चेन रीऑर्गनाइज़ेशन और जोखिम-प्रिमियम का उदय, जिससे विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ और अधिक संवेदनशील बन गई हैं। इसने यह भी दिखाया कि किस तरह भू-राजनीतिक झटके वैश्विक प्रवाह—कच्चा माल, खाद्य, ऊर्जा और तकनीकी वस्तुओं—को पलट कर रख देते हैं और नये साझेदारी मॉडल, स्थानीयकरण व मित्रराष्ट्रों पर निर्भरता के महत्व को उजागर करते हैं। राजनीतिक दृष्टि से, यह युद्ध एक परीक्षण है: क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय कूटनीति, बहुपक्षीय संस्थाओं और नियम-आधारित व्यवस्था के जरिए शांति स्थापित कर सकता है, या शक्तियों का घर्षण अनियंत्रित होकर व्यापक संघर्ष में बदल जाएगा? कुछ शक्तियों ने टकराव की सरहद पर अपनी नीति कड़ी की, कुछ ने नए सैन्य-रणनीतिक समूहों और आर्थिक ब्लॉकों की रचना की—क्वाड जैसे ढांचे, एशिया-प्रशांत सहयोग, और नाटो-सदस्यों की मजबूती ने साफ किया कि क्षेत्रीय सुरक्षा अब स्थानीय ही नहीं बल्कि वैश्विक रणनीतियों से प्रभावित होती है। इसके बावजूद, केवल सैन्य बल या आर्थिक दबाव पर्याप्त नहीं हैं; शांति के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध भरोसे की कमी है—विश्व समुदाय का रूस पर विश्वास टूट चुका है तो कुछ देशों का भरोसा भी पश्चिम पर प्रश्नचिन्ह से घिरा दिखता है—और यही भरोसे की कमी कूटनीतिक समाधान को जटिल बनाती है। इस संकट का एक और आयाम पर्यावरणीय और दीर्घकालिक आर्थिक प्रभाव है—युद्ध ने न केवल बुनियादी संरचनाएँ नष्ट कीं बल्कि पुनर्निर्माण की भारी लागतें और ऊर्जा-परिवर्तन की नई हड़बड़ी भी बढ़ाई, जिससे जलवायु लक्ष्यों, निवेश प्राथमिकताओं और सामाजिक पुनर्निर्माण की नींव पर दीर्घकालिक दबाव पड़ेगा। इसलिए अब प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन किसे हराएगा, बल्कि यह है कि क्या मानवता अपने कोष, कूटनीति और विवेक द्वारा उस रास्ते को चुनेगी जो पुनर्निर्माण, न्याय और स्थिरता की ओर ले जाए। विश्व-समुदाय के लिए विकल्प स्पष्ट हैं: युद्ध को तात्कालिक रूप से सीमित करने और फिर न्यायसंगत शांति



स्थापित करने के लिए कूटनीतिक चैनलों को खोलना; मानवीय सहायता, शरणार्थियों का समुचित पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं के पुनर्निर्माण को प्राथमिकता देना; वैश्विक खाद्य व ऊर्जा-सुरक्षा के लिए वैकल्पिक आपूर्ति-मार्गों व रणनीतिक भंडारों का निर्माण; और बहुपक्षीय संस्थाओं के माध्यम से सशक्त तटस्थ मध्यस्थता व निगरानी तंत्र स्थापित करना ताकि भविष्य में किसी भी क्षेत्रीय विवाद का ग्लोबल रूप लेने से पहले उसे नियंत्रित किया जा सके। भारत जैसे महादेशीय देशों के लिए चुनौती और अवसर दोनों हैं—इकतरित होकर मानवीय सहायता और कूटनीति के माध्यम से मध्यस्थता की भूमिका निभानी चाहिए, साथ ही अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए ऊर्जा-सुरक्षा और खाद्य-आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत विकसित करने चाहिए; दीर्घकाल में वैश्विक दक्षिण के देशों का समन्वय ही इस प्रकार के संकटों को वैश्विक स्तर पर शान्तिपूर्ण हल की दिशा में मजबूती दे सकता है। अगर हम अभी भी समय रहते सामूहिक विवेक, करुणा और न्यायसंगत कूटनीति को अपनाएँ तो यह संभव है कि हम युद्ध के विनाश से बाहर निकलकर एक अधिक समतामूलक, आत्मनिर्भर और स्थिर विश्वगठबंधन बना लें; पर यदि हम अहंकार, संकुचित स्वार्थ और शक्ति-द्वेष की राजनीति को जिंदा रखेंगे, तो यह संघर्ष न केवल राजनैतिक मानचित्र को बदल देगा बल्कि सभ्यता की उस नींव को भी हिला सकता है जिस पर हमारी आने वाली पीढ़ियाँ आश्रित हैं—अतः यह समय निर्णायक है: क्या हम युद्ध की आग को बुझाने के लिए मिलकर काम करेंगे या इतिहास की अगली पीढ़ी को इस तबाही की कीमत चुकाने के लिए छोड़ देंगे।

**संजीव ठाकुर**

# हम सब दोषी हैं: क्योंकि हमने डर को शिक्षा समझ लिया

**[ एक रील, एक डाँट, और एक जिंदगी की टूटन ]**

**[ डर नहीं, गले लगाओ: बचपन बचाने का आख़िरी मौका ]**

एक बच्चे ने क्लास में एक छोटी-सी रील बना ली—दो सेकंड की हँसी, एक पल का बचपना। उसे क्या पता था कि वही पल उसकी पूरी ज़िंदगी को तीसरी मंजिल की रेलिंग तक धकेल देगा। प्रिंसिपल के कमरे में खड़ा, कान पकड़कर चालीस से ज्यादा बार 'सॉरी मैम' दोहराता हुआ वह बच्चा सिर्फ माफी नहीं मांग रहा था—वह अपनी मासूमियत बचाने की कोशिश कर रहा था। पर न माफी मिली, न समझ। मिला तो सिर्फ सस्पेंशन का डर, मेडल छीन लेने की धमकी और भविष्य को मटियामेट कर देने वाले शब्द। तेरह साल का दिल कितनी चोट झेल सकता है? जितनी हम बड़े समझ लेते हैं, उससे कहीं कम। और फिर वह दौड़ा। सीढ़ियाँ चढ़ीं। तीसरी मंजिल की तरफ गया। और कूद गया। हम सबने यह खबर पढ़ी। कुछ देर तक दिल बैठा, फिर हम आगे स्क्रॉल कर गए। लेकिन सच्चाई ये है—वो बच्चा किसी दूसरे घर का नहीं था। वो हमारा बच्चा भी हो सकता था। हमारे मोहल्ले का, हमारे स्कूल का, हमारी अपनी दुनिया का हिस्सा। सब सोचते रह गए कि उसने ऐसा क्यों किया। पर किसी ने यह नहीं सोचा कि उस आखिरी मिनट में वह कितना अकेला था—कमरे में बैठा, चारदीवारी के बीच, अपने ही अपराधबोध से घिरा हुआ और डर के पहाड़ तले दबा हुआ। बाहर प्रिंसिपल, टीचर, पिता—सब गुस्से में। और अंदर एक छोटा-सा बच्चा, जिसे लगा कि उसने गलती तो की है, पर अब उसकी सजा शायद मौत से कम हो ही नहीं सकती। हम बचपन से सुनते आए हैं—गलती करोगे तो डाँट पड़ेगी, सजा मिलेगी। मगर कब समय ने अपनी चाल बदल दी कि 'सजा' का मतलब एक बच्चे को इतना तोड़ देना हो गया कि वो अपनी जान लेने पर उतारू हो जाए? कब शिक्षा के मंदिर इतने कठोर हो गए कि मेडल छीनने की धमकी धीरे-धीरे ज़िंदगी छीनने की ओर धकेलने लगी? शायद वो प्रिंसिपल आज भी सोचती होंगी कि उन्होंने 'अनुशासन' कायम किया—पर अगर अनुशासन का अर्थ है किसी बच्चे का आत्मविश्वास कुचलकर उसे यह यक़ीन दिला देना कि वह दुनिया के लिए बोझ है, तो उसे अनुशासन नहीं, सीधी-सीधी हिंसा कहते हैं। हमारे स्कूलों में आज भी 'मुरगा बनो', 'कान पकड़ो', 'दीवार के पास खड़े रहो' जैसी पुरानी सज़ाएँ धूल नहीं बनीं—वे आज भी बच्चों की गरिमा का सौदा कर रही हैं।

हम इन्हें बड़े आराम से 'डिसिप्लिन' कह देते हैं, जबकि ये दरअसल नवपीढ़ी के लिए शर्मिंदगी का कारोबार है। एक बच्चे को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना, उसके आत्मसम्मान को रौंदना—ये कोई शिक्षा नहीं। —ये शिक्षा की प्रक्रिया नहीं, उसकी हत्या की शुरुआत है। बस हथियार बदल जाते हैं—कभी डंडा, कभी शब्द, कभी धमकी। पर नतीजा हमेशा वही होता है—एक बच्चे का भीतर से बिखर जाना। उस दिन रतलाम के उस स्कूल में जो हुआ, वह सिर्फ एक प्रिंसिपल की जिद नहीं थी। वह हमारे पूरे शिक्षा तंत्र की सामूहिक विफलता थी। हम बच्चों को इंसान बनने की बात सिखाते हैं, लेकिन उन्हें परखते ऐसे हैं जैसे मशीनें हों। उनसे कहते हैं—99% लाओ, मेडल लाओ, रैंक लाओ... वरना तुम्हारी कोई कीमत नहीं। और अगर ज़रा-सी गलती हो जाए, तो मेडल भी छीन लेंगे, नाम भी काट देंगे और भविष्य का दरवाज़ा भी बंद कर देंगे। हमने अपने ही बच्चों को ऐसा यक़ीन दिला दिया है कि उनकी पहचान उनके अंकों में बंधी है, उनकी इज्ज़त उनकी 'परफेक्ट' इमेज की दासी है।

जैसे ही वह इमेज टूटती है, बच्चा खुद को कचरा समझने समझने लगता है। ज़रा सोचिए, तेरह साल की उम्र में बच्चा दुनिया से क्या सीखता है? दोस्ती, खेल, हँसी, शरारत।ज़िंदगी की हल्की-फुल्की धूप-छाँव। मौत समझने की उसकी उम्र ही नहीं होती। पर हमने उसे मौत भी सिखा दी।हमने उसे समझा दिया कि मेडल चला गया तो ज़िंदगी खत्म; सस्पेंड हुए तो भविष्य बर्बाद; गलती की तो इंसान नहीं, अपराधी हो गया। लेकिन हमने उसे यह कभी नहीं सिखाया कि गलती करना इंसान होने का प्रमाण है। माफी मांगना कमजोरी नहीं, साहस है। दूसरा मौका कोई इनाम नहीं—हर इंसान का अधिकार है। आज सवाल यह नहीं कि उस स्कूल पर ताला लगे या नहीं। सवाल यह है कि हम अपने भीतर बैठे उस कठोर प्रिंसिपल को कब निकालेंगे—वो जो हर गलती पर डर दिखाता है, हर शरारत पर अपमान देता है, और हर बच्चे को 'सीख' नहीं बल्कि सज़ा देने के लिए तत्पर रहता है। हमें समझना होगा कि डर कभी किसी इंसान को नहीं बदलता—डर सिर्फ तोड़ता है, चुप कर देता है, मिटा देता है। बच्चे को डांटना गलत नहीं, उसे समझाना ज़रूरी है—लेकिन उससे पहले उसे ये भरोसा देना ज़रूरी है कि 'मैं तुम्हारे साथ हूँ, चाहे तुम कितनी ही बड़ी गलती क्यों न कर लो।' उसका आत्मसम्मान उसकी सबसे कीमती पूँजी है। उसे चोट पहुँचा दी, तो बच्चे का नहीं—पूरी पीढ़ी का भविष्य घायल हो जाता है। रतलाम वाला बच्चा तो बच गया—हड्डियाँ टूटीं, पर साँसें बचीं। पर कितने बच्चे ऐसे थे जो चुपचाप चले गए, जिनकी खबर तक नहीं बनी, जिनके नाम तक किसी अख़बार की हेडलाइन नहीं बने। हम तब भी यही कहते रहे— 'अरे, इतनी-सी बात पर?' क्योंकि वो बात हमें छोटी लगती थी। उन्हें नहीं। उनके लिए वही 'छोटी बात' उनकी पूरी दुनिया थी—टूटी हुई, डर से घिरी, उम्मीद से खाली। और अगर हम आज भी चुप रहे, तो कल फिर कोई बच्चा किसी तीसरी मंजिल की ओर भागेगा—किसी और शहर में, किसी और स्कूल में। और हम फिर दो मिनट दुखी होंगे, फिर स्क्रॉल कर देंगे। इसलिए बस इतना कर लो— जब अगली बार कोई बच्चा गलती करे, उसे गले लगा लेना। धीरे से कहना— 'कोई बात नहीं... मैं हूँ न।' यकीन मानिए, यही एक वाक्य उसे किनारे से वापस खींच सकता है। हमारा सिस्टम, हमारा अहंकार, 'अनुशासन' के नाम पर किया गया हर अत्याचार—सब धरा रह जाएगा। लेकिन अगर हम आज नहीं बदलेंगे, तो इतिहास यही लिखेगा—हम बचपन नहीं बचा सके। और हाँ, इस बार कसूरवार हम ही थे।


**प्रो. आरके जैन**

# साइलेंट ब्रेन ड्रेन: बिना शोर के उड़ती चमक

**[ जहाँ अवसर नहीं, वहाँ प्रतिभा नहीं रुकती ]**

**[ जहाँ उम्मीदें जन्म लेती हैं, पर जड़ें कहीं और बढ़ती हैं ]**

भारत के छोटे शहरों की सुबहें बहुत कुछ कहती हैं—बस इतनी धीमी, इतनी भीतर उतरती आवाज़ में कि कोई उन्हें सचमुच सुनने की फुर्सत नहीं पाता। वही परिचित सड़कों पर दूधवाले की साइकिल की चरमराहट, अख़बार की दुकान पर बंडलों के फटने की टप-टप, और चाय की दुकानों पर बैठे लोग, जिनकी निगाहें खबरें ऐसे पढ़ती हैं जैसे वे किसी दूर की, उनसे असंबंधित दुनिया की दास्तान हों। ऊपर से सब कुछ सामान्य लगता है, पर इसी सामान्यता की तह में हर साल एक ऐसी अदृश्य हलचल घटती है, जो शहर की धड़कन से बिना शोर के थोड़ा-सा जीवन खिसका ले जाती है। वह पल तब आता है जब किसी घर में अचानक यह वाक्य हवा में फैलता है—बेटा विदेश जा रहा है, स्कॉलरशिप मिली है, बड़ी नौकरी मिली है, रिसर्च का मौका मिला है। यह ख़बर शहर को एक क्षणिक गर्व का एहसास देती है, लेकिन उसके भीतर कहीं गूंजती एक कड़वी सच्चाई को दबा देती है कि शहर अपनी ही सबसे चमकीली प्रतिभा को फिर रोक न सका, फिर एक उजला दिमाग चुपचाप उसकी पकड़ से फिसल गया। प्रतिभा का यहाँ जन्म होना भी पुराना है और पलायन भी; नया सिर्फ़ यह है कि अब इसे रोकने की इच्छा तक नहीं बची। हर घर, हर मोहल्ला, हर गली को पता है कि उनका टॉपर, उनका मेधावी, उनका सबसे जिज्ञासु बच्चा एक दिन किसी न किसी विमान में बैठकर इस मिट्टी से बहुत दूर चला जाएगा। और यह जाने की प्रक्रिया इतनी शांत है कि इसे देखने वाले कभी महसूस ही नहीं करते कि वे किसी बड़े नुकसान का हिस्सा बन रहे हैं। इसका कोई जुलूस नहीं निकलता, कोई पोस्टर नहीं छपता, कोई सड़कें नहीं गिरतीं—बस एक घर में कुछ ट्रॉली बैग खुले होते हैं, कुछ कागज़ों पर मुहर लगती है, और किसी माता-पिता की आँखों में खुशी और चिंता एक साथ तैरते हैं। बस इतना ही। इसी चुप्पी को दुनिया कहती है—साइलेंट ब्रेन ड्रेन। छोटे शहरों की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि वे अपने बच्चों को सपने तो देते हैं, लेकिन उन सपनों को पूरा करने के साधन नहीं। टैलेंट यहाँ पैदा होता है, पर अवसर कहीं और मिलते हैं। ज्ञान यहाँ अंकुरित होता है, पर उसकी जड़ें पोषण कहीं और पाती हैं। स्कूलों में अधूरी लैब्स हैं, कॉलेजों में पुरानी मशीनें हैं, पुस्तकालयों में ऐसे किताबों के ढेर हैं जिनसे समय की धूल झाड़ी नहीं गई। और इन्हीं जगहों पर बैठकर बच्चे इंटरनेट पर दुनिया की प्रगति देखते हैं—उन्नत शोध, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, नवाचार के अनगिनत अवसर। वे समझ जाते हैं कि अगर उन्हें अपनी क्षमता का उपयोग करना है, अपना कौशल निखारना है, तो उन्हें इस शहर से आगे बढ़ना ही होगा। वे जानते हैं कि मेहनत वही करेंगे, पर उसका फल कहीं और मिलेगा—वहीं मिलेगा जहाँ व्यवस्था तेज़ है, जहाँ मार्गदर्शक उपलब्ध हैं, जहाँ सपनों को सिर्फ कल्पना नहीं बल्कि क्रियान्वयन का स्थान मिलता है। मोहल्ले के लोगों को यह बात कभी नहीं खटकती कि बच्चे यहीं क्यों नहीं रुकते। उनके लिए विदेश जाना ही सफलता की परिभाषा बन चुका है। टॉपर ने अंग्रेज़ी में निपुणता हासिल की? विदेश जाएगा। उसने शोध में रूचि दिखाई? विदेश जाएगा। उसने विज्ञान में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया? विदेश जाएगा। यानी—जिसे हम 'मान्यता' कहते हैं, वह कहीं और है; जिसे हम 'श्रेष्ठता' कहते हैं, उसका पुरस्कार कहीं और है; और जिसका हम 'भविष्य' कहते हैं, वह भी कहीं और है। छोटे शहरों की यह स्वीकृति ही इस पलायन का वास्तविक ईंधन है। पर असली दुख यह नहीं कि वे बच्चे जाते हैं—यह दुख इसकी गहराई में है कि वे लौटकर आना भी नहीं चाहते। वे उस दुनिया में पहुँच जाते हैं जहाँ कौशल को पहचान मिलती है, जोखिम को सम्मान, और सवाल पूछने वालों को जगह। वहाँ उन्हें अपने विकास का सही परिवेश मिलता है—जहाँ विचारों की गति धीमी व्यवस्था की दीवारों से नहीं टकराती। और जब वर्षों बाद उन्हें अपने शहर की याद आती भी है, तो वह सिर्फ भावनात्मक रहती है; व्यावसायिक नहीं। वे देखते हैं कि उनका शहर अब भी वही है—वही धीमी फाइलें, वही भ्रष्ट तंत्र, वही अवसरों की किल्लत। ऐसे में वे लौटकर यहाँ क्या करेंगे? यही सवाल उन्हें रोके रखता है। 'ब्रेन ड्रेन का मतलब सिर्फ बच्चों का जाना नहीं है—यह छोटे शहरों का ठहर जाना है। शहर रुक जाते हैं, और बच्चे उड़ जाते हैं। शहर पुरानी सोच में जकड़े रहते हैं, बच्चे नए विचारों के साथ निकल जाते हैं। जब शहर अवसर नहीं बना पाते, बच्चे उन्हें खोजने बाहर जाते हैं। यह सिलसिला हर साल, हर घर, हर पीढ़ी में वैसे ही दोहराया जाता है, जैसे यह किसी अपरिहार्य नियम का हिस्सा हो। 'हमारे सामने जो 'ब्रेन ड्रेन'



दिखता है, वह कोई नैतिक अपराध नहीं, बल्कि एक भौतिक नियम है। यह पलायन विद्रोह से नहीं, विकल्पों की भयंकर कमी से पैदा होता है। प्रतिभा देशभक्त नहीं होती—वह सिर्फ़ जीवित रहना और बढ़ना चाहती है। उसे सीमाएँ नहीं, स्पेस चाहिए; उसे सेंसर नहीं, स्वतंत्र हवा चाहिए; उसे कागजी औपचारिकताएँ नहीं, तेज़ इंटरनेट और खुला मंच चाहिए। जब ये सब एक जगह मिलता है, तो प्रतिभा उधर खिंची चली जाती है—बिना नफ़रत के, बिना गुस्से के, बस इसलिए कि वहाँ साँस लेना आसान है। पानी ऊँचाई से नीचे नहीं बहता; वह सबसे कम प्रतिरोध वाले रास्ते चुनता है। प्रतिभा भी ठीक वैसी ही है। वह देश नहीं देखती, वह रुकावटें देखती है। जहाँ दीवारें कम हैं, दरवाज़े खुले हैं, वहाँ वह पहुँच जाती है—चुपचाप, स्वाभाविक रूप से। इसलिए यह शर्म की बात नहीं कि लोग जा रहे हैं; शर्म की बात यह है कि हमने उनके लिए रहने की कोई मजबूत वजह नहीं छोड़ी। जब तक हम प्रतिभा को मोहब्बत से नहीं, बल्कि ज़रूरी ऑक्सीजन की तरह उपलब्ध कराएँगे, तब तक यह बहाव नहीं रुकेगा। क्योंकि प्रतिभा कोई पवित्र कर्तव्य नहीं निभाती— वह सिर्फ़ जीती है, जहाँ जीना सबसे आसान हो। 'साइलेंट ब्रेन ड्रेन रोका जा सकता है—शोर या नारों से नहीं, बल्कि सटीक सुधार और मजबूत संरचना से; वादों से नहीं, बल्कि असली अवसरों से। छोटे शहरों को चाहिए असली विकास, आधुनिक संसाधन, नवाचार-केंद्रित नीतियाँ और प्रेरक माहौल। जब शहर आगे बढ़ेंगे, तभी प्रतिभाएँ ठहरेंगी। और जब प्रतिभाएँ ठहरेंगी, तभी भारत का संतुलन बदलेगा—न कि उन सपनों से, जो हवाई जहाज़ों में उड़ते ही इस मिट्टी का हिस्सा होना छोड़ देते हैं। तब तक, छोटे शहरों की सुबहें वैसी ही रहेंगी—साधारण, शांत, लेकिन भीतर से हर साल थोड़ी और खाली। '

**प्रो. आरके जैन**

# अपने ही घर में टेस्ट क्रिकेट की सबसे बड़ी निराशाजनक पराजय

अपने ही घर में, अपने ही मैदानों पर प्रिंस शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम जब कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में दक्षिण अफ्रीका के हाथों खेले गए पहले टेस्ट में तीसरे ही दिन बुरी तरह पराजित होकर पवेलियन लौटी थी, तभी से क्रिकेट के जानकारों ने यह साफ कर दिया था कि गुवाहाटी में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में भी अफ्रीकी गेंदबाजों की रफ्तार के आगे भारतीय टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर जाएगी। लेकिन इतनी बुरी तरह बिखर जाएगी, ऐसी कल्पना शायद क्रिकेट के पंडितों ने भी नहीं की थी! खेलों में हार और जीत चलती रहती है, लेकिन संघर्ष करके हारने वाली टीम अक्सर जीतने वाले से भी अधिक सम्मान पाती है। लेकिन भारतीय टीम के साथ विडंबना यह है कि चाहे हार हो या जीत—दोनों ही परिस्थितियों में रिकॉर्ड अपने नाम करने का गजब हुनर है! गुवाहाटी टेस्ट हार जाने के बाद भी भारत के नाम टेस्ट क्रिकेट में 408 रनों से हार का सबसे बड़ा कीर्तिमान अपने नाम दर्ज हो गया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और अश्विन के संन्यास के बाद भी टीम इंडिया के पास बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद थे, लेकिन नए अनुभवहीन कप्तान और कोच गंभीर के अकड़पन के चलते भारतीय टीम के खिलाड़ियों को मैदान में कभी खुलकर खेलने का मौका ही नहीं मिला।



इसी कारण अपने ही घर में भारत एक के बाद एक टेस्ट सीरीज पिछले काफी समय से हारता ही जा रहा है। बकौल— 'जीत का सेहरा कप्तान और कोच दोनों ही बराबरी से बांधते हैं, तो टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे बड़ी पराजय की जिम्मेदारी भी दोनों को बराबर रूप से स्वीकार करनी चाहिए' न कि सिर्फ खिलाड़ियों के अच्छा नहीं खेलने भर कह देने से कप्तान और कोच हार की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर अक्सर हाथ बांधे, मुंह चढ़ाए बैठे रहते हैं।

उन्हें शायद ही कभी खिलाड़ियों को मुस्करा कर प्रेरित करते या उनमें जोश भरते देखा नहीं गया हो। कोच गंभीर ने अपने नाम के अनुरूप टीम को इतना 'गंभीर' बनाए रखा कि युवा खिलाड़ियों से सजी टीम अपना नैसर्गिक खेल ही नहीं खेल पाई हे जिसके चलते भारत अपने ही घर में, अपने ही दर्शकों के सामने, इस कदर हारने लगा कि अब टेस्ट क्रिकेट की सबसे बड़ी हार का सेहरा भी भारत के सिर बंध गया है। अलबत्ता, हम भविष्य में क्रिकेट में चाहे कितना भी बेहतर खेल लें या कितनी भी बड़ी जीत दर्ज कर लें, लेकिन अपने ही घर में एक छोटे कद के अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा द्वारा दी गई टेस्ट क्रिकेट की इस सबसे बड़ी और निराशाजनक पराजय के बदनुमा चोट के घाव को भारत न तो कभी मिटा पाएगा और न ही कभी भूल पाएगा।

**अरविंद रावल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी के सामान के साथ चोर गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर हरिराम यादव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रुद्रपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 427/2025 धारा 305 बीएनएस0 से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त मारकण्डेय मणि त्रिपाठी उर्फ साहेब पुत्र स्व0 लालजी मणि त्रिपाठी ग्राम सरयां थाना मदनपुर जनपद देवरिया को मुखबिर की सूचना पर सरकारी खाद्य वितरण भवन भभौली के पास से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी गया एक गैस सिलेण्डर व एक गैस चूल्हा बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि 24 नवम्बर को प्राइमरी पाठशाला भभौली के प्रधानाध्यापिका द्वारा तहरीरी सूचना देकर अवगत कराया गया कि प्राथमिक विद्यालय से गैस सिलेण्डर व एक गैस चूल्हा किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 दिनेश राम, हे0का0 भवर पाल सिंह,का0 संजय कुमार एवं का0 सुमित राजभर शामिल रहे।

### पूर्व राज्य मंत्री गोरख प्रसाद निषाद का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**बरहज, देवरिया।** पूर्व राज्य मंत्री गोरख प्रसाद निषाद का शनिवार को सरयू तट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। तहसीलदार अरुण कुमार व प्रभारी निरीक्षक दिनेश मौर्य के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। 82 वर्षीय गोरख प्रसाद निषाद का निधन लखनऊ के लोहिया अस्पताल में हुआ। जनसंघ से राजनीति शुरू करने वाले निषाद आपातकाल व श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान जेल भी गए थे। बाद में भाजपा सरकार में उन्हें मत्स्य एवं पशुधन राज्य मंत्री बनाया गया। निधन पर केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान, विधायक दीपक मिश्र शाका समेत कई जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया।

**मछुआ समाज ने भी जताया शोक**

मछुआ समाज की बैठक में पूर्व सह संयोजक जितेन्द्र भारत ने कहा कि गोरख प्रसाद निषाद ने शिक्षा से जुड़कर समाज को नई दिशा दी। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

### एसजेपीयू की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित



**देवरिया।** पुलिस लाइन में एसजेपीयू की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी ने की व संचालन संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी ने किया। बैठक में बाल विवाह रोकथाम मुख्य विषय रहा। अधिकारियों को बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में नियमों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत नाबालिग लड़के-लड़की का विवाह कराने पर दो वर्ष की सजा व एक लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान है। किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना 1098, 181, 112 पर देने की अपील की गई। बैठक में स्वास्थ्य, श्रम विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, JJ बोर्ड, AHT, वन स्टॉप सेंटर व चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विषयों पर जानकारी दी। बैठक में सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### खिचड़ी मेले से जुड़े सभी कार्य 20 दिसंबर तक पूरे किए जाएं : योगी

**गोरखपुर-** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले से जुड़े सभी कार्य 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। योगी ने कहा कि खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत प्राथमिकता होनी चाहिए और यह ध्यान रखा जाए कि श्रद्धालुओं को कहीं कोई दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री ने शनिवार पूर्वाह्न गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में खिचड़ी मेले की तैयारियों को लेकर महापौर और अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले से न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश वरन बिहार, नेपाल से लेकर देश-दुनिया के सनातन मतावलंबियों की आस्था जुड़ी है। इसके दृष्टिगत मेले में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाये जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। दूरदर्शन व आकाशवाणी के जरिए मेले का सीधा प्रसारण किया जाएगा ताकि वे लोग भी मेले में सहभागी हो सकें जो किंचित कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पा रहे हों।

## कोर्ट के आदेश पर पति ने पत्नी व ससुराल वालों पर दर्ज कराया केस, मासूम की संदिग्ध मौत से दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां -गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपुरवा गांव में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला वैवाहिक विवाद, स्त्रीधन, अवैध संबंध और मासूम की संदिग्ध मौत से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पीड़ित पति दुर्गेश चौहान की ओर से लगाए गए आरोपों ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। भरपुरवा निवासी दुर्गेश चौहान पुत्र श्रीराम चौहान का विवाह 2 नवंबर 2022 को नगवा निवासी मोनिका, पुत्री राकेश के साथ हुआ था। शादी के बाद 28 सितंबर 2023 को बेटे का जन्म हुआ। दुर्गेश का आरोप है कि बच्चा होने के बाद मोनिका अक्सर तलाक देने की बात करती थी और वैवाहिक जीवन में मनमुटाव बढ़ता जा रहा था। इसी बीच रिश्तों में खटास इस कदर बढ़ी कि 19 जून 2024 को मोनिका कथित तौर पर सारा स्त्रीधन लेकर घर छोड़कर चली गई और




अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ रहने लगी।

पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी का गांव के ही एक युवक अखिलेश से संबंध था, जिसके कारण परिवार में लगातार विवाद बना रहता था। आरोप है कि दोनों के बीच पैदा हुआ बच्चा उनके संबंधों में बाधा बन रहा था, और इसी वजह से बच्चे को साजिशन मार दिया गया। दुर्गेश के अनुसार यह घटना किसी हादसे का रूप देकर छिपाने की कोशिश की गई। दुर्गेश ने बताया कि उसने इस घटना की शिकायत सहजनवां थाने से लेकर उच्चाधिकारियों तक की, लेकिन किसी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार न्याय के लिए उसने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पुलिस हरकत में आई और पत्नी मोनिका, उसके परिवार के सदस्य राकेश, विजय उर्फ विट्टू और अखिलेश के खिलाफ गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बच्चे की मौत के कारणों, कथित संबंधों और स्त्रीधन विवाद सहित पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है। मामले के तथ्यों को खंगालने के लिए पुलिस पीड़ित, आरोपी पक्ष और स्थानीय लोगों के बयान भी दर्ज कर रही है। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। वहीं पीड़ित दुर्गेश का कहना है कि वह अपने बच्चे को न्याय दिलाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला एक ओर जहां वैवाहिक विवादों की कड़वाहट को दिखाता है, वहीं दूसरी ओर संवेदनहीनता और रिश्तों में फैलती दरारों का भयावह रूप भी सामने लाता है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही सच सामने आ सकेगा।

### सपा नेता हफीज मलिक ने SIR को लेकर लगाया कैंप

**मनकापुर, गोंडा-** गौरा विधानसभा के सपा नेता हफीज मलिक ने गौरा चौकी बाजार में समाजवादी कार्यालय पर दो दिवसीय SIR फार्म भरने के लिए कैंप का आयोजन किया है। हफीज मालिक ने बोलते हुए कहा है कि मेरे द्वारा 301 गौरा विधानसभा में गांव-गांव LED VAN चलवाकर पर्चा बटवा कर SIR को लेकर सभी से फॉर्म भरने के लिए अपील किया है एक भी वोट छुटने ना पाए जब हम मतदाता रहेंगे तभी लोकतंत्र को बचा सकते हैं। और तभी PDA को मजबूत कर सकेंगे। और कहां है कि एक छोटी सी लापरवाही आपको मत देने का अधिकार खत्म कर देगी। मैंने सोशल मीडिया पर भी बार-बार सभी से अपील किया है की स्ढ्क्र फॉर्म को जरूर भरे। उन्होंने बताया कि हमारे पास क्षेत्र के कई लोगों का फॉर्म भरने का काम किया गया और आज भी किया जाएगा। इस मौके पर सुनील शर्मा, समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के ओम प्रकाश यादव, शशांक यादव, आदित्य यादव, अली हसन, राकेश, आशीष मौर्य, इबरार, मोहम्मद,छोटी शर्मा, जुगनू, नौशाद, शादाब, सैकड़ो कार्यकर्ता क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### गोला में विद्युत कर्मियों ने चलाया जागरूकता अभियान, उपभोक्ताओं को मिली राहत योजना की जानकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर -** गोला में शुक्रवार को विद्युत बिल राहत योजना 2025 के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक करने हेतु विद्युत विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। उपखंड अधिकारी रमेश कुशवाहा व अवर अभियंता अजय कन्नौजिया के नेतृत्व में यह कार्यक्रम पावर हाउस परिसर से शुरू हुआ। कर्मचारी जागरूकता संदेश वाले बैनर और पोस्टर लेकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे और उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अवर अभियंता अजय कन्नौजिया ने बताया कि योजना के अंतर्गत एक व दो किलोवाट के घरेलू उपभोक्ताओं तथा एक किलोवाट वाले व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बकाये बिजली बिलों में बड़ी राहत दी जाएगी। पुराने बकाये पर लगने वाला पूरा सरचार्ज माफ होगा, जबकि मूलधन पर भी भारी छूट मिलेगी। यह लाभ उन उपभोक्ताओं को मिलेगा जिन्होंने 31 मार्च 2025 से पहले अंतिम भुगतान किया था या जिनके बिल लंबे समय से लंबित हैं। योजना का पहला चरण 1 से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर पंजीकरण कराने की अपील की। साथ ही विद्युत चोरी से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण में भी राहत देने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में फीडर मैनेजर अनुपम कुशवाहा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला आरक्षी से छेड़छाड़ में तीन पुलिसकर्मियों पर एफआईआर, निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** महिला आरक्षी के साथ 15 मार्च को कोतवाली देहात परिसर में हुई छेड़छाड़ के मामले में आठ महीने बाद आरोपी तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस अधीक्षक ने थाने के तत्कालीन हेड कांस्टेबल अमित कुमार के साथ ही कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार व पन्नेलाल को निलंबित भी कर दिया है। 16 नवंबर को अमर उजाला में खबर प्रकाशित हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया था। 17 नवंबर को प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अब महिला आरक्षी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला आरक्षी की तहरीर के अनुसार घटना 15 मार्च 2025 की दोपहर की है, जब थाना परिसर में औपचारिक रूप से होली कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान थाने के हेड कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार और कांस्टेबल पन्नेलाल शराब के नशे में थे। आरोप है कि तीनों ने न केवल जबरन रंग लगाने की कोशिश की, बल्कि इस बहाने उन्होंने उनके शरीर को अनुचित रूप से स्पर्श किया। बताया वे कार्यक्रम में दूरी बनाकर खड़ी थीं, लेकिन तीनों कर्मियों ने उन्हें घेर लिया और धक्का-मुक्की करते हुए नजदीक आने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारी घटना को सामान्य होली-हंगामा समझकर नजरअंदाज करते रहे। वह शोर मचाकर खुद को बचाने के प्रयास में परिसर में खड़े एक ट्रैक्टर पर चढ़ गई लेकिन तीनों ट्रैक्टर पर भी चढ़ने लगे। चोट लगने के डर से वह नीचे उतरीं तो दीवान व अन्य सिपाहियों ने छेड़खानी की। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना प्रीति वर्मा को सौंपी गई है।

**पहले भी की थी छेड़खानी को कोशिश**

महिला आरक्षी ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि हेड कांस्टेबल अमित कुमार पहले भी एक बार उनके साथ अनुचित तरीके से छूने की हरकत कर चुके थे। उस समय उन्होंने मानवता के नाते मामले को आगे बढ़ाने के बजाय चेतावनी देकर छोड़ दिया था। उनका कहना है कि उनके शांत रवैये का आरोपितों ने गलत तरीके से फायदा उठाया और इस बार टीम बनाकर उनके साथ गलत व्यवहार किया।

**थाने पर की शिकायत, मगर दब गई फाइल**

घटना के बाद 15 मार्च की शाम को ही महिला आरक्षी ने प्रभारी निरीक्षक को लिखित शिकायत सौंपी थी। तीनों कर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग भी की थी, लेकिन न तो इस शिकायत को दर्ज रोजनामचा में अंकित किया गया और न ही कोई प्रारंभिक जांच शुरू हुई। थाने पर मौजूद कुछ लोगों ने इसे त्योहार की मौज-मस्ती से जोड़ दिया, जिससे पीड़िता और अधिक आहत हुई। थाने पर कोई कार्रवाई न देख महिला आरक्षी ने 17 मार्च को अपर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। अपर पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच क्षेत्राधिकारी को सौंप दी। लेकिन, काफी समय बीतने के बाद भी न तो दीवान व आरक्षियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई और न ही विभागीय कार्रवाई।

## मुख्य विकास अधिकारी सभागार में एनसीडी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित

### ●अधिकारियों-कर्मचारियों ने कराई शुगर, बीपी व अन्य स्वास्थ्य जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के दिशा-निर्देशों के अनुसार दिनांक 29 नवंबर 2025 को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सभागार में एनसीडी (Non Communicable Diseases) स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विभिन्न विभागों के अधिकारियों,



कर्मचारियों तथा अन्य स्टाफ ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी नियमित स्वास्थ्य जांच कराई। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ,शुगर (डायबिटीज) जांच, ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) जांच, स्ट्रेस काउंसलिंग, दंत (डेंटल) जांच की सुविधाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बताया कि नियमित एनसीडी स्क्रीनिंग से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर जैसे रोगों की पहचान समय रहते हो जाती है, जिससे इनकी रोकथाम और उपचार सरल हो जाता है।सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने संदेश जारी कर कहा कि सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारी जिम्मेदारीपूर्ण कार्य करते हैं, ऐसे में उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार व तनाव प्रबंधन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच कराकर जागरूकता का संदेश दिया।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में थाना हथिगवां पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास के अभियोग से संबंधित एक अभियुक्त शिवा सरोज को गिरफ्तार किया गया।बीते 21सितंबर को ग्राम बरना थाना हथिगवां में पुरानी रंजिश को लेकर वादी पर शिवा सरोज, सत्यम सरोज, राम प्रताप सरोज व मनीष सरोज ने लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया। सत्यम व राम प्रताप ने वादी को पकड़ रखा था और शिवा व मनीष ने सिर पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे वादी बेहोश होकर गिर पड़े। बीचबचाव करने आये भतीजे को भी मारा-पीटा गया। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। इस संबंध में थाना हथिगवां में 04 लोगों पर नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना हथिगवां उप निरीक्षक अजय कुमार मयहमराह का0 अनिल यादव द्वितीय, का0 गौरव कुमार, म0का0 पूजा द्वारा दर्ज मुकदमा से संबंधित एक अभियुक्त शिवा सरोज पुत्र मुनीम सरोज, निवासी ग्राम बरना कल्यानगढ़ थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत मौर्या तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

### चोरी और हत्या मामलों में पुलिस ने 6 को किया गिरफ्तार

**देवरिया।**पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में रुद्रपुर पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पहले मामले में प्राथमिक विद्यालय भभौली से चोरी हुए गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा बरामद करते हुए पुलिस ने अभियुक्त मारकण्डेय मणि त्रिपाठी उर्फ साहेब को गिरफ्तार कर मुकदमे में धारा बढ़ोतरी कर आगे की कार्रवाई की। दूसरे मामले में खेलने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में विशाल निषाद, अखिलेश निषाद, टाइगर निषाद, विजय निषाद व दीपक निषाद को गिरफ्तार किया गया। पीड़ित राजेश गंभीर रूप से घायल हुआ था। सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है।

## देवरिया पुलिस का चला सुरक्षा अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े प्रमुख अभियान एक साथ संचालित किए गए।

**मॉर्निंग वॉकर चेकिंग अभियान**

सुबह 5 से 8 बजे तक चले अभियान में पुलिस ने 18 स्थानों पर 409 व्यक्तियों और 229 वाहनों की जांच की। अधिकारियों ने मॉर्निंग वॉक करने वालों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी।

**बैंक-एटीएम सुरक्षा जांच**

जिलेभर के सभी थाना प्रभारियों ने बैंकों, एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्रों और पेट्रोल पंपों की गहन चेकिंग की। सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था और संभावित असामाजिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**यातायात माह समापन समारोह**

स्प्रिंग साइन एकेडमी, खरजरवां में एएसपी (उत्तरी) आनंद कुमार पांडेय ने यातायात माह नवंबर-2025 का समापन किया। निबंध, चित्रकला व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। एएसपी ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया।

**मिशन शक्ति/एंटी रोमियो अभियान**

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत भटनी, खामपार सहित विभिन्न क्षेत्रों में टीमों ने महिलाओं व छात्राओं को 112, 1090, 1098, 181, 1930 सहित सभी आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और पंपलेट वितरित किए। देवरिया पुलिस ने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेंगे ताकि जिले में सुरक्षा, विश्वास और कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

## सांसद रवि किशन ने किया सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** रीजनल स्टेडियम गोरखपुर में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर तथा गुब्बारा उड़ाकर महोत्सव की औपचारिक शुरुआत की। उद्घाटन के साथ पूरे परिसर में खेल भावना, देशभक्ति और उत्साह का जोश देखने को मिला। स्टेडियम में छात्रों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, विधायक सहजनवां प्रदीप शुक्ला, विधायक कैंपियरगंज फतेह बहादुर सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच चन्द्र विजय सिंह, मनीष सिंह, खेल संयोजक समरेंद्र बहादुर सिंह तथा विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।



अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया, जबकि उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा।

उद्घाटन संबोधन में सांसद रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को गति देने में सांसद खेल महोत्सव बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि मन को अनुशासित और ऊर्जावान रखते हैं। युवाओं को खेलों से जोड़ना और गोरखपुर को खेल हब के रूप में विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ी देश-विदेश में लगातार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में यही युवा ओलंपिक में भारत का तिरंगा ऊँचा करेंगे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम बने आकर्षण का केंद्र**

विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और योग के मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने उत्साहपूर्वक सराहा।

**100 मीटर दौड़ से बढ़ा रोमांच**

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद एथलेटिक्स की 100 मीटर रेस ने स्टेडियम का उत्साह चरम पर पहुँचा दिया। आने वाले दिनों में कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, बैडमिंटन सहित कई खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। उत्साह और उमंग के साथ महोत्सव का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। खिलाड़ियों और दर्शकों को अगले चरण के मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार है।

## पूजा की अगरबत्ती बनी काल! पेट्रोल गैलन के पास माचिस फेंकने से भड़की आग, महिला रानू की झुलसकर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/गोरखपुर-** धार्मिक आस्था के साथ एक छोटी सी लापरवाही ने ग्राम बेलडाड़ की एक महिला रानू की जान ले ली। खजनी स्थित दुकान में पूजा के लिए अगरबत्ती जलाने के दौरान हुए इस भयानक हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।मिली जानकारी के अनुसार, दुकान के अंदर एक गैलन में पेट्रोल रखा हुआ था, जो संभवतः नीचे फर्श पर फैल चुका था। अज्ञानतावश, रानू ने अगरबत्ती जलाने के बाद जलती हुई माचिस की तीली वहीं फेंक दी। ज्वलनशील पेट्रोल ने तुरंत विकराल आग पकड़ ली और महिला बंद कमरे में बुरी तरह झुलस गई। परिजनों ने आनन-फानन




में उन्हें गंभीर हालत में गोरखपुर मेडिकल कॉलेज पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। पेट्रोल जैसी खतरनाक सामग्री को घर या दुकान में रखने और लापरवाही बरतने का यह दर्दनाक परिणाम सामने आया है। इस हादसे ने एक बार फिर सुरक्षा नियमों की अनदेखी के गंभीर खतरे को उजागर किया है।

### स्वतंत्रता आंदोलन के सूत्रधार थे मातादीनः चंद्रभूषण

**देवरिया।** सपा जनसंपर्क कार्यालय डुमरी में मातादीन भंगी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि मातादीन भंगी ने अंग्रेजी दासता और जातिगत भेदभाव के खिलाफ जो आवाज उठाई, वही 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी बनी। बैरकपुर छावनी में खलासी रहे मातादीन भंगी ने कारतूसों में चर्बी का सच बताकर सैनिक विद्रोह को प्रेरित किया, जिसके चलते 8 अप्रैल 1857 को उन्हें फाँसी दे दी गई। उन्होंने कहा कि मंगल पांडेय से हुई घटना ने छावनी में विद्रोह की नींव रखी और मातादीन भंगी इस आंदोलन के प्रथम सेनानी बने। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन पर आईएमए कानपुर में शोक सभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा आज दिनांक 29 नवंबर 2025 दिन शनिवार को सायं 4: 30 बजे कानपुर के पूर्व सांसद एवं मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल जी के निधन पर एक शोक सभा आयोजन आईएमए के सेमिनार हाल में किया गया। आईएमए कानपुर की ओर से हम स्वर्गीय मंत्री जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं। कोयला मंत्री रहते हुए उन्होंने IMA के विकास कार्यों में विशेष सहयोग किया। आईएमए चैरिटेबल ब्लड सेंटर के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान समाज हित में सदैव स्मरणीय रहेगा। इसके साथ ही IMA को एक एम्बुलेंस प्रदान कर उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सक्षम बनाने में अहम भूमिका निभाई।




वे IMA के लिए हमेशा तत्पर रहते थे- जब भी किसी कार्य के लिए सहायता की आवश्यकता होती थी, वे निस्संकोच आगे बढ़कर सहयोग करते थे। उनकी सरलता, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण को IMA Kanpur सदैव सम्मान के साथ याद रखेगा। शोक सभा में कहा गया कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। इस शोक सभा की अध्यक्षता आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ अनुराग मेहरोत्रा ने की तथा कार्यक्रम का संचालन आईएमए कानपुर की संयुक्त सचिव डॉ गुलासगुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ संतोष कुमार, डॉ आर एन चौरसिया , डॉ एस के मिश्रा , डॉ वी सी रस्तोगी, डॉ ए सी अग्रवाल, डॉ रीता मित्तल , डॉ नंदिनी रस्तोगी सभी पूर्व अध्यक्ष, डॉ दीपक श्रीवास्तव वैज्ञानिक सचिव, डॉ गौरव मिश्रा संपत्ति सचिव, डॉ रीता कुमार , डॉ सुनील कुमार आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत बलरामपुर पुलिस ने चलाया महिला जागरूकता अभियान

### ●नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम – महिला बीट अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर बढ़ाया आत्मविश्वास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर /**महराजगंज तराई बलरामपुर जनपद के सभी थाना क्षेत्र नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से थाना महाराजगंज तराई हरैया ललिया तुलसीपुर पचपेड़वा जारवा कोतवाली नगर, कोतवाली देहात,आदि की पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत महिला जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यह अभियान थाना महाराजगंज तराई प्रभारी थानाध्यक्ष राम मोहन सिंह के नेतृत्व में




चलाया गया।

कार्यक्रमों के दौरान थाना महाराजगंज तराई उप निरीक्षक आकांक्षा तिवारी महिला बीट अधिकारी सपना राज, अनीता गुप्ता, श्रेता मद्धेशिया मुख्य आरक्षी तेरसराम यादव, ओम प्रकाश आरक्षी प्रमोद कुमार द्वारा कस्बों व ग्राम पंचायतों में पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने चौपालों पर महिलाओं की समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण का भरोसा दिया।

पुलिस टीम का नेतृत्व कर रही उप निरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपात सेवा-112, एम्बुलेंस-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 व साइबर हेल्पलाइन-1930 जैसे जरूरी नंबरों की जानकारी दी।

अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न घरेलू हिंसा कानून तीन नए कानून,महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस ने सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी व पंपलेट वितरित कर महिलाओं को जागरूक किया।

थाना स्तर पर नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली एवं सुविधाओं के बारे में भी बताया गया ताकि महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए वहां संपर्क कर सकें। थाना महाराजगंज तराई प्रभारी थानाध्यक्ष राम मोहन सिंह ने कहा– मिशन शक्ति अभियान का मकसद सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानित बनाना है। बलरामपुर पुलिस इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है ताकि हर महिला सुरक्षित महसूस करे। कार्यक्रम में थाना महाराजगंज तराई के मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव, ओम प्रकाश, आरक्षी प्रमोद कुमार महिला अराक्षी सपना राज, अनीता गुप्ता, श्वेता मद्धेशिया सहित पुलिस बल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मैलानी कस्बे में पूजा एवं हवन-पूजन का भव्य आयोजन



**मैलानी।** कस्बे के दामोदरपुर वार्ड नंबर 6 एवं वार्ड नंबर 10 में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव की पारंपरिक पूजा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई, जिसे विवेक मिश्रा द्वारा पूर्ण वैदिक रीति से संपन्न कराया गया। ग्रामीणों ने आहुतियाँ देकर गांव की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सफल व भव्य बनाया। पूरे आयोजन के दौरान आध्यात्मिकता, सौहार्द और सामुदायिक एकता का सुंदर वातावरण बना रहा।

### ग्राम पंचायत पैला खुलेआम स्वाछता अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां सफाई कर्मी मौन



**नीमगांव खीरी** - खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत पैला में औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की गुणवत्ता परखी । वहीं गांव की साफ-सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई और सफाई कर्मचारी पर जमकर लताड़ लगाई। बेहजम ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पैला में खंड विकास अधिकारी शरद कुमार ने विकास कार्यों का जायजा लिया वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय में बन रहे खेल मैदान सहित गांव की साफ-सफाई व्यवस्था को भी देखा।जिस पर ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार से गांव की साफ-सफाई व्यवस्था न होने पर सफाईकर्मी सुशील कुमार पर जमकर लताड़ लगाई। ।इस मौके पर एडीओ पंचायत शिवा शीष श्रीवास्तव,एडीओ आई एस बी वीरेंद्र भट्ट,ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा पंचायत सहायक हाफिज खां सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जिला अधिवक्ता परिषद ने मनाया संविधान दिवस, बाबा साहब के योगदान पर की चर्चा

**चित्रकूट:** जिला अधिवक्ता परिषद द्वारा शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता भारती के चित्र पर माल्यार्पण तथा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इसके बाद संविधान एवं संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने संविधान में वर्णित कानून के अनुरूप चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संरक्षक सूर्यबली त्रिपाठी ने सभी नागरिकों से संविधान में वर्णित अधिकारों और कर्तव्यों का गंभीरता से पालन करने की अपेक्षा की। काशी प्रांत के सदस्य हेमराज सिंह ने डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व और विचारों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ शताब्दी वर्ष में प्रस्तावित पंचमुखी विकास योजना पर चर्चा की और उसके क्रियान्वयन में सहयोग की अपील की। इस दौरान संघचालक कर्वी नगर आदर्श कुमार श्रीवास्तव, जिला अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष अखिलेश ओझा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभा का संचालन परिषद के महामंत्री राजेश प्रसाद मिश्र ने किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान कर किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, अधिवक्ता चंद्रमौलि मिश्र, अजय मौर्य, राजेश शुक्ल, रवि माथुर, रमेशचंद्र विश्वकर्मा, शुभम मिश्र, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### केक काटकर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**चित्रकूट:** लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) के पदाधिकारियों ने शनिवार को पार्टी का 25वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव विधान परिषद प्रत्याशी देवेश कुमार सिंह, बुन्देलखण्ड महासचिव रमेश भूषण, मण्डल अध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता, जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किशोरी की हुई थी हत्या चोटी का मां से डीएनए मैच आज मिला पैर का कंकाल पड़ा मचा हड़कंप

**● घटना उलझी परंतु सवाल उत्पन्न हो रहे हैं किशोरी की हत्या कब हुई किसान ने गन्ने की सिंचाई गुड़ाई भी की होगी तव चोटी नहीं थी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/क्योलडिया।** थाना क्षेत्र के गांव सतवन पट्टी से 11 महीने पहले लापता हुई 16 वर्ष की सोविन निशा की कहानी एक हत्याकांड में बदल चुकी है शुरुआत में पुलिस को उसकी गुमशुदगी का कोई सुराग नहीं मिला लेकिन 9 महीने बाद जंगल के रास्ते में एक गन्ने के खेत से मिली एक चोटी का डीएनए कराया गया वह सोविन निशा की मां से मैच हो गया पुलिस को आशंका है कि सोवित निशा लापता नहीं हुई बल्कि उसकी हत्या कर दी गई। डी एन ए मैच होने के बाद पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट को हत्या में में बदल दिया है ज्ञात रहे 8 जनवरी 2025 को सोवित निशा के पिता थाने पहुंचे उन्होंने पुलिस को बताया कि उसकी 16 वर्ष की बेटी 7 जनवरी की रात अचानक कहीं लापता हो गई आरोप लगाया घर से वह ढाई लाख रुपये, आधा तोला सोनाऔर एक मोबाइल भी साथ ले गई पिता की शिकायती तहरीर पर पुलिस ने अपहरण की धारा में प्राथमिक की पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। पुलिस की जांच में ऐसा कोई सबूत हाथ नहीं आया जिससे पता चले कि आखिर सोविन निशा कहां गई उसका मोबाइल भी गांव में भी बंद हो गया इसके बाद कभी दोबारा नहीं खुला पुलिस ने अपने मुखबिर लगाए उसके मोबाइल की सी डि आर निकलवाई है लेकिन उससे भी ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे किसी पर शक किया जा सके इसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर तमाम लोगों को उठाकर थाने लाई इसी मामले में एक युवक नेतो अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर ली संदिग्धों के भी सी डी आर निकाले मगर किसी भी सी डी आर से कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद भी पुलिस ने हार नहीं मानी और विवेचना जारी रखी 9 महीने बाद 14 सितंबर को गांव के ही गेंदन लालके गन्नै के खेत में एक गुथी हुई जड़ समेत उखडी हुई चोटी मिली और कुछ ही दूरी पर एक सलवार सूट भी मिला जो वही था जो परिजनों ने गुमशुदगी के दौरान दिखाया था पुलिस ने चोटी का डीएनए जांच के लिए भेजा जो सोवित निशा की मां से मैच कर गया इससे तो स्पष्ट हो गया की चोटी और कपड़े पुलिस ने बरामद किए थे। वह सोविन निशा के ही थे डी एन ए रिपोर्ट आते ही पुलिस ने गुमशुदगी के मुकदमे को हत्या में बदल दिया और



जांच शुरू कर दी पुलिस ने कई संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी लेकिन अभी तक यह पता नहीं चला कि उसकी हत्या आखिर किसने की पुलिस का कहना है कि जल्दी सोविन निशा की हत्यारोपीयो को गिरफ्तार किया जाएगापुलिस का कहना है की चोटी और कपड़े मिलने के बाद अपनों के ऊपर ही शक गहरा गया है। ऐसा संभव नहीं किसी जिंदा इंसान की चोटी को जड़ समेत उखाड़ लिया जाए यह तब संभव है जब व्यक्ति की मौत हो चुकी है ऐसे में कईअपने ही पुलिस की रडार पर है जिनसे पूछताछ जारी है लेकिन आज नदी किनारे एक पैर का कंकाल मिला और चोटी मिलने से यह स्पष्ट हो गया कि किशोरी की हत्या की गई और और स्पष्ट हो रहा है और प्रतीत हो रहा है कि या तो अपनी इज्जत बचाने की खातिर किसी अपने ने ही युवती की हत्या की है आज पर का कंकाल मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

## नील गाय को बनाया बाघ ने अपना निवाला



**लखीमपुर मैलानी।** वन रेंज के महुरेना गांव में शनिवार सुबह एक बाघ ने नीलगाय पर हमला कर उसे मार डाला। हमला करने के बाद बाघ अपने शिकार को घसीटकर पास के भगवानदीन के गन्ने के खेत में ले गया।इस घटना से गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर फारेस्ट गार्ड सागर कुशवाहा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।फारेस्ट गार्ड सागर कुशवाहा ने बताया कि घटनास्थल पर बाघ के स्पष्ट पगचिह्न नहीं मिले हैं, लेकिन नीलगाय के शरीर पर मिले पंजों के निशान बाघ के हमले की पुष्टि करते हैं।ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से खेतों के आसपास बाघ की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे किसानों में भय व्याप्त है। वन विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और अकेले खेतों में न जाने की अपील की है, उन्हें समूह में निकलने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने लोगों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि या बाघ की आवाजाही दिखने पर तत्काल सूचित करने के निर्देश भी दिए हैं।

# स्थायी डाक्टर की तैनाती न होने से पशुओं की चिकित्सा सेवाएं पटरी से उतरीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** कस्बे के राजकीय पशु चिकित्सालय में स्थायी डाक्टर की तैनाती न होने से पशुओं की चिकित्सा सेवाएं पटरी से उतर गई हैं।क्षेत्र के पशुपालक महंगे दामों में झोलाछाप डाक्टरों से इलाज कराने को मजबूर है।पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए तरह तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसमें टीकाकरण, गर्भाधान व बीमार पशुओं का मुफ्त इलाज के लिए चिकित्सकीय सुविधाओं पर लाखों रुपया खर्च किया जा रहा है। शासन की इन सुविधाओं का लाभ जिले के निघासन क्षेत्र के तीन पशु अस्पताल से जुड़े पशु पालकों को नहीं मिल पा रहा है। सिंगाही, तिकुनिया और बेलापरसुआ अस्पताल पशु चिकित्सक विहीन है। यहां पर नीमगांव अस्पताल के पशुचिकित्सक डॉ. सौरभ कुमार को अतिरिक्त निघासन क्षेत्र का चार्ज मिला हुआ है, जिन्हें प्रतिदिन आना सम्भव नही है। निघासन पशु अस्पताल फार्मासिस्ट सियाराम राणा, तिकुनिया पशु चिकित्सालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गुलाबसिंह और बेलापरसुआ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कर्मचारी ठगीराम सहारे चल रहे है के भरोसे चल रहे हैं। कस्बे का पशु अस्पताल दिखावा मात्र रह गया। यहां लाखों रुपये की लागत से बनी बिल्डिंग बर्बाद हो रही है। अस्पताल में अक्सर ताला ही लटकता रहता है। अस्पताल अराजक तत्वों का अड्डा बन गया है। 30 नवम्बर 2024 को सिंगाही पशुचिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार पटेल का गैर जनपद तबादला होने के बाद से निघासन क्षेत्र के



अंतर्गत तीन पशु अस्पताल एक पशु चिकित्सक के सहारे चल रहे हैं। डॉक्टर ए. के.पटेल के गैर जनपद स्थानांतरण के बाद कुछ महीने अस्पताल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुरेश चंद्र सक्सेना के सहारे चलता रहा,अस्पताल का ताला खुलता रहा लेकिन 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्ति होने के बाद से अस्पताल में ताला ही लगा रहता केवल कहने मात्र को ही रह गया कि किसी पशु डॉक्टर के अंतर्गत सिंगाही पशु चिकित्सालय है। एक पशुचिकित्सक तीन अस्पताल ऐसे में चिकित्सक भी परेशान और पशुपालक भी परेशान। चिकित्सक की कमी के कारण पशुपालकों को पशुओं की बीमारी के लिए झोलाछाप डाक्टरों का सहारा लेना पड़ता जो पशुपालकों से अच्छी खांसी रकन वसूलते और अनुभव की कमी के कारण गलत इलाज होने पर कहीं कहीं पशुपालकों को पशुओं से हांथ धोना भी पड़ जाता। सिंगाही पशुचिकित्सक की करीब 12 महीने से ज्यादा समय ट्रांफ़सर होने को हुआ जा रहा है लेकिन अभी तक किसी भी पशुचिकित्सक की तैनाती सिंगाही में नही हो पाई है। इस सम्बंध में प्रभारी सीवीओ सोमदेव चौहान का कहना है कि शासन को पत्र भेज कर निवेदन किया गया है, जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण हो जाएगा।

## पुलिस मुठभेड कः दौरान बाक्षित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**● सिकंदराबाद मे मेडिकल ब्यवसाई के घर मे लूटकांड मे सामिल था युवक।**

**तेज तर्रार नवागत थानाध्यक्ष की कार्यशैली से अपराधियो मे खौफ का माहौल।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना नीमगांव चौकी सिकन्दराबाद क्षेत्र अन्तर्गत वीति दिनांक 15.11.2025 की रात्रि में मेडिकल स्टोर संचालक को परिवार सहित बंधक बनाकर डकैती करने की घटना के सम्बन्ध में थाना नीमगांव में मु0अ0सं0 488/25 धारा 310(2)/ 317(3) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था। जिसके पश्चात कई पुलिस टीमें लगातार दबिश देकर घटना के अनावरण हेतु प्रयासरत थे। दिनांक 27.11.2025 को उक्त घटना मे शामिल 04 अभियुक्तगणो 1.मुहीब पुत्र असलम उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम कौढेय्या थाना फरधान, 02. हसरत अली उर्फ छोटा तालिब पुत्र बरकत अली उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम गौरिया थाना फरधान, 3.गोपाल वर्मा पुत्र पप्पू वर्मा उम्र करीब 32 वर्ष नि0 पलिया थाना पलिया 4. तैय्यब खां पुत्र रफीक खाँ उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम गौरिया थाना फरधान को पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की गयी। उक्त अपराधियों के साथ घटना में शामिल वांछित अभियुक्त राजू उर्फ हासिम पुत्र लियाकत उम्र 40 वर्ष निवासी थाना मितौली जिस पर लूट, डकैती, हत्या के प्रयास व गैंगस्टर सहित कुल 36 मुकदमे जनपद खीरी, सीतापुर, बहराइच के विभिन्न थानो मे पंजीकृत है। जोकि अत्यधिक खूंखार व शातिर प्रवृत्ति का अभ्यस्थ अपराधी है। जो नेपाल राष्ट्र मे भी आपराधिक कृत्यो मे सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा उक्त अभियुक्त पर 25000 रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था, विति रात दिनांक 29.11.2025 को पुलिस गस्त के दौरान उक्त अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर करके भागने का प्रयास किया जा रहा था, पुलिस मुठभेड के दौरान बाये पैर मे गोली लगने से घायल हो गया। जिसके पास से 01अदद तमंचा .315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर नाजायज व 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर व 01 अदद मो0सा0 स्पलैंडर बरामद हुई, वही अभियुक्त को हिरासत पुलिस लेकर चिकित्सय सुविधा के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

## सुजानपुर गांव मे लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य कैप



**सैकड़ो मरीजो का परिक्षण करने के पश्चात दी गई निशुल्क दवाइयां।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 28/11/2025 दिन शुक्रवार को सिंह हॉस्पिटल के गोला नया बाईपास निकट रिलायंस पेट्रोल पंप लखीमपुर खीरी के द्वारा निकटवर्ती गांव सुजानपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किपुरया गया, और दवा का वितरण किया गया। इस दौरान डॉक्टर अमोल सिंह मैनेजिंग डायरेक्टर अर्पित सिंह फार्मासिस्ट हिमांशु वर्मा जीएनएम रिंकी, ऐएनएम मोनिका हॉस्पिटल संचालक बलवंत सिंह रेखा सहित तमाम ग्रामीण व मरीज मौजूद रहे।

## मैलानी पुलिस मौन -बेखौफ फलफूल रहा कच्चीशराब /मादक पदार्थो का काला कारोबार

**● कई गांव में की जा रही बड़ी मात्रा में कच्ची शराब की सप्लाई साहब जानकर बने अनजान**


**मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक को गोपनीय जानकारी और सप्लायर का नाम नोट कराए जाने के बाद भी नतीजा सिफर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैलानी खीरी।** जनपद खीरी के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की शख्ती के बावजूद कच्ची शराब व अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगा पाने के मामलों में थाना मैलानी पुलिस की कार्यवाही प्रणाली पर सवालिया निशान लगना लाजमी है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कुकरा पुलिस चौकी के पीछे रह रहे कच्ची शराब सप्लायर के द्वारा दर्जनों गांव में बोरी भर भर कर बड़े स्तर पर कच्ची शराब के पाउच थोक के भाव में सप्लाई किए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है इतने बड़े स्तर पर हो रहे इस कच्ची शराब के कारोबार की भनक साहब को ना लगना संदेह पैदा करता है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम खंजनपुर में के एक बाग के अंदर शाम 7बजे से यह कच्ची शराब कारोबारी अपनी बाइक पर बोरी वह बड़े-बड़े झोलों में कच्ची शराब के पाउच भरकर जाता है और खुलेआम दुकान लगाकर बिक्री करते देखा जा सकता है ।शीघ्र उक्त गोरख धंधे का वीडियो वायरल कर साहब की ईमानदारी को बेनकाब किया जाने की बात सूत्रों द्वारा बताई गई है।

**कहां कहां बिकती/सप्लाई होती है कच्ची शराब-**

सूत्र बताते हैं कि कुकरा ,हजरतपुर मूडा,सिकंदरपुर,लौकिहा सहित खंजनपुर मे तौले मिस्तत्री के घर के पास खडे होकर बिक्री किये जाने की जानकारी सूत्रो द्वारा दी गई है। आखिर व्यापक स्तर पर हो रहे इस काले कारोबार की जानकारी साहब को क्यों नहीं है? क्या साहब का खुफिया तंत्र पूरी तरह फेल है या फिर किसी राजनीतिक दबाव या अन्य कारणो से इस काले कारोबार की अनदेखी की जा रही है ?सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि क्षेत्र में कच्ची शराब ही नहीं अन्य मादक पदार्थ पदार्थ की भी बिक्री पूरे जोर-शोर से किए जाने का मामला क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना है। ठीक कच्ची शराब की तरह ही झाला झाला अन्य मादक पदार्थ की भी सप्लाई बड़े स्तर पर की जा रही है। लेकिन कुकुरा पुलिस चौकी प्रभारी और प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी द्वारा इस काले कारोबार पर कोई ठोस कदम न उठाया जाना जहां चर्चा का विषय बना है वही आसानी से मिल रहे नशीले पदार्थो से युवा पीढ़ी नशे की गर्त में समाती जा रही है।




मैलानी थाना प्रभारी को अपनी कुंभ करणी नीति तोड़नी ही होगी तभी इस काले कारोबार पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सकती है। फिलहाल लोगों का इस मामले पर विश्वास टूटता नजर आ रहा है कि मैलानी पुलिस कोई कार्यवाही करेगी। गत चंद रोज पहले एस.एच.ओ. मैलानी को इस काले कारोबार में लगे चंद लोगों के नाम गोपनीय तरीके से नोट करवाए गए थे इसके बावजूद भी उक्त लोगों पर कोई कार्यवाही न किया जाना थाना मैलानी पुलिस की संलिप्तता की ओर इशारा करने को काफी है। अब देखना यह है कि थाना मैलानी पुलिस द्वारा इस मामले पर क्या रुख अख्तयार किया जाता है। क्या कहते हैं एस.एच.ओ. मैलानी ब्रजेश कुमार मौर्या जब उक्त मामले पर एस.एच.ओ. बी.के.मौर्य से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो घंटी वजती रही लेकिन साहब का फोन किसी कारणबश न उठने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नही मिल सकी। पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला गोकर्णनाथ से मामले की जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि मामला हमारे संज्ञान मे आया है मामले की जांच कराकर कार्रवाही की जायेगी।

# जब लक्ष्मी जी मेहरबान तो क्या करे थानेदार मैलानी

**● न्याय के लिये भटकती पीडिता को दी जा रही गाली और आरोपी की ताल पर थिरकते नजर आ रहे जनाब**

**आरोपी को बचाने को खिलायी पीडिता को उसके चारों बच्चो की कसम फिर कहा गवाह लाओ जिसके सामने दिये पैसा गवाहो की गवाही लेने के बाद पीडिता को देर शाम तक चौकी मे बैठाये रखा और फिर भगा दिया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मामला थाना मैलानी क्षेत्र के गांव लालजीपुर काहै।जहा पर एक अनुसूचित जाति की विधवा बेसहारा महिला से ग्राम कंजा निवासी सुरेश चंद पुत्र राजाराम के के द्वारा रुपया 220000 की ठगी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक खीरी को दिये गये प्रार्थना पत्र मे आरोप लगाया है कि सुरेश चंद का उसके रिश्तेदार के घर आना जाना था जिससे वह उसको भलीभाति जानती थी और काफी विश्वास करती थी। पीडिता ने बताया उसका एक जमीनी विवाद न्यायलय मे चल रहाथा। जिसकी जानकारी पीडिता ने सुरेश को दी तथा मदद मांगी। तो सुरेश ने बताया न्यायलय मे उसके एक अधिकारी से बहुत अच्छी पकड है अगर वह ढा ई लाख रूपये खर्च कर दे तो वह उसके पक्ष मे आर्डर करवा देगा। मामला सन 2015 का है। पीडिता के काफी




कहने सुनने के बाद सौदा दोलाख बीस हजार मे तय हु आ। पीडिता ने अपना एक बीघा खेत बेंचकर उक्त सुरेश को पैसा दे दिया ।काफी समय बीत गया तब पीडिता ने कहा अभी काम हु आ नही तो सुरेश ने कहा जल्दबाजी मत करो आपके पक्ष मेही आर्डर हो गया है। जब पीडिता का काम नही हुआ और पता चला कि पैसा सुरेश पी गयाहै पीडिता ने अपने को ठगा महसूस करते हुये थाना मैलानी मे प्रार्थना पत्र दिया तो उक्त सुरेश ने पुलिस के सामने एक माह मे पैसा देने की लिखा पढी की और उसे छोड दिया गया ।तब से आज क ई साल गुजर गये पैसा वापस नही देताहै और वह व उसकी पत्नी पैसा मांगने जाने पर जान से मार देने व जातिसूचक भददी भददी गालियां देने लगती है।जिसकी शिकायत पीडिता ने थाना मैलानी मे की को ई कार्यवाही नही की गयी ।पुलिस और आरोपी की मिलीभगत से तंग होकर मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की जिसमे श्रीमान जी ने थाना प्रभारी मैलानी को कार्रवाई करने को फोन किया गया था लेकिन को ई.कार्रवा ई नही की गयी।तो पुनः शपुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगा ई तो उससे नाराज चौकी प्रभारी ने चौकी बुलाकर सुबह से शाम तक जमीन मे बेठाये रखा और शाम को यह कहते हुये कल आना भगा दिया।यह खेल तीन दिन तक करते रहे ।आरोपी को बुलाकर कुर्सी पर बैठाकर उसकी खातिरदारी की जाती रही ।उक्त आरोप लगातेहुये पीडिता ने आशंका जतायी है कि मैलानी पुलिस विपक्षी से मिल गयीहै और उसको थाने से बार बार छोड दिया जा रहा है। पीडिता ने दूसरा गंभीर आरोप यह भी लगायाहै कि उसने सी.एम .पोर्टल पर भी तीन चार शिकायते की सभी मे उसकी फोटो खींचकर चौकी प्रभारी कुकुरा ने मनमानी फर्जी झूठी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को भी गुमराह कर दियाहै।इतना ही नही अपने चहेते ठगी के आरोपी से मिली सुबिधा शुल्क के चलते चौकी मे पीडिता को काफी बुरी बुरी गालिया और जातिसूचक शब्दो से नवाजा गया। अपने साथ हो रहे इस व्यवहार से परेशान पीडिता ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार मे लगा ई गयी फर्जी आख्या और अबतक दिये गये प्रार्थना पत्र लेकर पेश होने और न्याय न मिलने तक आमरण अनशन पर बैठने की बात कही है और मुख्यमंत्री पोर्टल पर पुनः शिकायत कीहै।अब देखना यह है कि पीडिता को न्याय दिलाया जाताहै या फिर पहले की भांति ही आरोपी की ताल पर थिरकते नजर आयेंगे जनाब।आखिर घटना की रिपोर्ट दर्ज करने से क्यो बच रहे है।प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी यक्ष प्रशन बनाहै जिसका उत्तर किसी भी सक्षम अधिकारी केपास भी ढूढे नही मिल पा रहा है। इस मामले पर थाना प्रभारी मैलानी ने बताया कि आरोपी को बुलाया गया था मै व्यस्त था ईसलिये उसे छोडदिया गयाहै मामले को बाद मे समय मिलने पर दिखवाया जायेगा।

# लखीमपुर के शायर डॉक्टर अख़लाक़ का दिल्ली मनाएगी जश्न

**● उर्दू अकादमी दिल्ली की मदद से भारतीय महिला विकास समिति देहली मनाएगी 'अदब की रोशनी में जश्ने डॉक्टर अख़लाक़ 'उनकी किताब 'संदल ', 'मुट्ठी भर सूरज' मचा चुकी है धूम जल्द ही 'ज़ख्मदान' भी मंज़र-ए-आम पर आने वाला है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** दशकों से शेरो शायरी के जरिए लोगों की धड़कन बने डॉ0 अख़लाक़ के सम्मान में दिल्ली में जश्ने डॉ0 अख़लाक़ मनाया जाएगा, जिसमें पूरे हिंदुस्तान के शायर और तमाम बुद्धजीवी शामिल होंगे। दिल्ली के नागलोई मेट्रो स्टेशन के निकट सुरभि स्टूडियो में होने वाले इस सम्मान समारोह के मौके पर ऑल इंडिया मुशायरा भी आयोजित किया गया है। अगर डॉ0 अख़लाक़ की बात करे तो उनका जन्म 1972 में यूपी के सीतापुर ज़िले के हरगांव क़स्बे के पास इस्माईलपुर में हुआ। उन्होंने सन् 1995 में शायरी की दुनिया में क़दम रखा और वह शुरुआत से ही अपने शे'रों में जिद्दत की राह चुनी, जिससे उनकी शायरी ख़ास-ओ-आम में मक़बूल होने लगी। सन् 2004 में उन्होंने लखीमपुर में सुकूनत अख़्तियार की अदबी सफ़र नशिस्तों,मुशायरों से शुरू होकर आकाशवाणी लखनऊ, दूरदर्शन लखनऊ और दूरदर्शन दिल्ली तक पहुंचा। उन्होंने न सिर्फ़ ग़ज़ल बल्कि नज़्म, क़तआत, नात पाक, हम्द, रूबाई और अफ़साना निगारी में भी अपने क़लम के जौहर दिखाए हैं। उनका पहला शे'री मजमुआ 'संदल' सन् 2015 में फ़ख़रुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी लखनऊ, की माली इमदाद से छपा सन् 2023 में दूसरी किताब 'मुट्ठी भर सूरज' को भी फ़ख़रुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी ने इमदाद दी।तीसरा मजमुआ 'ज़ख्मदान' जल्द ही मंज़र-ए-आम पर आने वाला है। 30 नवंबर 2025 को उर्दू अकादमी दिल्ली की माली इमदाद से, भारतीय महिला विकास समिति देहली डॉक्टर अख़लाक़ का जश्न 'अदब की रोशनी में जश्ने डॉक्टर अख़लाक़' उनवान से मनाने जा रही है, जिससे लखीमपुर की अदबी माहौल में खुशी की लहर है। इस जश्न के मौक़े पर डॉक्टर ख़्वाजा सैयद



हादी-उल-जीलानी ने कहा कि-ये ख़बर दिल को बेहद मसर्रत, इत्मीनान और सआदत का अहसास अता कर रही है कि डॉक्टर अख़लाक़ साहब की अदबी और इल्मी ख़दिमात के एतराफ़ में दिल्ली जैसे अज़ीम, जाज़िबे नज़र और अदबी शान रखने वाले शहर में निहायत पुर वक़ार और तारीख़ी नौइयत की तक़रीब 'जश्ने डॉक्टर अख़लाक़' मुनक्क़िद की जा रही है। उन्होंने आगे कहा- डॉक्टर अख़लाक़ की शख्सियत हमेशा से इल्मो फ़न की रोशनी, तहज़ीब-ओ-अख़लाक़ की खुशबू और खिदमते क़लम के खुलूस से पुर रही है। उन्होंने जिस मोहब्बत, सादगी और फ़िक्री इस्तक़ामत के साथ उर्दू अदब की ख़िदमत अंजाम दी है वो न सिर्फ अदबी हल्क़ों में आपको मुमताज़ बनाती है बल्कि नई नस्ल के लिए भी आपको एक रौशन मिसाल की हैसियत अता करती है।

## अवैध अस्पतालों और क्लिनिकों का बढ़ता बोलबाला - झोलाछाप डॉक्टर बने जान के सौदागर

**लखीमपुर खीरी।** निघासन क्षेत्र में फर्जी अस्पतालों और क्लिनिकों का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। टांडा में स्थित क्षेत्र के मन्ना पुरवा गांव में इलाज के नाम पर एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा एक मासूम बच्ची की जान जाने का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, झोलाछाप डॉक्टर रामस्वरूप द्वारा एक्सपायरी दवाओं के इस्तेमाल के कारण मासूम बच्ची की मौत हो गई। मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।सूत्रों के मुताबिक, निघासन सीएचसी अधीक्षक और स्वास्थ्य विभाग की शह पर ऐसे झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ इलाज कर रहे हैं। आरोप है कि इन अवैध क्लिनिकों से हर महीने मोटी रकम स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाई जाती है, इसी वजह से कार्यवाही से बचते आ रहे हैं। गौरतलब है कि निघासन क्षेत्र में कई जगह बिना डिग्री और बिना रजिस्ट्रेशन के झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम मरीजों का शोषण व जान से खिलवाड़ कर रहे हैं आखिरकार स्वास्थ्य विभाग कब कुम्भकरणी नींद से जागेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान को प्रेम और भक्ति से पाया जा सकता है- राकेश जी महाराज



**भदोही।** डीघ ब्लॉक के डुहिया दानीपट्टी में आयोजित श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ के संगीतमय प्रवचन में कथा वाचक पंडित राकेश चतुर्वेदी जी महाराज ने कहा जब संसार में कुछ नहीं था तब केवल भगवान का अस्तित्व था, बाद में भगवान ने सृष्टि की रचना की। महाराज ने बताया कि भगवान ही उपादान और निमित्त कारण है। भगवान निमित्त कारण है जबकि यह संसार उपादान कारण है। क्योंकि भगवान से ही संसार की रचना की है, इसलिए भगवान की प्राप्ति और कृपा के लिए भगवान की भक्ति जरूरी है। कहा कि भगवान की भक्ति करने का सौभाग्य सभी को नहीं मिलता है, भगवान प्रेम और समर्पण से खुश होते है। भगवान भक्त के भाव को देखते है, उनको वस्तु की कोई जरूरत नहीं है। भगवान को पाने के लिए प्रेम और सपर्पण बहुत जरूरी है। महाराज ने कहा कि कृपा से सब कुछ संभव है। भगवान से जो प्रेम और उनकी भक्ति करता है भगवान उसके ऊपर कृपा करते है। महाराज ने विदुर के चरित्र करते हुए बताया कि विदुर अपने नीति के माध्यम से धर्म के बारे में बताया। कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। इस मौके पर शिवपुजन शुक्ला, लालामणि पाण्डेय, संतोष तिवारी, रमेश तिवारी, मानिकचन्द पाण्डेय, लाल चन्द उपाध्याय, पवन तिवारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### रसायन विज्ञान विभाग में आयोजित हुई क्विज, डिबेट व पोस्टर प्रतियोगिता

**स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाओं ने दिखाई रचनात्मकता**



**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा तीन दिवसीय अकादमिक व रचनात्मक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। विभागीय परिषद के अंतर्गत आयोजित इन प्रतियोगिताओं में क्विज, डिबेट और पोस्टर प्रतियोगिता शामिल थीं, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 27 नवंबर को क्विज और डिबेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जबकि 29 नवंबर को पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न हुई। क्विज में 35, डिबेट में 20 और पोस्टर प्रतियोगिता में 25 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

डिबेट प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सदानंद सिंह, डॉ. सिद्धार्थ बरनवाल और डॉ. निखिल सिंह शामिल रहे। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. रजनीश द्विवेदी, डॉ. अमित कुमार शर्मा और डॉ. आकांक्षा कुशवाहा ने किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम के अनुसार क्विज प्रतियोगिता में सत्यम शुक्ला प्रथम, शनि दुबे द्वितीय तथा काजल सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। आर्य त्रिपाठी ने द्वितीय श्रेणी का एक और स्थान हासिल किया तथा प्रदीप तृतीय श्रेणी में रहे।

डिबेट प्रतियोगिता में सुहानी पाण्डेय प्रथम, पलक द्वितीय और आयुषी मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं।

पोस्टर प्रतियोगिता में निशा मौर्य प्रथम, दीपिका मिश्रा द्वितीय और ज्योति सुजीत मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रमेश चंद्र यादव मुख्य अतिथि और प्रो. (डॉ.) बालकेश्वर प्रजापति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ज्योति मौर्या और सह-संयोजक डॉ. दिपाली जायसवाल, डॉ. धीरेन्द्र कुमार एवं डॉ. अरविन्द कुमार पाण्डेय रहे। संचालन डॉ. रजनीश द्विवेदी ने किया तथा समापन डॉ. निखिल कुमार सिंह ने किया। विभाग के अन्य प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार शर्मा एवं डॉ. सिद्धार्थ बरनवाल भी उपस्थित रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

**● 65 पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को आर्थिक क्षतिपूर्ति की स्वीकृति**

**लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद भदोही में शनिवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध दुष्कर्म, एसिड अटैक, पॉक्सो एक्ट तथा दहेज हत्या जैसे गंभीर मामलों में पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस योजना के तहत पीड़ित महिलाओं और बच्चियों के इलाज, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता के लिए 1 लाख से 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वे अपनी शिक्षा, रोजगार और भविष्य को सुरक्षित व सशक्त बना सकें। बैठक में कुल 77 लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इनमें से 65 प्रकरणों में एफआईआर, चार्जशीट और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को आर्थिक क्षतिपूर्ति की स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि 12 प्रकरणों को चार्जशीट और एफएसएल रिपोर्ट उपलब्ध न होने के कारण अगली बैठक तक स्थगित किया गया।

जिलाधिकारी ने नोडल पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि लंबित एफएसएल रिपोर्ट 5 दिनों के भीतर प्राप्त की जाए, ताकि पात्र पीड़ितों को यथाशीघ्र सहायता दिलाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और यदि देरी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) कुंवर वीरेंद्र मौर्या, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रमेश चन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष चक, नोडल मेडिकल अधिकारी डॉ. नीलिमा धवन, जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, महिला कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक राजकुमार गुप्ता, एसआई गीता राय, महिला हेड कांस्टेबल रक्षी व दीपशिखा आदि उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की संवेदनशीलता और पीड़ित महिलाओं-बालिकाओं के सम्मान की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि हर पात्र पीड़ित को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे एक सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की ओर बढ़ सकें।

## आय प्रमाण पत्र में लेखपाल के द्वारा गलत रिपोर्ट लगाने पर किया गया मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**हलिया मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत बरौधा गांव निवासी कमला कांत पुत्र मोतीलाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उम्र 64 वर्ष के आसपास वृद्ध व्यक्ति हैं वृद्धा पेंशन हेतु आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया गया था लेकिन लेखपाल मनोज मिश्रा द्वारा गलत रिपोर्ट लगाया गया है।

प्रार्थी के पास कोई रोजगार नहीं है प्रार्थी लेखपाल से बात किया तो ?20000 लेखपाल मांग रहा है जो कि प्रार्थी देने में असमर्थ था जिससे आय प्रमाण पत्र में गलत रिपोर्ट लगाकर भेज दिया गया है मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करते हुए प्रार्थी ने बताया कि हमारा उम्र भी हो गया है लेकिन लेखपाल की लापरवाही से हमें आय प्रमाण पत्र नहीं बना जिससे हम वृद्धा पेंशन लेने में असमर्थ हैं वृद्धा पेंशन बनवाने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर गुहार लगाया गया है।

## भदोही पुलिस के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एएसपी ने किया सम्मानित

**● भदोही पुलिस के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 73वीं वालीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता में वाराणसी जोन उपविजेता**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** रिजर्व पुलिस लाइन नोएडा, गौतमबुद्धनगर में आयोजित 73वीं वालीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2025 में वाराणसी जोन ने प्रभावशाली खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता 14 से 17 नवम्बर तक चली, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जोनों की टीमों ने प्रतिभाग किया। वाराणसी जोन को उपविजेता बनाने में भदोही पुलिस के पुलिस कर्मियों की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। जोन टीम में शामिल भदोही पुलिस के खिलाड़ियों में उपनिरीक्षक हरिवंश सिंह (टीम मैनेजर), उपनिरीक्षक विनोद सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक यादव, रामलखन सिंह यादव, विद्यानंद सिंह, तथा कांस्टेबल राजित सिंह ने पूरे मनोयोग से खिलाड़ियों को नेतृत्व व सहयोग प्रदान किया। इन सभी ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट फुर्ती, कौशल और टीम भावना का परिचय दिया।

खिलाड़ियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सभी खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। एएसपी ने कहा कि भदोही पुलिस के कर्मियों ने न केवल कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी जिले का नाम रोशन किया है। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने खिलाड़ियों के उत्साह, अनुशासन और बेहतर फिटनेस को सराहा और भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।

## औराई में आज से आयोजित होगी विधायक खेल स्पर्धा

**● आठ खेल विधाओं में अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाड़ियों को मिलेगा अवसर, काशीराज इंटर कॉलेज बना तैयारियों का केंद्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** विधानसभा क्षेत्र औराई में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवंबर और 01 दिसंबर को काशीराज इंटर कॉलेज, औराई में किया जाएगा। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण व स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना, प्रतिभा को पहचान देना और उन्हें जिला तथा राज्य स्तर तक आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों सब जूनियर, जूनियर और सीनियर में आयोजित की जाएगी, जिसमें बालक और बालिकाएं दोनों शामिल रहेंगे। स्पर्धा में कुल 08 खेल विधाओं को शामिल किया गया है, जिससे अधिकतम खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम 30 नवंबर को एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल व एक दिसंबर को कुश्ती, जूडो, भारोत्तोलन, बैडमिंटन का आयोजन किया गया है।

जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। ग्राउंड तैयार कर लिए गए हैं और सभी खेलों के लिए प्रशिक्षित रेफरी व तकनीकी टीम भी तैनात कर दी गई है। उन्होंने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर भी मिलेगा।

स्थानीय खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने विधायक खेल स्पर्धा के आयोजन का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से किशोर और युवा खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिलता है, जिससे उन्हें खेलों में भविष्य बनाने के लिए नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कॉलेज प्रशासन, खेल विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों से समय से पहले पहुंचने और नियमों का पालन करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।विधायक खेल स्पर्धा से औराई क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## ट्रक के चपेट में आने से युवक की मौत

**अहरौरा, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के धूरियां गांव का है। धुरिया गांव स्थित एक क्रेसर प्लांट के नजदीक प्लांट से आ रहे हैं एक ट्रक द्वारा बाइक सवार को टक्कर मार दिया गया, जिससे बाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी के द्वारा परिजनो और प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई। युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा लाने के पश्चात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, इसके बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

स्थानीय और परिजन मिलकर हंगामा करने लगे। इसी बीच प्रशासन और परिजनों में काफी नोक झोंक भी हुआ। बताते चले मृतक मृत्युंजय उर्फ मंटू उम्र 25 वर्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक का होने के वजह से परिजन व स्थानीय लोगों का जन समूह उमड़ पड़ा। स्थानीय लोग प्रशासन से शव को छीन कर कंधे पर लाद कर दुर्घटना स्थल पर लेकर चले गए, और वहीं अनशन पर बैठ गए। क्षेत्राधिकारी और एसडीएम मौके पर पहुंच कर हर संभव मदद की सांत्वना देकर लोगों को शांत कराया, और तहरीर लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## एसडीएम अरुण गिरी ने नगर पंचायत सुरियावां में एसआईआर कार्यों पर की विस्तृत चर्चा

**● कार्यों की गुणवत्ता व गति बढ़ाने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को प्रभावी और पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए शनिवार को नगर पंचायत सुरियावां कार्यालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी भदोही अरुण गिरी ने की। इस दौरान नगर पंचायत के चेयरमैन विनय चौरसिया, सभी सभासदों तथा संबंधित अधिकारियों ने सम्मिलित होकर पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में एसआईआर (स्पेशल इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत प्रत्येक मतदाता से संबंधित सूचनाओं को सटीक, अद्यतन और समय पर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से न छूटे तथा सभी दावों-आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उपजिलाधिकारी ने सभासदों से अपील की कि वे क्षेत्रवार भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि मतदाता सूची में सही व अद्यतन विवरण दर्ज हो। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर से संबंधित त्रुटियों को प्राथमिकता पर सुधारें और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पुनरीक्षण कार्यों को गति प्रदान करें।

चेयरमैन विनय चौरसिया ने आश्वस्त किया कि नगर पंचायत स्तर पर टीमों को सक्रिय किया गया है तथा प्रत्येक वार्ड में मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने सभी सभासदों को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर सूची को पूर्ण एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें। बैठक के दौरान यह भी तय किया गया कि क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर नए



मतदाताओं को पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और महिलाओं को विशेष प्राथमिकता देते हुए उनके विवरण सुनिश्चित किए जाएंगे। पुनरीक्षण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उपजिलाधिकारी अरुण गिरी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की महत्वपूर्ण कड़ी है और प्रशासन का उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों को मताधिकार सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सामंजस्यपूर्ण कार्य करते हुए पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने की अपील की।

# 23 वाँ वार्षिक क्रीड़ा समारोह का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़ , मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मगरहा में 23वाँ दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा का हुआ भव्यसमापन ।समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो मृणालिनी सिंह रही। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि डॉ शिवमंगल यादव और मंचाशीन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ दिनेश कुमार यादव, डॉ राकेश कुमार, का स्वागत पुष्प, अंगस्त्रम, माल्यार्पण द्वारा डॉ महेंद्र नाथ, डॉ नीलम यादव डॉ राम नरेश यादव, डॉ अशोक कुमार, डॉ चारु चंद्र, डॉ अरुण प्रताप सिंह, डॉ प्रेम यादव, डॉ मनीष, डॉ दीपक वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल सिर्फ खेल नहीं ये जीवन का अभ्यास है। आप लोग कोशिश करिए, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। महाविद्यालय में दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। छात्रा वर्ग 400 मी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू यादव, द्वितीय संजना, तृतीय नेहा पटेल तथा छात्र वर्ग में प्रथम सिकंदर साहनी, द्वितीय अमित कुमार, तृतीय आशीष कुमार रहे। छात्रा वर्ग 100 मी दौड़ प्रतियोगिता में अनुश्रिया, अंजली, रुचि पाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा मेडल, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस वर्ष संपन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र चैंपियन देवेंद्र सिंह यादव एवं छात्रा चैंपियन खुशबू यादव रहे। क्रीड़ा सचिव डॉ पवन कुमार ने अतिथियों, पत्रकार बंधुओं, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुशील कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व एसपी ने किया जिला कारागार ज्ञानपुर का औचक निरीक्षण

**● सरकारी सुविधाओं की पड़ताल, कैदियों की कारीगरी की प्रशंसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शनिवार को जिला कारागार ज्ञानपुर का अचानक निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पुरुष एवं महिला बैरकों का भ्रमण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सरकारी सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों से भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य, स्वच्छता, बैठक व्यवस्था सहित दैनिक आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं का समयबद्ध और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी बंदी को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल में संचालित विभिन्न कार्यशालाओं का भी मुआयना किया। विशेष रूप से बंदियों द्वारा तैयार किए जा रहे कालीनों की कारीगरी की सराहना करते हुए कहा कि यह न सिर्फ कारागार सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल है बल्कि बंदियों के पुनर्वास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा जेल परिसर की समग्र व्यवस्था की भी समीक्षा की और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## 33/11 के0वी0 विद्यृत उपकेन्द्र अहरौरा दिनांक 30/11/2025 दिन रविवार को समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक



**अहरौरा, मीरजापुर।** विद्युत उपकेंद्र पर बसबार के डॉग कंडक्टर को पैंथर कंडक्टर से बदलने का कार्य किया जाएगा।।जिससे विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित। 33/11 के0वी0 विद्यृत उपकेन्द्र अहरौरा दिनांक 30/11/2025 दिन रविवार को समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगा ताकि बसबार के डॉग कंडक्टर को पैंथर कंडक्टर से बदलने का कार्य किया जाएगा ताकि विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

## क्षेत्र के मेडिकल स्टरों पर रुकने का नाम नहीं ले रहा है नशीला कफ सिरप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा व ड्रमंडगंज मे मेडिकल स्टरों से लेकर जगह-जगह पर बेचा जा रहा है धड़ल्ले से नशीली कफ सिरप क्षेत्रीय प्रशासन कार्रवाई के बजाय कर रही है नशीली कफ सिरप माफियाओं से साठ गाठ दुगुना रेट पर बेचा जा रहा है नशीली कफ सिरप क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि नशीली कफ सिरप का व्यापारी क्षेत्र में बड़ी-बड़ी गाड़ियों से व्यापार कर रहे हैं मेडिकल स्टोर पर नशीली कफ सिरप की सप्लाई बहुत ज्यादा हो रही है लेकिन क्षेत्रीय प्रशासन कार्रवाई के बजाय नशीली कफ सिरप माफियाओं से साठ गांठ करके अपना पल्ला झाड़ ले रही है जिससे नशीली कफ सिरप माफिया क्षेत्र में धड़ल्ले से अपना कफ सिरप बेचने में सफल हो रहे हैं यहां तक की यूपी से कहीं मध्य प्रदेश तक सप्लाई नशीली कफ सिरप का हो रहा है क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाकर क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जाए नवयुवक नशीली कफ सिरप पीकर पूरा दिन रोड पर बाइकों से किसी भी वाहन से टकरा जा रहे हैं जिससे क्षेत्र की बहुत बड़ी छती हो रही है चाय के गोमतीयों के पास रोड पर कुड़ा कचड़ा के पास नशीली कफ सिरप की शिशी लगातार दिखाई दे रही ग्रामीण क्षेत्रों में गाजा व दारू की सप्लाई बहुत तेजी से हो रहा है। लेकिन एक भी दारू माफिया या गांजा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं किया जा रहा है जिससे क्षेत्र में नशे का सिलसिला बढ़ता जा रहा है और कहीं ना कहीं प्रशासन ही माफियाओं को बढ़ावा दे रही है।

## मीरजापुरः तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, दो की मौत और चार घायल

**मीरजापुर।** मड़िहान के भांवा बाजार के पास शनिवार सुबह छह बजे तेज रफ्तार ट्रक ने एक ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में शंकर और उनके छोटे भाई के बेटे 15 साल के संदीप की मौके पर मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मड़िहान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

**तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर**

मटिहानी गांव निवासी परिवार सोनभद्र के घोरावल के धनवाल गांव में बेटी के घर बधाव (पुत्र जन्म की खुशी में भेंट) देने गया था। शनिवार सुबह लौटते समय भांवा बाजार के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। पुलिस सीसीटीवी आदि की मदद से उसकी तलाश कर रही है।

## जीटी रोड पर कोहरे में भारी वाहनों के खड़े होने पर सख्त प्रतिबंध

**● श्रृंखला दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात विभाग की विशेष ब्रीफिंग, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** शीतकालीन मौसम में बढ़ते घने कोहरे और उससे होने वाली श्रृंखला दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग ह्॥-19 पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक कड़ी कर दी है। क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह ने शनिवार को थाना ऊंज, गोपीगंज, औराई सहित संबंधित थानों के डायल-112 कर्मियों को विशेष ब्रीफिंग देते हुए निर्देशित किया कि कोहरे की स्थिति में किसी भी ट्रक, ट्राला या भारी वाहन को राजमार्ग के किनारे अथवा इमरजेंसी लेन में खड़ा न होने दिया जाए। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों के कारण कोहरे में दृश्यता कम होने पर अक्सर चेन रिएक्शन (श्रृंखला दुर्घटना) की गंभीर घटनाएं सामने आती हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। ऐसी दुर्घटनाओं पर रोक के लिए ह्॥-19 पर पुलिस गश्त को तेज कर दिया गया है तथा कोई भी भारी वाहन किनारे खड़ा मिलने पर तुरंत हटवाया जाएगा। ट्रक चालकों के लिए सुरक्षित स्थान टोल प्लाजा क्षेत्र, पेट्रोल पम्प/सीएनजी स्टेशन, अधिकृत ढाबा या पार्किंग स्थल, सर्विस रोड निर्धारित किया गया है। क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी चालक को मजबूरीवश किनारे रुकना पड़े, तो उसे 50, 80 और 120 मीटर दूरी पर तीन चेतावनी त्रिभुज (रिफ्लेक्टर) लगाने, वाहन की सभी लाइटें (हैजर्ड, फॉग लाइट, रूफ लाइट) चालू रखने तथा चालक-क्लीनर को गाडरेल के दूसरी ओर सुरक्षित स्थान पर खड़े रहने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर वाहन को क्रेन से उठवाकर थाने में जमा किया जाएगा। कोहरे वाले दिनों में सभी थानों को रात्रि गश्त अनिवार्य रूप से बढ़ाने का आदेश दिया गया है।

## मिशन शक्ति का उद्देश्य- नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन

**भदोही** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षकशुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद भदोही द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत मिशन शक्ति टीम के माध्यम से नारी सुरक्षा स्वाभिमान के साथ साथ साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया- एण्टी रोमियो स्क्वाड थाना सुरियावां द्वारा मिशन शक्ति 5 के तहत नेता नगर/सुरियावा बाजार में भ्रमणशील होकर महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित करते हुए महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नं0 आदि के संबंध में जागरूक किया गया मिशन शक्ति टीम थाना औराई द्वारा मिशन शक्ति 5 के तहत सीएचसी औराई व क्षेत्र भ्रमणशील होकर महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित करते हुए महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नं0 आदि के संबंध में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना चौरी द्वारा मिशन शक्ति 5 के तहत ग्राम अर्जुनपुर/ग्राम धनवातिया, में महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित करते हुए महिला सशक्तिकरण,साइबर अपराध,महिला संबंधी अपराध, विभिन्न हे0नं0 के संबंध में जागरूक किया गया- इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों द्वारा गांव, कस्बा, चौराहा, बस स्टैंड, अस्पताल, स्कूल आदि स्थान पर भ्रमणशील रहकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हेलो! मैं शिक्षा मंत्री बोल रही हूं, इनका एडमिशन कीजिए, भेद खुलने पर एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज।** शहर के गर्ल्स हाईस्कूल (GHS) का है। जुलाई के अंतिम सप्ताह में बिशप डाइसिस ऑफ लखनऊ के मोरिस एडगर दान के आर्थी तिमोथी के मोबाइल पर एक महिला ने फोन किया, और खुद को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी बताया। कहा, कि उनके एक खास परिचित के दो बच्चों का जीएचएस में प्रवेश करना है। कई बार फोन कर प्रवेश के लिए दबाव बनाया गया। बार-बार आए फोन और प्रबंधन स्तर पर हुई बातचीत के बाद अगस्त में दोनों बच्चों का प्रवेश कर दिया गया। दोनों बच्चे स्कूल में पढ़ने लगे। मामला तब तक सामान्य बना रहा। कुछ समय बाद स्कूल में एक कार्यक्रम की रूपरेखा बनी। इसमें किसी मंत्री को मुख्य अतिथि बनाने पर चर्चा हुई। तय हुआ कि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी को ही बुलाया जाए। तर्क दिया गया, कि उन्होंने पहले भी दो बच्चों के एडमिशन के लिए फोन किया था। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने उसी मोबाइल नंबर पर कॉल की, तो पता चला कि वह नंबर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी का नहीं है। तब यह बात सामने आई कि किसी महिला ने मंत्री के नाम और पद का दुरुपयोग किया है। मामला सामने आने के बाद स्कूल प्रबंधन ने उन बच्चों के अभिभावकों को बुलाया, जिनके बच्चों के एडमिशन के लिए कॉल आई थी। जब बच्चों के अभिभावकों से पूछा गया, तो जवाब मिला कि वह किसी रजनी तिवारी को नहीं जानते। यह भी कहा, कि उन्होंने किसी से सिफारिश करने के लिए कहा था। अभिभावकों की यह दलील प्रधानाचार्य को संदिग्ध लगी। उन्होंने पूरी जानकारी के साथ सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव ने बताया कि मोबाइल नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और यह नंबर किसका है, इसकी जांच की जा रही है। स्कूल प्रबंधन ने इस मामले में किसी तरह का बयान देने से मना कर दिया है।

### मेजा में गिट्टी लदी हाइवा पलटा, लगा जाम



**ब्यूरो प्रयागराज।** शनिवार सुबह मेजा रोड-कोहड़ार मार्ग पर मदरसा गांव के निकट एक गिट्टी लदी हाईवा पलट जाने से भारी जाम लग गया। घटना के समय सड़क पर कई वाहन मौजूद थे। जिससे यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना की जानकारी देते हुए हाइवा चालक ने बताया कि, मैं एक अन्य वाहन को पास देने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया, और मेरी गाड़ी पलट गई। चालक के अनुसार, अचानक सामने आए वाहन की वजह से यह दुर्घटना हुई। स्थानीय निवासियों ने इस घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति को लेकर चिंता जताई। स्थानीय निवासी सुमित और अनीश ने कहा कि यहां पर ट्रैफिक की स्थिति पहले से ही खराब है। ऐसी घटनाएं हो जाने से जाम की स्थिति में और भी बढ़ोतरी हो जाती है। इसके लिए हमें जरूरी उपायों की आवश्यकता है। हालांकि, इस घटना ने सड़क पर यातायात की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है, लेकिन हाल के वर्षों में मेजा क्षेत्र की सड़क और यातायात व्यवस्था कई सुधारो से गुजरी है। अधिकारियों का मानना है कि यदि सभी लोग नियमों का पालन करें, तो ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस में अचानक आग लगने से यात्रियों में मची खलबली, कोई हताहत नहीं

**ब्यूरो प्रयागराज।** बारा थाना शंकरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह करीब 6 बजे शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन पर उसे समय अफरा-तफरी मच गई, जब झांसी-ग्वालियर से चलकर प्रयागराज-वाराणसी की ओर जा रही बुंदेलखंड एक्सप्रेस के एक कोच में अचानक आग भड़क उठी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट-सर्किट के कारण लगी, बताया जा रहा है। यात्रियों को कुछ मालूम हो पाता, उससे पहले ही कोच से धुआं और लपटें निकलने लगीं। जिससे स्टेशन पर हड़कंप मच गया। मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, लेकिन रेलवे कर्मचारियों व मौके पर रहे प्रत्यक्षदर्शियों की सजगता और सतर्कता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अग्निशमन सामग्री और पानी की मदद से आग पर काबू पाने में समय लगा, और स्थिति सामान्य होने तक ट्रेन 1 घंटे से ज्यादा समय तक शंकरगढ़ स्टेशन पर ही खड़ी रही। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल स्टेशन प्रबंधन और संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंच गए, और आग लगने के कारणों की जांच करने में जुटे। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, अन्यथा की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता था। साथ ही उन्होंने रेलवे से सुरक्षा व्यवस्था और कोचों की नियमित जांच को लेकर सख्त कदम उठाने की मांग की है।


# पतंजलि का गाय का घी जांच में फेल, खाने लायक भी नहीं निकला, 1.40 लाख रुपये का जुर्माना लगा

● **कोर्ट ने करीब चार साल बाद गुरुवार को अपना फैसला सुनाया और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (निर्माता) पर एक लाख रुपए, ब्रह्म एजेंसी (डिस्ट्रीब्यूटर) पर 25,000 रुपए और करन जनरल स्टोर (विक्रेता) पर 15,000 रुपए का जुर्माना लगाया।**

**पतंजलि का गाय का घी जांच में फेल, खाने लायक भी नहीं निकला, 1.40 लाख रुपये का जुर्माना लगा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि के गाय के घी के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। जिसके बाद कंपनी समेत 3 कारोबारियों पर 1 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही खाद्य विभाग का कहना है कि पतंजलि का ये घी खाने लायक भी नहीं है। पतंजलि के घी का ये सैंपल साल 2020 में लिया गया था। मामले में फैसला गुरुवार 27 नवंबर 2025 को आया है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन पिथौरागढ़ के असिस्टेंट कमिश्नर आरके शर्मा ने बताया कि पिथौरागढ़ में घी का सैंपल लिया गया था। इसकी जांच प्रदेश स्तर पर रुद्रपुर और राष्ट्रीय स्तर पर गाजियाबाद की लैब में कराई गई थी। जांच में घी मानक पर खरा नहीं उतरा। अगर किसी ने भी यह घी खाया तो उसके साइड इफेक्ट हो सकते हैं। साथ ही लोग बीमार हो सकते हैं। पिथौरागढ़ असिस्टेंट कमिश्नर आरके शर्मा के मुताबिक, 20 अक्टूबर 2020 को पिथौरागढ़ के कासनी से खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन ने रूटीन चेकिंग के दौरान करन जनरल स्टोर से पतंजलि गाय के घी का नमूना लिया था। इसके बाद नमूने को राज्य सरकार की राजकीय प्रयोगशाला रुद्रपुर में भेजा गया, जहां ये घी मानकों से नीचे पाया गया। पतंजलि के अधिकारियों को 2021 में इसकी जानकारी दी गई, लेकिन काफी समय तक कंपनी की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। बाद में कंपनी



के अधिकारियों की तरफ से 15 अक्टूबर 2021 को दोबारा जांच की अपील की। कंपनी ने नमूनों की जांच सेंट्रल लैब से कराने की बात कही।

इसके लिए पतंजलि की तरफ से 5 हजार रुपए की निर्धारित फीस भी ली गई थी। इसके बाद अधिकारियों की एक टीम 16 अक्टूबर 2021 को नमूनों की जांच के लिए राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला गाजियाबाद पहुंची, जहां फिर से घी की जांच कराई गई। राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला ने 26 नवंबर 2021 को अपनी रिपोर्ट दी। वहां भी पतंजलि गाय के घी के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे थे। इसके बाद दो महीने तक रिपोर्ट का अध्ययन किया गया। फिर 17 फरवरी 2022 को कोर्ट के सामने मामला रखा गया। इसके बाद पतंजलि को नोटिस जारी किया गया। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी दिलीप जैन ने मामले में अपर जिलाधिकारी पिथौरागढ़ योगेंद्र सिंह के न्यायालय को सबूत पेश किए। कोर्ट ने करीब चार साल बाद गुरुवार को अपना फैसला सुनाया और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (निर्माता) पर एक लाख रुपए, ब्रह्म एजेंसी (डिस्ट्रीब्यूटर) पर 25,000 रुपए और करन जनरल स्टोर (विक्रेता) पर 15,000 रुपए का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही कोर्ट ने पतंजलि को चेतावनी दी है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम- 2006 के प्रावधानों का पालन किया जाए।

## लेखपालों ने 6 सूत्रीय मांगों पर उपजिलाधिकारी बारा को सौंपा ज्ञापन, दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** यमुनापार बारा तहसील इकाई में लेखपालों ने फतेहपुर के लेखपाल सुधीर कुमार की मौत के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। लेखपालों के एक समूह ने बारा तहसील परिसर में एकत्र होकर मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम को सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पूर्व लेखपालों ने तहसील परिसर में मौन धरना दिया। इस दौरान सभी लेखपाल काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे। उन्होंने कहा कि फतेहपुर जैसी घटनाएं फील्ड कर्मचारियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाती हैं। कई लेखपालों ने नौकरी के दौरान प्रशासनिक दबाव एवं प्रताड़ना के चलते बढ़ते तनाव का भी उल्लेख किया। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी, कि यदि मृतक लेखपाल के परिवार को न्याय और उचित मुआवजा नहीं मिला, तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी स्तर पर बढ़ाया जाएगा। संघ ने आरोप लगाया कि फील्ड में कार्यरत राजस्वकर्मियों को अक्सर सुरक्षा संसाधनों की कमी और अत्यधिक दबाव में काम करना पड़ता है। लेखपालों ने उच्च अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति सख्त व्यवहार और संवादहीनता की शिकायत की। ज्ञापन में मांग की गई कि कर्मचारियों को सम्मानजनक माहौल मिले, और प्रशासनिक गलतियों का दोष फील्ड स्टाफ पर ना डाला जाए। ज्ञापन में निर्वाचन कार्यों के दौरान लगाई जाने वाली अपरिभाषित और अतिरिक्त ड्यूटी पर भी सवाल उठाए गए। संघ ने मांग की, कि समय सीमा से बाहर के कार्यों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, और लेखपालों को एक महीने के वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाए। कई लेखपालों ने एसडीएम के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। एक लेखपाल ने बताया कि हम गांव-गांव और खेत-खेत जाकर सर्वे करते हैं। विवाद या बंटवारे की स्थिति में पहला निशाना लेखपाल ही बनता है। ऐसे में सुरक्षा और सम्मान दोनों आवश्यक है। एसडीएम बारा ने लेखपालों की समस्याओं को ध्यान से सुना। उन्होंने ज्ञापन को शासन स्तर तक भिजवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह फील्ड में कार्य कर रहे लेखपालों की सुरक्षा एवं सम्मान जनित तरीके से बर्ताव करने के संबंध में उच्च अधिकारियों से भी बात करेंगी।

## ओठगी प्रीमियर लीग (ओ,पी,एल)2025 सीजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** बारा विकास खण्ड शंकरगढ़ के ओठगी ग्राम नहर के पास खेल के मैदान में ओठगी प्रीमियर लीग ओपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन हुआ जिसमें भारी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया आस पास भारी संख्या में दर्शक उपस्थित होकर क्रिकेट खेल आंनद लिए। उदघाटन समारोह में समाजसेवी अविनाश त्रिपाठी एवं गांव के भावी प्रधान पद के प्रबल दावेदार योगेश त्रिपाठी मौजूद रहे उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष यह खेल का आयोजन होता है क्षेत्र के दूर दराज गांवों के युवा खेल में प्रतिभाग के लिए आते हैं गांव में खेल में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। पहले दिन का मुकाबला चिल्ला बनाम बेलामुंडी के बीच खेला गया जिसमे चिल्ला ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और बारह ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 102 रनों का स्कोर खड़ा किया इसके जवाब में चिल्ला के कप्तान अंजनी मिश्रा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बेलामुंडी की टीम मात्र 44 रनों पर आल आउट हो गई। इस प्रकार पहला मैच चिल्ला की टीम ने जीत लिया। चिल्ला टीम के कप्तान अंजनी मिश्रा ने तीन ओवर में मात्र दस रन देते हुए 5 विकेट लिया इसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी, विराग मिश्रा, अंकित तिवारी, मनीष शुक्ला, विकास यादव, सत्यम, सनातन तिवारी आदि भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्रीय विधि मंत्रालय ने एक साथ चुनाव संबंधी विधेयकों की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को लिखित रूप में बताया कि प्रस्तावित रूपरेखा संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करती है, न ही यह संविधान के संघीय ढांचे पर अतिक्रमण करती है। वरिष्ठ भाजपा नेता पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) 4 दिसंबर को 23वें विधि आयोग और चुनाव आयोग के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। विधि मंत्रालय, जिसने समिति द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पहले ही प्रस्तुत कर दिए हैं, बाद में होने वाली बैठक में उपस्थित होगा। विधि आयोग ने 100 पृष्ठों की एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जिसमें विधि मंत्रालय के तर्कों के समान ही तर्क दिए गए हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या सरकार का कार्यकाल कम करने से मतदाताओं के पाँच साल के लिए सरकार चुनने के अधिकार का हनन होता है, मंत्रालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 83(2) और 172(1) में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल पाँच साल का होगा, 'जब तक कि उन्हें पहले भंग न कर दिया जाए।' मंत्रालय ने तर्क दिया कि संविधान निर्माताओं ने जानबूझकर यह वाक्यांश इसलिए शामिल किया था ताकि कुछ परिस्थितियों में समय से पहले ही सरकार को भंग किया जा सके। मंत्रालय ने ऐतिहासिक मिसाल का हवाला देते हुए कहा, 'पाँच साल का कार्यकाल न तो पवित्र है और न ही मूल ढाँचे का हिस्सा है।' मंत्रालय ने बताया कि इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए 19 महीने के आपातकाल के दौरान किए गए 42वें संविधान संशोधन (1976) ने विधानसभाओं का कार्यकाल छह साल तक बढ़ा दिया था, जिसे बाद में 44वें संशोधन के ज़रिए बहाल करके पाँच साल कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा, 'यदि संविधान संशोधन द्वारा कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है, तो चुनावों को एक साथ करने के लिए एक बार की कटौती को मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता। इस चिंता पर कि प्रस्तावित विधेयक सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक केशवानंद भारती मामले के फैसले का उल्लंघन कर सकता है, जिसमें मूल ढांचे के सिद्धांत की बात कही गई थी, मंत्रालय ने कहा कि ये विधेयक शक्तियों के पृथक्करण या संघवाद के सिद्धांत को कम नहीं करते हैं। मूल ढांचे के सिद्धांत की माँग है कि संविधान की कुछ मूलभूत विशेषताएँ - जैसे राज्य के अंगों, अर्थात् विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण - संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं और उनमें संशोधन नहीं किया जा सकता। 'मध्यावधि चुनाव मतदाताओं की प्रतिनिधि चुनने की पूर्ण शक्ति को सीमित नहीं करते। मतदान और चुनाव लड़ने का अधिकार, अनुच्छेद 326 के तहत सुरक्षित होने के बावजूद, मौलिक अधिकार नहीं हैं,' इसमें स्पष्ट किया गया है। मंत्रालय ने संविधान के संघीय स्वरूप को लेकर आशंकाओं का भी समाधान किया। संविधान सभा की बहसों के दौरान डॉ. बी.आर. अंबेडकर की टिप्पणियों का हवाला देते हुए, मंत्रालय ने कहा कि संविधान को लचीला बनाया गया है। यह सामान्य परिस्थितियों में संघीय और आपातकाल के दौरान एकात्मक होता है। मंत्रालय ने अपनी बात के समर्थन में सर्वोच्च न्यायालय के कई फैसलों का हवाला देते हुए कहा, 'संविधान संशोधन के माध्यम से चुनावों का समन्वय इस संतुलन को बिगाड़ता नहीं है। 'इस सवाल पर कि क्या नए ढाँचे के तहत चुनाव आयोग को अत्यधिक शक्तियाँ प्राप्त होंगी, मंत्रालय ने कहा कि आयोग को पहले से ही अनुच्छेद 324 के तहत स्वायत्तता प्राप्त है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 14 और 15 के तहत चुनाव निर्धारित करने का अधिकार है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया, 'चुनाव आयोग चुनावों पर अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण जारी रखेगा। असाधारण परिस्थितियों में, यदि चुनाव नहीं हो सकते, तो आयोग राष्ट्रपति को चुनाव स्थगित करने की सिफारिश कर सकता है, जो तदनुसार कार्रवाई कर सकते हैं। 'मंत्रालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि एक साथ चुनाव कराने का उद्देश्य संवैधानिक सिद्धांतों से समझौता किए बिना चुनावों की आवृत्ति और उससे जुड़े खर्च को कम करना है। मंत्रालय ने कहा, 'तकनीकी रूप से, किसी भी लोकसभा ने अपना पाँच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है क्योंकि कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही नए चुनाव करा लिए जाते हैं।'

मंत्रालय ने आगे कहा कि आज़ादी के बाद से अब तक सात बार मध्यावधि चुनाव हो चुके हैं। कुलदीप नैयर बनाम भारत संघ (2006) सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए, इसने आगे तर्क दिया है कि मतदान का अधिकार, हालाँकि लोकतंत्र के लिए मौलिक है, लेकिन यह मौलिक अधिकार नहीं बल्कि एक संवैधानिक और कानूनी, वैधानिक अधिकार है। कानून मंत्रालय ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, 'गैर-नागरिकता', 'सक्षम न्यायालय द्वारा घोषित मानसिक विकृति', 'भ्रष्ट आचरण का दोषी' और अन्य चुनावी अपराधों जैसे कारणों से मतदाता को अयोग्य ठहराने की शर्तें निर्धारित करता है।

## आलंद में 'वोट चोरी' का खुला राजः अमेरिका से OTP चुराया, बंगाल में बेचा, कलबुर्गी में खेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** एक क्लिक पर असली नंबर की नकली सिम, 700 रुपये में बिका हर OTP और वोटर लिस्ट से नाम गायब करने का प्रयास! 'वोट चोरी' का ये हाई-टेक खेल अब पकड़ा गया। इस टकनीक से अमेरिका से OTP चुराया। बंगाल में बेचा। कलबुर्गी में 6 हजार वोट काटने की कोशिश की! कर्नाटक की एसआईटी ने पूरा नेटवर्क खोलकर रख दिया। यह मामला है कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 2022-23 में 5,994 वोटरों के नाम मतदाता सूची से गैर-कानूनी तरीके से हटाने की कोशिश का। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। इस पूरी साजिश का केंद्र बिंदु था अमेरिका की एक वेबसाइट SMSAlert और भारत में चल रही OTPbazaar.com और पश्चिम बंगाल के नदिया जिले का 27 वर्षीय युवक बापी आद्य। अमेरिका की वेबसाइट SMSAlert.com 'वर्चुअल सिम कार्ड' बेचती है। ये वर्चुअल सिम असली भारतीय मोबाइल नंबरों की डुप्लीकेट कॉपी बनाते हैं। जब चुनाव आयोग की वेबसाइट पर किसी वोटर के नंबर पर OTP भेजा जाता है, तो वह OTP असली फोन के साथ-साथ SMSAlert के वर्चुअल सिम पर भी आ जाता है। असली फोन मालिक को समझ नहीं आता कि अचानक चुनाव आयोग का OTP क्यों आया, क्योंकि उन्होंने खुद कुछ रजिस्टर नहीं किया होता है। दूसरी तरफ OTPbazaar.com के जरिए ये OTP रियल-टाइम में कलबुर्गी के डेटा सेंटर को मिल जाता था। डेटा सेंटर से फिर हजारों फर्जी आवेदन डाले जाते थे कि 'फलां-फलां वोटर का नाम हटाया जाए'। हर OTP की कीमत सिर्फ 700 रुपये! द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार SIT को पता चला है कि कलबुर्गी डेटा सेंटर के संचालक हर OTP के लिए OTPbazaar को 700 रुपये ट्रांसफर करते थे। बंगाल का बापी आद्य यह पैसा अपने इंडसइंड बैंक खाते में लेता था, फिर छोटा-सा कमीशन रखकर बाकी क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट से SMSAlert को भुगतान कर देता था। रिपोर्ट के अनुसार, 13 नवंबर को एसआईटी ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के घुगरागाछी-हंसखाली इलाके से 27 साल के बापी आद्य को गिरफ्तार किया। वह इस मामले में पहली गिरफ्तारी थी। पहले मोबाइल रिपेयर की दुकान चलाने वाला बापी लगातार ऑनलाइन रहता था और उसे SMSAlert का पता चला। उसने कमीशन के लालच में भारत में इसका इंटरफेस बनाकर OTPbazaar.com के नाम से वेबसाइट शुरू कर दी। बहरहाल, बुधवार को 14 दिन की SIT कस्टडी पूरी होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सितंबर 2025 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके आलंद में बड़े पैमाने पर वोट काटे जाने का आरोप लगाया था। ठीक दो दिन बाद कर्नाटक सरकार ने SIT गठित कर दी। उससे पहले कलबुर्गी पुलिस की जांच कोई खास प्रगति नहीं कर पाई थी। एसआईटी ने पाया कि कुल 72 वास्तविक भारतीय मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया गया। ये नंबर 17 अलग-अलग राज्यों के लोगों के थे। इनके ज़रिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर लॉग-इन कर 5994 वोटरों के नाम हटाने के लिए 3000 से ज्यादा फर्जी आवेदन डाले गए थे। चूँकि SMSAlert अमेरिका में रजिस्टर्ड है, इसलिए एसआईटी अब म्यूचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी के तहत अमेरिकी अधिकारियों से पूरी डिटेल मांगेगी। रिपोर्ट के अनुसार एसआईटी को सबूत मिले हैं कि कलबुर्गी क्षेत्र के कुछ बीजेपी नेताओं ने इस डेटा सेंटर की सेवाएँ ली थीं। अक्टूबर में एसआईटी ने डेटा सेंटर संचालक मोहम्मद अकरम, अशफाक और तीन अन्य के साथ-साथ 2023 में आलंद से बीजेपी उम्मीदवार रहे सुभाष गुट्टेदार और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापे मारे थे। जाँच में पता चला कि हर गैर-कानूनी वोट डिलीट करने के लिए डेटा सेंटर संचालकों को 80 रुपये मिलते थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि वोट काटने की कोशिश उन बूथों और उन मतदाताओं पर हुई जो इसके वोटर माने जाते हैं। रिपोर्टों में तो यह भी कहा गया कि कलबुर्गी क्षेत्र की कई अल्पसंख्यक-बहुल सीटों पर 2023 चुनाव से पहले इसी तरह वोटर लिस्ट में जोड़ने-हटाने का खेल चलाया गया था। राहुल गांधी के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने अपनी ऑनलाइन सेवाओं के लिए अब आधार-लिंक्ड OTP सिस्टम लागू कर दिया है। पहले सिर्फ मोबाइल नंबर पर OTP आता था, जिसका इस मामले में भयानक दुरुपयोग हुआ था। यह पूरा मामला न सिर्फ चुनावी धांधली की नई तकनीक को उजागर करता है, बल्कि यह भी बता रहा है कि कैसे विदेशी वेबसाइटों का इस्तेमाल कर भारत के लोकतंत्र की जड़ों पर चोट की जा सकती है। एसआईटी की जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में कई और बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

## राहुल गांधी ने दिल्ली एयर पॉल्यूशन पर पीएम मोदी की 'चुप्पी' की आलोचना की, संसद में तुरंत बहस की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन संकट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'चुप्पी' की आलोचना की, और इसे 'हेल्थ इमरजेंसी' बताते हुए संसद में तुरंत और डिटेल में चर्चा की मांग की। गांधी, जो अपने बच्चों की हेल्थ को लेकर परेशान मांओं के एक ग्रुप से मिले, ने बातचीत का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि राजधानी भर में परिवार 'थके हुए, डरे हुए और गुस्से में' हैं क्योंकि उनके बच्चे 'टॉक्सिक हवा' में सांस लेते हुए बड़े हो रहे हैं।

उन्होंने X पर एक पोस्ट में पूछा, 'मोदी जी, भारत के बच्चे हमारे सामने दम घुट रहे हैं। आप चुप कैसे रह सकते हैं? आपकी सरकार कोई जल्दी, कोई प्लान, कोई अकाउंटेबिलिटी क्यों नहीं दिखाती? 'उन्होंने एयर पॉल्यूशन से निपटने के लिए एक सख्त और लागू करने लायक नेशनल एक्शन प्लान की भी मांग की। दिल्ली दो हफ़्ते से ज़्यादा समय से 'बहुत खराब' से 'गंभीर' एयर क्वालिटी से जूझ रही है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि ज़्यादा देर तक हवा में रहने से सांस की नली में सूजन, फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी और पहले से मौजूद सांस और दिल की बीमारियां बिगड़ रही हैं।

उन्होंने खास तौर पर बच्चों, स्मोकिंग करने वालों, अस्थमा के मरीज़ों और कमज़ोर ग्रुप के लिए रेगुलर स्क्रीनिंग की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। गांधी ने कहा, 'हमारे बच्चों को साफ़ हवा मिलनी चाहिए, बहाने और ध्यान भटकाने वाली चीज़ें नहीं,' उन्होंने सरकार से तुरंत दखल देने की मांग की क्योंकि राजधानी खतरनाक प्रदूषण लेवल से जूझ रही है।

## एसआईआर कार्य में लगायी गयी आशाओं को मोटिवेट करते हुए कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जनपद में संचालित समस्त कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पूरी तन्मयता से कार्य करें। जननी सुरक्षा की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निम्नतम प्रगति वाले ब्लॉकों क्रमशः रामनगर, बहादुरपुर, कौड़िहार, सैदाबाद एवं धनुपुर के चिकित्सा अधीक्षक को आशा वार गर्भावती महिलाओं का पंजीकरण करते हुए उनका प्रसव सरकारी चिकित्सालयो में कराने का निर्देश दिया। शहरी क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओ के पंजीकरण के सापेक्ष में लगभग 43 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के प्रसव की रिपोर्ट नही किए जाने की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राइवेट चिकित्सालयों से शत प्रतिशत प्रसवों की रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एचआरपी महिलाओं को चिन्हित करके उनका सिजेरियन प्रसव फर्स्ट रेफेरल यूनिट चिकित्सा इकाईयों में निःशुल्क कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी मातृ मृत्यु की रिपोर्ट करने तथा उसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही किए जाने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया।<

जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार की गतिविधियों के माध्यम से उनको मोटिवेट किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरो में सीएचओ की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए निर्देशित किया कि चिकित्सा अधीक्षक एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी औचक निरीक्षण करें तथा बिना सूचना गायब सीएचओ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी से कहा कि जिन आशाओं की ड्यूटी एसआईआर कार्य में लगायी है, उनमें से कुछ आशाओं का कार्य संतोषजनक नहीं है। शहर के तीनों विधान सभाओं में एसआईआर का कार्य संतोषजनक नहीं है। उन्होंने सभी एमओआईसी से आशाओं को मोटिवेट करते हुए कार्य में तेजी लाकर एसआईआर के कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करायें जाने के लिए कहा, क्योंकि अब एसआईआर प्रक्रिया के अन्तर्गत फार्म जमा करने की तिथि में कुछ ही समय शेष है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एके तिवारी, समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधिक्षिका, चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एसएमओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम सहित सहयोगी विभागों तथा संस्थाओ के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

## लोहगरा रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से से गिरा युवक, हुई मौत, भेजा पोस्टमार्टम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील व थाना बारा क्षेत्र के अंतर्गत लोहगरा रेलवे स्टेशन के पास प्रयागराज-लोकमान्य तिलक रेल खण्ड पर एक युवक की चलती ट्रेन से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्टेशन मास्टर द्वारा सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बारा विनोद सोनकर पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए, और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मृतक की पहचान ओमप्रकाश पुत्र बच्चा लाल 26 वर्ष के रूप में हुई है जो कौशांबी जिले के भखंदा ऊपरहार का निवासी था। परिजनों ने बताया कि ओमप्रकाश बुधवार रात को मुम्बई जाने के लिए प्रयागराज रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ने निकला 2। वह प्रयागराज से मुम्बई जाने वाली किसी ट्रेन में



यात्रा कर रहा था कि लोहगरा रेलवे स्टेशन के पास वह चलती ट्रेन से गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो 2। परिजनों को गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे मानिकपुर जीआरपी ने ओमप्रकाश के मौत की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मानिकपुर जीआरपी पुलिस से सम्पर्क कर मॉर्चुरी (पोस्टमार्टम हाउस) पहुंचे, और शव की शिनाख्त ओमप्रकाश के रूप में की। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

## अपर निदेशक ने किया सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का औचक निरीक्षण

**हमीरपुर :-** कुरारा सीएचसी व तीन पीएचसी का अपर निदेशक चित्रकूट धाम मंडल बाँदा ने औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण, स्टॉक रजिस्टर आदि देखा और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार के दिन अपर निदेशक चित्रकूट धाम मंडल बाँदा डॉक्टर वी के वर्मा ने कुरारा सीएचसी का औचक निरिक्षण किया जहां उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, स्टाक रजिस्टर, एमरजेंसी वार्ड, भर्ती मरीजों का हाल, जननी सुरक्षा, लैब आदि का निरिक्षण किया, वही इसके बाद उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पारा, कुशमरा, बेरी का निरिक्षण किया जहां कुशमरा व पारा मे फार्मा सिस्ट अवकाश पर मिला, निरिक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल, सुधीर साहू, योगेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बिहार में नीतीश सरकार द्वारा चीनी मिलों को खोलने एवं चालू करने का निर्णय ऐतिहासिक कदम - प्रमोद पटेल प्रदेश महासचिव



गोपालगंज, जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने गुरुवार को कहा कि बिहार में नीतीश सरकार ने नौ पुरानी चीनी मिलों को पुनः स्थापित करने और 25 नई चीनी मिलों को बिहार में चरणबद्ध तरीके से स्थापित करने का लिया गया निर्णय ऐतिहासिक और साहसिक कदम है!श्री पटेल कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए सरकार नीति निर्धारण और विस्तृत कार्य योजना तैयार करने को लेकर एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन भी कर दिया है, जिला संगठन प्रभारी श्री पटेल ने कहा कि बहुत जल्द सिवान, गोपालगंज सहित बिहार की बंद सभी चीनी मिलें चालू होंगी और सई नई चीनी मिलों की स्थापना की जायेगी जिससे बिहार में लोगों को नौकरी एवं रोजगार के अवसर प्राप्त होगा अब बिहार के लोग बाहर नही जायेंगे!

## दिव्यांग रुकनी देवी की मदद के लिए आगे आए विधायक, सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने उठाई थी आवाज



बरही: बरही प्रखंड के जरहिया निवासी दिव्यांग रुकनी देवी की सहायता के लिए स्थानीय स्तर पर उठी गुहार अब प्रशासनिक कार्रवाई की ओर बढ़ रही है। पोलियो से ग्रस्त रुकनी देवी चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं और घुटनों के बल रेंगकर ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँच पाती हैं। दैनिक गतिविधियों में आने वाली कठिनाइयाँ उनके लिए बड़ी चुनौती बनी हुई थीं। रुकनी देवी ने अपनी समस्या और इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं तक पहुंचाई। उनकी स्थिति से अवगत होने पर सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य के मुख्यमंत्री तथा स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव को ट्वीट के माध्यम से जानकारी भेजी। मामले पर संज्ञान लेते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विधायक के इस हस्तक्षेप से रुकनी देवी में नई उम्मीद जगी है। इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल मिलने के बाद उनका रोजमर्रा का आवागमन काफी आसान हो जाएगा और जीवन में राहत आएगी। स्थानीय लोगों ने भी विधायक और सामाजिक कार्यकर्ता के तत्पर सहयोग की सराहना की है।

## प्रख्यात कवि भारत यायावर की 71 वीं जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

हज़ारीबाग, झारखंड:- प्रख्यात कवि भारत यायावर की 71 वीं जयंती पर स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क में सागर भक्ति संगम के तत्वाधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता केसी मेहरोत्रा एवं संचालन ब्रजनंदन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर कथाकार सह स्तंभकार विजय केसरी ने कहा कि प्रख्यात साहित्यकार, कवि भारत यायावर का संपूर्ण जीवन हिंदी साहित्य को समर्पित रहा था। उन्होंने हिंदी साहित्य की सभी विधाओं पर काम किया। वे मूलतः एक कवि थे। उन्होंने कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु और महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसे महान शख्सियत की रचनावली का संकलन और संपादन कर हिंदी साहित्य को गौरवान्वित किया। अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद केसी मेहरोत्रा ने कहा कि भारत यायावर जैसे साहित्यकार सदियों बाद जन्म लेते हैं। उन्होंने हिंदी साहित्य की साधना में अपना संपूर्ण जीवन व्यतीत किया था। उन्होंने साफ से अधिक किताबें लिखीं। उनकी एक कविता 'कविता फिर भी मुस्कुराती है' के पाठ से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षाविद ब्रजनंदन प्रसाद ने कहा कि भारत यायावर का रचना संसार बहुत ही विस्तृत है। वे जितने अच्छे कवि थे, उतने ही अच्छे लेखक भी थे। उन्होंने हिंदी साहित्य को अपने लेखन से बहुत कुछ दिया। वे जीवन के अंतिम क्षणों तक हिंदी साधना में रत रहे थे। इन वक्ताओं के अलावा सतीश होरो, सुरेंद्र गुप्ता पप्पू, अजीत कुमार गुप्ता, उमेश केसरी, गोपी कृष्ण सहाय, संजय खत्री,शंभू शरण सिन्हा, अखिलेश सिंह, अशोक राणा, मनीष होरो, जयप्रकाश गुप्ता, सुरेश मिस्त्री, अशोक राणा, इंद्रलाल सोनी, उषा सहाय, डॉ बीणा अखौरी, कृष्ण कुमार गुप्ता, मिथुन राणा आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। धन्यवाद ज्ञापन

# महागठबंधन सरकार पर आजसू का हमला, रोजगार में विफलता के लगाए आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



देवघर, झारखंड:- हेमंत सोरेन नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार के छह वर्षीय कार्यकाल पर आजसू पार्टी ने तीखा हमला बोला है। देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने देवघर एवं मोहनपुर प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल आश्वासन और बहाने दिए हैं, जबकि नियुक्ति प्रक्रियाएँ वर्षों से अधर में लटकी हुई हैं।

आदर्श लक्ष्य ने आरोप लगाया कि झारखंड के लाखों युवा जे-टेट, जेएसएससी सीजीएल, उत्पाद सिपाही, फॉरेस्ट गार्ड, हाईस्कूल शिक्षक, दारोगा (एसआई), असिस्टेंट प्रोफेसर, भाषा शिक्षक, पंचायत सचिव, रेवेन्यू ऑफिसर, अमीन और एक्साइज इंस्पेक्टर जैसे पदों पर नियुक्तियों की प्रतीक्षा में हैं, लेकिन सरकार ने न तो समय पर परीक्षाएँ कराई और न ही नई भर्तियों की दिशा में स्पष्ट पहल की। उन्होंने कहा, 'लिस्ट बहुत लंबी है साहेब... आपके छह साल के शासन में युवाओं को केवल प्रतीक्षा, लटकन और बहाने मिले। कई नियुक्तियों के नोटिफिकेशन नहीं निकले, कई परीक्षाएँ नहीं हुईं और कई परिणाम आज तक घोषित नहीं किए गए।

यह युवाओं के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है। 'लक्ष्य ने आगे कहा कि राज्य सरकार रोजगार सृजन, नियुक्ति और कैडर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पूरी तरह विफल रही है। पात्रता पूरी करने वाले और आयु सीमा के मुहाने पर खड़े हजारों युवाओं का भविष्य अनिश्चितता में है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर सरकार केवल घोषणाएँ करती रही, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक क्षेत्रों में कोई ठोस सुधार जमीन पर दिखाई नहीं देता। युवाओं से अपील करते हुए श्री लक्ष्य ने कहा कि अब समय है कि बेरोजगारी और अव्यवस्था के खिलाफ संगठित होकर आवाज उठाई जाए। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया, शिक्षा सुधार और युवाओं को सम्मानजनक अवसर दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी मुद्दे को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी।

## ये थे हार के कारणः कांग्रेस ने गिनाए बिहार चुनाव में मिली करारी शिकस्त के पीछे के मुख्य बिंदु




कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की बिहार इकाई के नेताओं के साथ राज्य के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की, जहाँ हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में इस पुरानी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। यह बैठक खड़गे के नई दिल्ली स्थित आवास पर हुई। बैठक के दौरान, बिहार से पार्टी के प्रमुख नेताओं, जिनमें कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख राजेश राम और बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु शामिल थे, ने भाग लिया। गौरतलब है कि 2025 के बिहार चुनावों में पार्टी की करारी हार पर चर्चा के लिए, कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा की गई यह दूसरी महत्वपूर्ण बैठक है।

## आठवें वेतन आयोग में नई शर्तों के विरोध में पेंशनरों का कैंडल मार्च, डीएम प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलिया। शनिवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के बैनर तले दर्जनों पेंशनरों ने कलक्ट्रेट परिसर में कैंडल मार्च निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। पेंशनरों ने आठवें वेतन आयोग में प्रस्तावित नई शर्तों को 'अन्यायपूर्ण' करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। कैंडल मार्च के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी (डीएम) के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार पेंशन को गलत तरीके से 'गैर-अंशदायी फंड' बताने की कोशिश कर रही है, जबकि पेंशन पूरी तरह अंशदायी होती है। उन्होंने 17 दिसंबर 1982 के सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पेंशन किसी भी रूप में गैर-अंशदायी नहीं है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि सरकार इस फैसले की अनदेखी कर पेंशनरों के अधिकारों को सीमित करने और भविष्य में पेंशन लाभ छीनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कदम पेंशनरों के साथ छल और अन्याय के बराबर है। पेंशनर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को जिलेभर में और उग्र रूप दिया जाएगा।

## गोपालगंज में ऑर्केस्ट्रा में फरमाइशी गीत बजाने को लेकर विवाद, चाकू से हमलाकर 3 लोगों को किया घायल

फुलवरिया (गोपालगंज)। फुलवरिया थाना क्षेत्र के बिरसा बथुआ गांव में शुक्रवार की रात आर्केस्ट्रा के दौरान उपजे विवाद में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस घटना में बीच-बचाव करने आए दो अन्य युवक भी घायल हो गए। हमलावरों ने इस घटना को दरवाजे पर चढ़कर अंजाम दिया। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बरात में शामिल युवाओं और छछु बथुआ व बिरसा बथुआ गांव के कुछ अन्य युवकों के बीच फरमाइश गीत बजाने को लेकर बहस हुई। पहले रात को यह विवाद शांत कर दिया गया था, लेकिन शनिवार सुबह करीब आधा दर्जन युवक नीरज कुमार के घर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चाकू से हमला किया गया। यह देख सूरज व पवन पहुंचे तो उन पर भी वार कर हमलावरों ने घायल कर दिया। हमले में नीरज कुमार, सूरज कुमार और पवन चौहान घायल हुए हैं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने फुलवरिया थाने में शिकायत की। पुलिस ने आधा दर्जन आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## मध्यगोपाली शनि मंदिर में हर शनिवार लगता है भोग, सैकड़ों श्रद्धालु होते हैं शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:- चौपारण प्रखंड मुख्यालय से करीब 3 किलोमीटर दूर मध्यगोपाली स्थित प्राचीन शनि मंदिर में प्रत्येक शनिवार भोग का आयोजन किया जाता है। इसमें दूर-दूर से आने वाले सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण करते हैं। यह जानकारी शनि मंदिर के संस्थापक सदस्य मोहन यादव ने पत्रकारों को दी। बीते शनिवार को आयोजित विशेष आरती में कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इनमें निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, शनि मंदिर के संस्थापक सदस्य मोहन यादव, वरिष्ठ समाजसेवी सियाराम कुमार भारती, युगल किशोर साव, गंदौरी यादव, कैलाश कुमार गुप्ता, ज्ञानी साव और अनिल पासवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, हर शनिवार किसी न किसी श्रद्धालु द्वारा भगवान शनि को भोग हेतु चढ़ावा दिया जाता है। इस सप्ताह का भोग खर्च चौपारण निवासी उपेंद्र वर्णवाल ने वहन किया। मोहन यादव ने बताया कि भक्तों की बढ़ती आस्था के कारण मंदिर परिसर में हर सप्ताह धार्मिक माहौल बना रहता है। इस अवसर पर निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे भी शनि भगवान को भोग लगाकर शनि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## सेटेलाइट से बचने के लिए किसान रात में पराली जला रहे, प्रदूषण और फसल को बड़ा नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलिया। जिले में पराली जलाने की घटनाएँ रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कृषि विभाग और प्रशासन द्वारा रोक के बावजूद किसान पराली में आग लगा रहे हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मिट्टी की उर्वरता बुरी तरह प्रभावित हो रही है। परेशान किसान मानते हैं कि रात में पराली जलाने पर सेटेलाइट की निगरानी से बचा जा सकता है, इसलिए अधिकतर घटनाएँ रात में दर्ज हो रही हैं। किसान रात में पराली जलाकर सुबह खेत की जुताई कर दे रहे हैं, जिससे पहचान और कार्रवाई चुनौतीपूर्ण हो जाती है। जिले में अब तक 53 पराली जलाने की घटनाएँ दर्ज की गई हैं, जिनमें 24 मामले कूड़ा जलाने से संबंधित पाए गए हैं। एक किसान पर पाँच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि अन्य मामलों में एसडीएम को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। पिछले वर्ष जिले में 83 घटनाएँ दर्ज हुई थीं।

**पराली की आग से फसलें भी जल रहीं**

रात में पराली जलाने से कई स्थानों पर खेतों में लगी आग ने नुकसान भी पहुंचाया है।

फेफना थाना क्षेत्र के कर्चा नारायनपुर गांव में पराली जलाने के दौरान लगी आग से किसान भगवान वर्मा के लगभग एक बीघा खड़ी धान की फसल जलकर राख हो गई। घटना से गांव में तनाव की स्थिति बन गई है।

**पराली जलाने के पीछे कारण**

किसानों के सामने कई समस्याएँ हैं—

धान की कटाई के लिए मजदूरों की कमी

हार्वेस्टिंग के बाद खेत में बचे अवशेषों से अगली फसल बोने में दिक्कत

समय की कमी में तेज़ी से खेत तैयार करना का दबाव

**कृषि विभाग ने बताए समाधान**

उप निदेशक कृषि मनीष कुमार सिंह ने कहा कि पराली जलाने से मिट्टी की जैविक संरचना और मृदा स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण बढ़ने से वातावरण पर भी नकारात्मक असर होता है।

**उन्होंने किसानों को पराली प्रबंधन के उपाय बताए—**

धान की कटाई के बाद खेतों में सिंचाई करके नमी बनाए रखें, जिससे पराली 10-15 दिनों में सड़कर खाद बन जाए।



हार्वेस्टर से कटाई के बाद पराली को खेत में ही जोत दें।

पानी देने के साथ यूरिया का हल्का छिड़काव करें, इससे पराली जल्दी गल जाएगी।

**निगरानी तेज, कार्रवाई जारी**

कृषि विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। सेटेलाइट से रिपोर्ट आने पर एसडीएम को कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। कर्मचारी गांव-गांव जाकर किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। 'पराली जलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी,' मनीष कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि।

## चंदवा में जीटीपीएस का 'विद्यागीत छात्रावास' शुरू, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मिला नया आयाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चंदवा, झारखंड:- चंदवा के प्रतिष्ठित ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल (जीटीपीएस) में विद्यागीत छात्रावास का भव्य शुभारंभ किया गया। अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन की शुरुआत शहर में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी से हुई, जिसमें विद्यालय संचालन, भविष्य की योजनाएँ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य हिमांशु सिंह ने स्कूल की उपलब्धियों और आगामी शैक्षणिक योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जीटीपीएस प्रबंधन शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार को लेकर संकल्पित है। आने वाले दिनों में विद्यालय परिसर में बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, क्रिकेट जैसे खेलों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दिसंबर में आयोजित होने वाला विद्यालय का वार्षिक खेलकूद समारोह इस बार ऐतिहासिक स्वरूप में होगा। वहीं, निदेशिका कादंबरी सिंह ने कहा कि विद्यालय सदैव वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बोदा अंजुमन के सेराज अंसारी द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की अपील पर उन्होंने सहर्ष सहयोग का आश्वासन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता रवि डे ने विद्यालय की सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि जीटीपीएस की व्यवस्था देखकर यह नहीं लगता कि यह किसी छोटे कस्बे का स्कूल है, बल्कि यहाँ की सुविधाएँ शहरों के प्रमुख विद्यालयों के समकक्ष हैं। झामुमो नेता दीपू सिंह ने कहा कि कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक सुविधाएँ प्रदान करना साधारण तबके के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने विद्यालय की रोबोटिक लैब, कंप्यूटर लैब और समृद्ध पुस्तकालय को बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव बताया। विचार गोष्ठी के बाद सभी उपस्थित अतिथि नए छात्रावास के उद्घाटन हेतु पहुँचे, जहाँ चंदवा के उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फ़ीता काटकर विद्यागीत छात्रावास का औपचारिक शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। विद्यालय की इन्डोर स्पोर्ट्स सुविधाएँ, मजबूत बुनियादी ढाँचा और स्वच्छ वातावरण सभी के आकर्षण



का केंद्र बने और अतिथियों ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता रवि डे, झामुमो नेता दीपू सिन्हा, पंसस नीलम देवी, सौरभ श्रीवास्तव, राजेंद्र यादव, अजय वैद्य, संजीव आज़ाद, चंद्रभूषण केसरी, रिक्की वर्मा, रिंकू खान, सह. सेराज अंसारी, मो. हसमुद्दीन, डुमारो की पंसस संगीता देवी, पंसस बोदा सुशीला टोप्पो, पंसस सासंग अनीता देवी, पंसस सेरक रिंकी कुमारी, पत्रकार गौरव दूबे, विभूति नाथ सिंह, कमलेश कुमार, मो. इरफ़ान, रविकांत ठाकुर, देवसुंदर यादव, राजीव उरांव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएँ और स्थानीय लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम सफल आयोजन और छात्रावास के शुभारंभ के साथ संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्र में शिक्षा के नए युग की शुरुआत मानी जा रही है।

## बरही से दिल्ली रैली के लिए बड़ा जुटान, कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो से की मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




रांची/बरही, झारखंड:- झारखंड प्रदेश कांग्रेस के बरही विधानसभा प्रभारी एवं प्रमुख नेता दीपक गुप्ता ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की। बैठक में बरही विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने, ब्लॉक-पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और स्थानीय प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। सबसे अहम मुद्दा रहा - कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के तहत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल महारैली। दोनों नेताओं ने बरही विधानसभा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व नेताओं को रैली में भेजने की रणनीति बनाई। प्रदेश अध्यक्ष ने बरही से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि यह रैली मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, लोकतंत्र की रक्षा और संविधान बचाओ के मुद्दे पर आयोजित की जा रही है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष नेता सह न्याय योद्धा राहुल गांधी समेत कांग्रेस के शीर्ष नेता शामिल होंगे।

## गोपालगंज में तालाब में डूबने से 10वीं की छात्रा की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

बैकुंठपुर (गोपालगंज)। बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खजुहट्टी दयागिरि टोला में शुक्रवार की दोपहर एक हादसे में 16 वर्षीय छात्रा रूबी कुमारी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मुकेश महतो की बेटी रूबी अनुग्रह स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा थी। रूबी शुक्रवार दोपहर की है। रूबी अपनी छोटी बहन के साथ शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। तालाब के किनारे पहुंचते ही उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर पड़ी। उसकी चीख सुनकर सुंदेह सिंह उसे बचाने के लिए तालाब में कूदे, लेकिन पानी अधिक गहरा होने से वे भी डूबने लगे। तब वीरेंद्र महतो ने किसी तरह सुंदेह को बाहर निकाला, मगर रूबी गहरे पानी में लापता हो चुकी थी।

## धनवार पंचायत के लठिया गाँव निवासी सुजीत कुमार यादव को मिला सहायक आचार्य का नियुक्ति पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बरही: अबुआ सरकार के प्रथम वर्ष के पूर्ण होने तथा झारखंड राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। रांची के मोरहाबादी मैदान में हुए इस भव्य आयोजन में शिक्षा विभाग, जेपीएससी और अन्य विभागों के अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग लेटर सौंपे गए। इसी क्रम में बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठिया गाँव निवासी सुजीत कुमार यादव को सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति की सूचना मिलते ही परिवार एवं पूरे इलाके में हर्ष की लहर फैल गई। स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सुजीत कुमार यादव की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। यह न केवल उनके परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। समाजसेवी ममता देवी ने सुजीत को बधाई देते हुए कहा की सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को पंख लगाए जा रहे हैं। सुजीत कुमार यादव जैसे मेधावी युवा हमारे क्षेत्र की प्रेरणा हैं। उनकी नियुक्ति से गांव के अन्य युवाओं को भी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति नई प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ने से गांव और समाज दोनों का विकास तेज़ी से होगा। इस अवसर पर बधाई देने वालों में मंटु यादव उर्फ जीतेंद्र यादव, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव, अजय कुशवाहा, उमेश यादव, शिवाली यादव, किशोर यादव, संतोष यादव, सुबोध यादव, विनय गोप, अशोक यादव, दिनेश यादव, रामदेव यादव, मेघलाला यादव, रविंदर यादव, रामजी प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, नरेश प्रसाद, विकास यादव, तिलक यादव सहित कई ग्रामीण शामिल थे। नियुक्ति के बाद सुजीत के घर में जश्न का माहौल है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चुनाव आयोग के कर्मचारी आत्महत्या को मजबूर? अखिलेश यादव ने SIR प्रक्रिया को लेकर EC पर उठाया सवाल



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारत निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों पर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने का दबाव डाला जा रहा है, और सवाल किया, आखिर इतनी जल्दी क्या है? उन्होंने आगे दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भी लोग इस प्रक्रिया को लेकर शिकायतें कर रहे हैं। फतेहपुर में एक पर्यवेक्षक की मौत का हवाला देते हुए, जिसकी कथित तौर पर एसआईआर प्रक्रिया के दबाव के कारण मृत्यु हो गई, समाजवादी पार्टी प्रमुख ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल किया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मर रहे चुनाव आयोग के कर्मचारियों की मदद कौन करेगा?' उन्होंने आगे ज़ोर देकर कहा कि चुनाव आयोग को आगे आकर अधिकारियों का समर्थन करना चाहिए।

## कटकमदाग में बड़ी सफलताः पुलिस ने गृहभेदन कांड का किया पूर्ण उद्भेदन, तीन गिरफ्तार, सोना-चांदी समेत भारी मात्रा में सामान बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हजारीबाग, झारखंड:- हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र में पिछले एक महीने से जारी गृहभेदन और चोरी की घटनाओं की कड़ी को पुलिस ने बड़ा झटका दिया है। थाना क्षेत्र के विष्णुपुरी गली में 22 नवंबर को हुई बड़ी चोरी की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सोना-चांदी के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान, नकदी के बराबर मूल्य के अन्य कीमती सामान तथा पुराने कई मामलों में चोरी हुआ सामग्री भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने लगातार छापेमारी, तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की।

**विष्णुपुरी गली में दिनदहाड़े हुई थी चोरी**

22 नवंबर को विष्णुपुरी गली नंबर-15 निवासी पिंकी कुमारी के घर का ताला तोड़कर अज्ञात अपराधकर्मियों ने सोना-चांदी के गहने एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। इस मामले में कटकमदाग थाना में कांड संख्या 194/25 दर्ज किया गया था।

**मुख्य आरोपी टैक्सी गिरफ्तार, कई मामलों का खुलासा**

28 नवंबर को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने विष्णुपुरी गली नंबर-4 में छापामारी कर मुख्य आरोपी सुभाष चंद्र बोस उर्फ टैक्सी (डोकोटांड) को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए सभी सोना-चांदी के गहने एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में टैक्सी ने कटकमदाग, सदर और लोहसिंघना थाना क्षेत्रों में कुल 10 से अधिक चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है।



**दो और आरोपी गिरफ्तार, पुराने मामलों का भी उद्भेदन**

मुख्य आरोपी की निशानदेही पर कांड में शामिल दूसरे अपराधी भोला प्रसाद सोनी (तिलैया झुमरा) को गिरफ्तार किया गया। साथ ही कांड संख्या 183/25 से संबंधित चोरी में शामिल तीसरे आरोपी अमित दुबे को भी कस्तूरीखाप से गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने पूर्व में दर्ज कई कांडों कटकमदाग के कांड संख्या 195/25, 180/25, 163/25, 173/25 तथा सदर और लोहसिंघना थाना क्षेत्रों के कई मामलों में चोरी किए गए सामान भी बरामद किए हैं।

**भारी मात्रा में सोना-चांदी बरामद**

सोना कुल 54.5 ग्राम, जिसमें नेकलेस, मंगलसूत्र, लॉकेट, बालियाँ, नोजपिन, बाला सहित कई आभूषण, चांदी कुल 653.55 ग्राम, जिसमें कई जोड़ी पायल, बिछिया, चैन, बेरा, कटोरी, चम्मच, सिक्के आदि शामिल है। इसके अलावा आर्टिफिशियल ज्वेलरी सेट 577 ग्राम, लैपटॉप, इन्वर्टर, होम थिएटर, जेवर गलाने का पूरा सामान शामिल है। गिरफ्तार आरोपी में सुभाष चंद्र बोस उर्फ टैक्सी, उम्र 25 वर्ष, निवासी डोकोटांड, भोला प्रसाद सोनी, उम्र 46 वर्ष, निवासी तिलैया झुमरा, अमित दुबे, उम्र 21 वर्ष, निवासी कस्तूरीखाप शामिल है। कार्रवाई में अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), हजारीबाग, शाहिद रजा, पुलिस निरीक्षक, पु.अ.नि. प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी कटकमदाग, पु.अ.नि. चितरंजन कुमार, विक्की ठाकुर, स.अ.नि. मनोज कुमार आर्य, स.अ.नि. भवेश कुमार सिंह, संतोष कुमार महतो समेत तकनीकी शाखा एवं कटकमदाग थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे। कटकमदाग थाना क्षेत्र में हाल के महीनों में चोरी की बढ़ती घटनाओं से परेशान लोगों को पुलिस की इस कार्रवाई से राहत मिली है। पुलिस अब आरोपी गिरोह की शेष गतिविधियों और संभावित साथियों की भी जांच कर रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## सैनिक बन्धुओं की डीएम ने सुनी समस्याएं



**ललितपुर।** सैनिक बन्धु बैठक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उपस्थित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों की समस्याओं की सुनवाई सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जि.से. का अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया ने जिलाधिकारी एवं विभागों से आये अधिकारियों / प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। जि.से.क.अधिकारी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं से भूतपूर्व सैनिको, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं आश्रितो को अवगत कराया। जिलाधिकारी को पिछली सैनिक वन्धु बैठक में आई शिकायते लंबित / निस्तारण के बारे में अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को सभी दस्तावेजों के सहित अपने कार्यालय में बुलाया एवं लंबित प्रकरणों से संबंधित विभागों के अधिकारियों को अति शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया एवं सभी भूतपूर्व सैनिकों को जल्दी समस्या समाधान हेतु भरोसा दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों, आश्रितों एवं उनकी विधवाओं को सैनिक बन्धु बैठक में आकर अपनी समस्याओं से अवगत कराये एवं उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्यायों का निस्तारण / समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

## पुराने मुकदमे में राजीनामा करने का बनाया दबाव, धमकाया

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी लक्ष्मन प्रसाद पुत्र बन्दू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 18 नवम्बर को रात करीब 10 बजे रात में थाना नाराहट के ग्राम डोंगराखुर्द निवासी सोनू पुत्र बन्दू उर्फ प्यारेलाल व मुख्यालय के ग्राम पनारी निवासी कल्लू पुत्र जगभान कुशवाहा और बिरधा निवासी देशराज पुत्र लालचंद्र एक राय होकर आये और दरवाजा खटखटाने लगे। आरोप है कि पुराने मुकदमे को लेकर राजीनामा करने के लिए दबाव बनाते हुये उक्त लोगों ने गालियां दीं और राजीनामा करने से मना करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और चले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बेटना स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी

**ललितपुर।** पाली थानान्तर्गत ग्राम बंगरिया में रहने वाले अंकेश पुत्र आशाराम कुशवाहा ने नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 24 नवम्बर को शाम करीब 5 बजे वह ग्राम बेटना से नाराहट बाजार में आया हुआ था। वह अपने भाई विनोद कुमार की मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 जेड 4285 से आया हुआ था। बताया कि उसने मोटर साइकिल को बेटना स्टेण्ड पर खड़ी कर दी और सामान लेने लगा। वापस आया तो उसने देखा कि उसकी बाइक मौके से गायब थी। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## राप्तीसागर एक्सप्रेस से गिरकर युवक घायल



**ललितपुर।** शुक्रवार रात एक यात्री चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह घटना ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर रात करीब 9 बजे हुई। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला गोविंद नगर निवासी 35 वर्षीय राजेश किसी काम से उरई गए थे। शुक्रवार को वे राप्तीसागर ट्रेन से उरई से ललितपुर लौट रहे थे। ट्रेन जब ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो पर रुकने वाली थी, उसी दौरान राजेश उतरने के लिए गेट के पास पहुंचे। राजेश ने बताया कि जब वह उतरने के लिए बोगी के गेट पर खड़े थे, तभी किसी ने उन्हें पीछे से धक्का दे दिया। इसके चलते वह चलती ट्रेन से प्लेटफॉर्म पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कानून व्यवस्था पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : एसपी

### ●कैम्प कार्यालय से राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कैम्प कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी, जिसमे लंबित विवेचनाओं, प्रार्थना-पत्रों, आईजीआरएस आदि की समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनपद में अपराधों की समीक्षा की गयी तथा लंबित विवेचनाओं, पार्ट पीआई का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कर अभियोगों में वांछित, हिस्ट्रीशीटर, कुर्की अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, तामीला आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण व साक्ष्य परख तथ्यों के आधार पर उचित निस्तारण कराने, विवेचकों को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग करने तथा दौराने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के तहत अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कर पाबन्द कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया जाये एवं भवनों का निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण, शुचितापूर्ण व शीघ्र निर्माण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपराध पर नियंत्रण रखने हेतु सार्वजनिक, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर समुचित पुलिस प्रबंध, गस्त कर सतर्क दृष्टि रखने के संबंध आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत, गुमशुदा की सकुशल अति शीघ्र बरामदगी के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आईजीआरएस के सम्बन्ध में समीक्षा कर, पेंडिग आईजीआरएस का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें। लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, झपटमारी के अपराधों से सम्बन्धित जो अपराधी जमानत से बाहर है। उनका समस्त क्षेत्राधिकारी भौतिक सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा आदि अवैध कार्य किसी भी दशा में जनपद में न हो सकें।

# एलजेपी (आर) का 25 वां स्थापना दिवस मनाया

### ●गोलू ठाकुर ने पार्टी के कार्यकर्ताओं में भरा जोश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का स्थापना दिवस शनिवार को जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यालय में जिला प्रभारी गोलू ठाकुर के आगमन ने कार्यकर्ताओं का जोश दोगुना कर दिया। जिला प्रभारी ने पार्टी के संघर्ष से लेकर सफलता तक की यात्रा का प्रेरक प्रसंग कार्यकर्ताओं से साझा कर पार्टी के विस्तार और प्रगति का रोडमैप तैयार किया। जिलाध्यक्ष ओमी राजा ने पार्टी को मजबूत करने हेतु कुछ सूत्रों का विवरण दिया। ओमी राजा ने कहा कि पार्टी सभी समाज, वर्ग, जाति और शोषितों को साथ लेकर चलने का मत रखती है। पार्टी में सभी कार्यकर्ता समान हैं और हम सबको मिलकर स्व.रामविलास पासवान के देखे गए सपनों को पूरा करना है। महामंत्री शैलेंद्र सिन्हा ने पार्टी की सदस्यता को बढ़ाने और समाज के निचले से उच्च स्तर तक के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता को जताने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पार्टी नए जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ेंगी जिससे पार्टी सफलता का नया आयाम तय करेगी। जिला प्रभारी पार्टी संस्थापक स्व.रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। नगराध्यक्ष बृजेश जैन बलची ने प्रत्येक कार्यकर्ता को नए नए सदस्य पार्टी से जोड़ने हेतु जन जन तक पार्टी के उद्देश्यों को फैलाने पर जोर दिया। अंत में महिला प्रकोष्ठ ने गोलू ठाकुर का सम्मान कर अंगवस्त्र शाल पहनाकर सम्मान किया। एलजेपी (आर) कार्यकारिणी सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। वहीं सुजान कुशवाहा, विनय सिन्हा मीडिया प्रभारी के विचारों को खूब सराहा। पार्टी कार्यालय में सदस्यों, ब्लॉक कार्यकारिणी, नगर कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ से पधारे सभी सदस्यों को जिलाध्यक्ष ओमी राजा ने आभार जताया। मीडिया प्रभारी विनय सिन्हा ने उपस्थित कविता पस्तोर, नीतू राजा, ममता तिवारी, आशा, रजनी को मातृशक्ति का प्रतीक बताया। बैठक में शैलेन्द्र सिन्हा, बृजेश जैन बलची, सुजान कुशवाहा, सुरेंद्र सिंह परमार, आनंद, महेंद्र राजा, दीपक कुशवाहा, दिवाकर नायक, यशवंत सिंह बुंदेला, रामबाबू नायक, रामकुमार, अमित नायक, रियाज मंसूरी मौजूद रहे।

## वाहन की जोरदार टक्कर से युवक की मौत




**ललितपुर।** थाना पूराकलां के ग्राम नत्थीखेड़ा अंतर्गत मजरा नगलयाना में रहने वाले सुरेन्द्र पुत्र सीताराम यादव ने पुलिस को बताया कि 24 नवम्बर को उसका 19 वर्षीय पुत्र गुलशन मोटर साइकिल हीरो एक्सट्रीम नं. यू.पी.94 ए.सी. 8853 से अपने मामा के घर टपरियन जा रहा था। शाम करीब 5 बजे तेरई फाटक के आगे हाई-वे पर पीछे से आ रही टाटा मैक्सओन नं. एच.आर. 10 ए.टी. 5099 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि ग्राम तेरई टपरियन निवासी राजन सेन व अवतार यादव ने पीछे से आते हुये घटना को देखा और घायल को एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसके पुत्र गुलशन को मृत घोषित कर दिया। पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर वाहन चालक पर बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# अटल पार्क व कलाम मिनी स्टेडियम निर्माण का भूमि-पूजन सम्पन्न

### ●नगरवासियों में खुशी, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी,ललितपुर** -नगर पंचायत महरौनी द्वारा खेल एवं सार्वजनिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में प्रस्तावित 'अटल पार्क' तथा भारत रत्न ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की स्मृति में 'मिनी स्टेडियम' के नव-निर्माण हेतु विधिवत भूमि-पूजन सम्पन्न किया गया। इस आयोजन से नगरवासियों व युवाओं में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बानपुर रोड स्थित नवीन न्यायालय के पीछे, नहर के पास अटल पार्क एवं मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की गई है। नगर में अब तक किसी भी स्टेडियम की सुविधा उपलब्ध न होने से खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगी तैयारियों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। वर्षों से नगर के युवाओं की यह प्रमुख मांग थी कि महरौनी में खेल प्रतिभाओं के अनुरूप आधुनिक स्टेडियम का निर्माण किया जाए। आज भूमि-पूजन के साथ इस स्वप्न को साकार रूप मिलने की शुरुआत हो गई है। पूजन कार्यक्रम में पं. मनोज शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत नीलम दुष्यंत बड़ौनिया, पार्षद रवि अहिरवार, अनूप कुमार, नीलेश श्रीवास्तव लाला, जाकिर अली, सुखवती, प्रेमनारायण साहू, मुकेश श्रीवास्तव, पवन जैन, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा, उदयभान सिंह, सौरभ लखपति, मूलचन्द सेन, सुरेश अहिरवार,आशीष दूरबार अवर अभियंता, रामदास कुशवाहा, राज अहमद, शादिक खान, प्रेम बाबू, भागीरथ, वेद प्रकाश, कय्यूम अली, राहुल, आजेंद्र सिंह, सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से लाखों के गहने चोरी

### ●प्रयागराज एक्सप्रेस से गया मोबाइल

### दोनों मामलों में जीआरपी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तालबेहट थानान्तर्गत पुराना बार तिराहा बांसी निवासी रंजना पुलैया पत्नी भैयालाल पुलैया ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 नवम्बर को वह ट्रेन नं. 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच में अपने परिवार के साथ ललितपुर से भोपाल की ओर यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के आकर खड़ी थी और वह ट्रेन में बैठ गयी। बताया कि ट्रेन में जाकर उसने अपना पर्स देखा तो वह नहीं था। बताया कि यश ज्वैलर्स लिखा हुआ उसका छोटा पर्स गायब था। काफी खोजबीन करने पर भी पता नहीं चला। पर्स में सोने की चार चूड़ी कीमत 24 हजार रुपये, एक सोने का हार कीमत करीब 24 हजार रुपये, 5 ग्राम की अंगूठी कीमत 6 हजार रुपये व 2 जोड़ी चांदी की पायल कीमत 25 हजार रुपये, बिछुड़ी 3400 रुपये, सोने के टॉप्स कीमत 15 हजार रुपये कुल सामान 1 लाख 37 हजार 400 रुपये का सामान चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर बांदा जिला के थाना चिल्ला अंतर्गत ग्राम डिघवट निवासी करन पुत्र जयपाल ने जीआरपी पुलिस को बताया कि 29 अक्टूबर को वह ट्रेन सं. 14116 प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में बांदा से उज्जैन की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने ललितपुर आने के पहले अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाकर बाशरूम चला गया। वापस आने पर उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। उसने कोच में काफी तलाश किया, लेकिन फोन नहीं मिला। मोबाइल की कीमत करीब 18500 रुपये थी और फोन में सिम डली थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# फसल में पानी देकर वापस आ रहे किसान पर हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कल्यानपुरा के मजरा रामनगर निवासी कामता अहिरवार पुत्र हल्लू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 नवम्बर को अपने खेत पर पानी लगाने फसल में गया था। वह पानी लगाकर घर वापस आने के दौरान रास्ते में शाम करीब 7 बजे मजरा के ही रहने वाले भैरों पुत्र जानकी अहिरवार, रामसिंह पुत्र किस्सा, हरी पुत्र जानकी, भागवती पत्नी हरी ने एकराय होकर बिना कारण गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोरगुल होने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# आठवें वेतन आयोग में अन्य लाभों को भी शामिल करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रिफरेंस में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशन की समस्याओं को शामिल किये जाने की मांग की गयी है। इस सम्बन्ध में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोशियेशन ने जिलाध्यक्ष जे.के.सिंह ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। बताया कि केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन विषयक भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) के संकल्प पत्र 3 नवम्बर को देखते ही देश के पेंशनरों में निराशा एवं क्षोभ व्याप्त हो गया है। इसका मुख्य कारण पूर्व में अभी तक गठित केन्द्रीय वेतन आयोगों के विषय बिन्दु में पेंशनरों की पेंशन एवं अन्य लाभों का संदर्भ शामिल रहता है, परन्तु मौजूदा आठवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र में इस विषय को छोड़ दिया गया है। पूर्व अनुभवों को साझा करते हुये अवगत कराया कि वेतन आयोगों के गठन के इतिहास से पहली बार ऐसा हो रहा है कि वेतन आयोग की अनुशंसाओं को लागू करने की तिथि के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन पुनरीक्षण को वेतन आयोग के दायरे से बाहर कर दिया गया है। आपका कार्यकाल प्रारंभ होने के कुछ ही समय पहले गठित सातवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र 28 फरवरी 2014 के पैरा च में स्पष्ट रूप से पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य लाभों को वेतन आयोग के दायरे में लाया गया है। ऐसी समस्याओं के निस्तारण की मांग उठायी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष जे.के.सिंह, सचिव ए.आर. रिछारिया के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## दैलवारा में संगीतमय शिवपुराण कथा ज्ञानयज्ञ शुरू

**ललितपुर।** ग्राम दैलवारा स्थित गजेश्वर धाम में श्रीशिवशक्ति पंच कुण्डात्मक महायज्ञ एवं संगीतमय शिव पुराण कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो गया है। यज्ञकर्ता श्रीऋषभ गिरी महाराज, श्रीश्री 108 महन्त नर्वदेश्वरजी महाराज, नागा बाबा रामानंद ऋषभ गिरी, सोमनाथ मठ, नागा बाबा गौरीशंकर गिरी महाराज, परमानंद महाराज चित्रकूट, महंत मुक्तानंद, सुरेन्द्रानंद गिरी देवीमठ, महाकाल महाराज उज्जैन, बालकानंद महाराज मौनी बाबा आश्रम निम्माहेडा, यज्ञाचार्य पं.राजेश दुबे जबलपुर, शिवमहापुराण कथा वाचक सुश्री जयेश्वरी देवी, वृन्दावन धाम, मुख्ययज भीष्मप्रताप सिंह बुंदेला, गोलू राजा, रामसेवक पाल पारीक्षत, केहर सिंह, यशवंत सिंह, सोनू राजा, गोबर्द्धन पाल, रामदयाल कुशवाहा, देशराज पाल, मदन पाल, अमर पाल, जगदीश कुशवाहा, इमारत कुशवाहा, आशाराम कुशवाहा, रामपाल सिंह, गोकुल शर्मा, अरविन्द सिंह आदि बड़ी संख्या में महिलाएं चल रही थी तत्पश्चात शिवपुराण कथा प्रारंभ हो गई।

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जन-जागरूकता को लेकर हुई चर्चा

### ● जिला वृक्षारोपण व पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विकास भवन में सीडीओ की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपप्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र सिंह तोमर ने विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गयी कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध, जन जागरूकता एवं जुर्माने की कार्यवाही पर चर्चा की गयी।

ईओ नगर पालिका को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस वर्ष किये गए वृक्षारोपण की त्रमासिक जीवितता प्रतिशत पर चर्चा करते हुए सम्बंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि सूचना दो दिन के भीतर प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बैठक में वर्ष 2025 में कराये जाने वाले वृक्षारोपण की जियो टैगिंग पर चर्चा करते हुए सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य दो दिन में पूर्ण कराते हुए सूचना प्रेषित करें। मुख्यमंत्री की द्वारा सतत विकास की अवधारणा से जनमानस को जोडने् हेतु सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों में ग्रीन चौपाल के गठन पर चर्चा की गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि जनपद की सम्पूर्ण ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल का गठन किया जा चूका है एवं शासनादेश अनुसार माह के तीसरे शुक्रवार को चौपाल का आयोजन कराया जाना है। बैठक प्रदेश में वृहद् वृक्षारोपण 36 करोड़ पौधरोपण हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार की जाने वाली माइक्रोप्लान पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त विभाग ग्राम पंचायतवार ग्रीन चौपाल के माध्यम से ससमय योजना तैयार करते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करेंगे एवं सूचना प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि सूचना पीएमएस पोर्टल पर अपलोड की जा सके। बैठक में पराली प्रबंधन पर चर्चा हुए अवगत कराया गया कि इस वर्ष पराली जलाने के एक भी प्रकरण सामने नही आया है। जनपद में स्थानीय निकायों से जनित नगरीय ठोस अपशिस्ट एवं समस्त राजकीय व निजी स्वास्थ्य केन्द्रों/अस्पतालों तथा पशु चिकित्सालयों से जनित जैव अपशिस्ट के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं मानक अनुरूप निस्तारण के निर्देश दिए गए। बजाज पॉवर प्लांट में जनित फ्लाई एश के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं क्षेत्रीय अधिकारी, उशप्रश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मानक अनुरूप निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिला गंगा समिति की बैठक में मडावरा ब्लाक की बंडई नदी के पुनरुद्धार हेतु समिति गठित कर भौतिक निरीक्षण एवं योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जनपद में प्रवाहित नालों की मैपिंग,टैपिंग स्क्रीन इंस्टालेशन एवं फाईटो रेमेडियेशन पर चर्चा करते हुए ईओ नगर पालिका एवं अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में डीपीआरओ, सीवीओ, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खंड, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण खंड, असिस्टेंट प्रोफेसर (उच्च शिक्षा विभाग), एआरटीओ, रुचिका, अधिशासी अभियन्ता जल निगम आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान जागरूकता की मिसाल बने प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी

### ●जालौन के एक कार्यक्रम में हुए सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार सक्रिय रहने वाले समाजसेवी प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी को जालौन के मानपुरा (छौना) में आयोजित वीर कुंवर जनकल्याण सेवा फाउंडेशन के प्रथम वार्षिकोत्सव के सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। प्रगति रक्तदान सेवा समिति अध्यक्ष प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी लंबे समय से रक्तदान आंदोलन को बढ़ावा देने, लोगों को प्रेरित करने और सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके निरंतर प्रयासों और योगदान को देखते हुए संस्था की ओर से दोनों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रगति रक्तदान सेवा समिति के अध्यक्ष प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी लंबे समय से रक्तदान आंदोलन को बढ़ावा देने, लोगों को प्रेरित करने और सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके निरंतर प्रयासों और योगदान को देखते हुए संस्था की ओर से दोनों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संस्था ने बताया कि समाज के उन लोगों को सम्मानित करना उनका उद्देश्य है, जो बिना किसी स्वार्थ के जनहित में विशेष योगदान दे रहे हैं। इस दौरान प्रदेश की 51 अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। ग्रामीणों और आगंतुकों ने प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से रक्तदान अभियान को नई दिशा और ऊर्जा मिली है।


## फसल की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट



**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत रहने वाले अशोक पुत्र कंछेदी अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते 27 नवंबर को शाम 5-6 बजे के बीच उन्होंने गांव के जूजू पुत्र बादरे अहिरवार से फसल मरने की बात कही थी और वह घर आ गया। आरोप है कि उक्त लोगों में जूजू पुत्र बादरे, जगदीश पुत्र जूजू, रचपाल पुत्र जूजू, पुक्खन पुत्र जूजू ने एकराय होकर उसके साथ व उसकी मां उमेदी पत्नी कंछेदी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रचपाल अहिरवार पुत्र जुजे ने पुलिस को बताया कि वह घर पर था, तभी अशोक अहिरवार पुत्र कंछेदी आया और उसके व परिजनों के साथ गालियां देते हुये मारपीट करने लगा। बचाव करने आयी पत्नी के साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सुपरवाइजर से अभद्रता और पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर सहायक निर्वाचन अधिकारी सख्त

### ●खंड शिक्षा अधिकारी को कार्वाई के दिए निर्देश




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** जिले में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (Special Intensive Revision) कार्य में लापरवाही और सुपरवाइजर के साथ अभद्र व्यवहार के मामले में सहायक निर्वाचन अधिकारी ने गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज को संबंधित सहायक अध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।बृहस्पतिवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार बूथ संख्या 275, कम्पोजिट विद्यालय दौलतपुर पर तैनात सहायक अध्यापक एवं वर्तमान में सहायक बीएलओ अनुराग सिंह पिछले तीन दिनों से बिना सूचना के विद्यालय और क्षेत्र से अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित रहने के कारण एसआईआर कार्य की प्रगति मात्र 20 प्रतिशत रही, जो जिले की औसत प्रगति 45 प्रतिशत की तुलना में काफी कम पाई गई।इस पर सुपरवाइजर संदीप यादव द्वारा कारण पूछे जाने पर सहायक बीएलओ अनुराग सिंह ने फोन पर अभद्र और अमर्यादित भाषा का उपयोग किया तथा मारपीट की धमकी भी दी। सुपरवाइजर ने इसकी शिकायत सहायक निर्वाचन अधिकारी मनकापुर से की। सूत्रों की मानें तो अनुराग सिंह आए दिन विद्यालय से नदारद ही रहते हैं।शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कर्मी के साथ अभद्रता एवं धमकी देने के मामले में पत्र जारी कर खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी ने कहा कि यह विभागीय मामला है, और विभाग नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रीड़ा समारोह उमंग में मेडल प्रदान किए



**कानपुर।** आज दिनांक 29.11.2025 को जी.एन.के. स्कूल सोसाइटी के अंतर्गत संचालित गुरु नारायण खत्री इंटर कॉलेज, श्री गुरु नारायण खत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तथा श्री गुरु नारायण खत्री सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय 'संयुक्त क्रीड़ा समारोह 'उमंग'-2025' में पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल श्रवण कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं मेडल प्रदान किए गए, जिससे बच्चों का मनोबल एवं उत्साह उल्लेखनीय रूप से बढ़ा। महोदय ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं खेलों में निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं भी प्रदान की।

### पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने की जनसुनवाई



**कानपुर।** आज दिनांक 29.11.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा कार्यालय में जन-सुनवाई की गई जन-सुनवाई के दौरान उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण भी उपस्थित रहे । जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विलंब किसी भी स्थिति में न हो और प्रत्येक शिकायतकर्ता को समाधान से अवगत कराया जाए। जन-सुनवाई में आए प्रत्येक आगंतुक से सम्मानजनक व्यवहार करने, उन्हें बैठने हेतु उचित व्यवस्था देने एवं उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय स्तर पर बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

### बाजार शुक्ल पुलिस व सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा 10,000/- रुपये का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



**शुकुल बाजार अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के घर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वार एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में वांछित ईनामिया अभियुक्त सोनू उर्फ इसराक पुत्र इसरार खान निवासी बदलगढ़ थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त थाना बाजारशुक्ल पर पंजीकृत अभियोग में लगभग 02 वर्षों से फरार चल रहा था । अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 10,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था । गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### महरौनी पुलिस ने दो वांछित दबोचे

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस ने अण्डेला निवासी राजेश पुत्र गोपाल व ग्राम भौंरदा निवासी जीतेन्द्र सिंह पुत्र जाहर सिंह को हिरासत में ले लिया है। बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, खिरवांस चौकी प्रभारी उ.नि. साबिर अली, कां.कुलदीप कुमार शामिल रहे।

# 30 नवम्बर को एसआईआर का लगेगा विशेष कैम्प, खुले रहेगें सभी मतदेय स्थल-डीएम

**● विशेष कैम्प में पहुंचकर अपने गणना प्रपत्र अवश्य भरवाने की डीएम ने जनपदवासियों से की अपील**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने शनिवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के दौरान मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय फतनपुर व इण्टर मीडिएट कालेज गौरा का औचक निरीक्षण कर मतदाताओं के एसआईआर फार्म भराये जाने के वास्तविक स्थिति की जानकारी। प्राथमिक विद्यालय फतनपुर में एसआईआर के कार्य की प्रगति ठीक पायी गयी और मौके पर उपस्थित तहसीलदार को निर्देशित किया कि जमा फार्मो को डिजिटाईजेशन कराया जाय। इण्टरमीडिएट कालेज गौरा में फार्म भरने की प्रगति धीमी पायी गयी संज्ञान में आया कि मतदाता अत्यधिक है जिस पर तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त टीम लगाकर एसआईआर के कार्यो में तेजी लाये। डीएम ने निरीक्षण के दौरान एसआईआर कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यो में तेजी लाये और यदि किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो तत्काल अवगत कराये जिससे समस्त बूथों पर शत प्रतिशत कार्य समय से पूर्ण किया जा सके।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील किया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर रविवार 30 नवम्बर छुट्टी के दिन विशेष कैम्प लगाया जायेगा। सभी प्राथमिक विद्यालय खुले रहेंगे और बीएलओ, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, रोजगार सेवक, सफाई कर्मी आदि कर्मचारी मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेगें, जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र भर चुके है वे उसे तत्काल अपने सम्बन्धित बीएलओ को उपलब्ध करा दें और जिनका गणना प्रपत्र नहीं भरा गया है या भरने में कठिनाई हो रही है उनके फार्म कैम्प में ही मौके पर भरे जायेगें। उन्होने बताया है कि जिन मतदाताओं का किसी भी कारण से फार्म अभी तक शेष है वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम बूथ पर पहुंचे ताकि वहीं उनका फार्म भरा जा सके।

### पुस्तकालयों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन राजा राम मोहन राय पुस्तकालय संस्थान कोलकाता में करायें

**प्रतापगढ़।** राजकीय जिला पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष नसरत अली ने बताया है कि स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा अपने जनपद में संचालित पुस्तकालयों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन राजा राम मोहन राय पुस्तकालय संस्थान कोलकाता की वेबसाइट https://online.rrrlf.gov.in में कराया जाय। आनलाइन रजिस्ट्रेशन से संस्थान द्वारा पुस्तकालयों का एकीकृत डेटा बेस तैयार होगा, अनुदान, संसाधन एवं प्रशिक्षण से सम्बन्धित प्रक्रियाएं अधिक सुगम होगी। पुस्तकालयों की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों और पाठकों की संख्या का सटीक आकलन किया जा सकेगा, योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ वास्तविक पुस्तकालयों तक आसानी से पहुंचेगा। किसी भी समस्या के लिये राजकीय जिला पुस्तकालय के लाइब्रेरी को-आर्डीनेटर मो0 शोएम मोबाइल नम्बर 9455681786 व कम्प्यूटर आपरेटर राहुल मोबाइल नम्बर 7388116438 पर सम्पर्क कर सकते है।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये अधिक से अधिक करें दान-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र (अ0प्रा0) ने बताया है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिसम्बर को पूरे देश में मनाया जायेगा जिसकी पृष्ठभूमि देश के सेवारत जवानों/उनके परिवारों तथा भूतपूर्व सैनिकों/उनके परिवारों के आर्थिक कष्टों के निवारणार्थ उपयोगी की जाती है। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की तरफ से 07 दिसम्बर को आयोजित होने वाले सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य व्यक्तियों, उद्योगपतियों और जनपद वासियों से अधिक से अधिक दान देने की अपील की गयी है। ज्ञातव्य है कि सन् 1949 से प्रारम्भ की गयी है जो आगामी प्रत्येक वर्ष में 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाये जाने की परम्परा चली आ रही है। यदि दिवस बलिदानियों के परिवारों और वर्दी धारियों के सम्मान में मनाया जाता है। दिव्यांग सैनिकों, बलिदानियों की पत्नियों, उनके आश्रितों की देखभाल व सम्मान दिये जाने के लिये प्रतिवर्ष धनराशि एकत्रित की जाती है। इस दिन जल, थल, वायु सेना के जवानों की ओर से दी गयी सेवाओं को याद किया जाता है। सभी जनपदवासियों, गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व शिक्षण संस्थानों एवं उद्योगपतियों से दान स्वरूप दी गयी धनराशि नकद, चेक/बैंक ड्राफ्ट व क्यूआरकोड से संग्रहित धनराशि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सैनिक झण्डा दिवस निधि के खाते में जमा किया जाता है। पूरे देश से संग्रहित धनराशि पर सीधे रक्षा मंत्रालय की निगरानी होती है। संग्रहित धनराशि का अधिकांश हिस्सा मुख्यालय भेजा जाता है। इस धनराशि के जरिये बलिदानियों के आश्रितों, घायलों और जरूरत मंद सैनिकों, पूर्व सैनिकों को आकस्मिक मदद दी जाती है। प्रदेश में राज्यपाल के जरिये धनराशि की निकासी कर सहातार्थ खर्च किया जाता है।

# उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन को लेकर! शहर काजी ने प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अपने तय कार्यक्रम के अनुसार उम्मीद केंद्रीय पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के संबंध मे शहर काजी कानपुर ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी कानपुर जितेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को पारदर्शी तरीके से दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं परंतु लोगों का इस प्रक्रिया से अनजान होना तथा कुछ तकनीकी बाधाओं के कारण भी विवरण अपलोड करना समय से मुमकिन नहीं हो पा रहा है वक्फ कानून की धारा 3 बी के तहत जो वक्फ संपत्तियां नए कानून के अमल से पहले रजिस्टर्ड हैं उनको लाजिमी तौर से उम्मीद केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु अंतिम तिथि 5.12.2025 निर्धारित की गई है इसी बीच देश के कई राज्यों में एस आई आर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का कार्य भी चल रहा है जिस की अंतिम तिथि 04.12.2025 है ऐसे में दोनों आवश्यक कार्य एक साथ करना वैसे भी सम्भव नहीं है इसी का नतीजा है कि अभी तक देश भर की 10% वक्फ संपत्तियां भी पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सकी है इस प्रक्रिया में लोगों को पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए ताकि देश भर की वक्फ संपत्तियों को सुरक्षित रूप से पंजीकृत किया जा सके क्योंकि यह सिर्फ एक औपचारिकता भर नहीं है! बल्कि हमारी धार्मिक और सामाजिक सुरक्षा का सवाल है!

ज्ञापन में यह मांग की गई की केंद्रीय उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने हेतु कम से कम 6 माह का समय बढ़ाया जाए ताकि वक्फ संपत्तियां सुचारू रूप से इंद्राज की जा सके! हम आशा करते हैं कि समय बढ़ाकर वक्फ जायदाद को सुरक्षित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से मौलाना मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही शहर काजी कानपुर कारी सगीर आलम हबीबी नायब शहर कानपुर, मौलाना असगर अली यार अल्वी, महबूब आलम खान, इस्लाम खान आजाद, कारी अब्दुल मुत्तलिब कारी अब्दुल रहीम बहराइची हाफिज शबनूर रजा कादरी मौलाना गुलाम मुस्तफा रजवी कारी याकूब आदि मौजूद रहे।

# दुधवनिया बुजुर्ग में आयोजित हुआ बहादुर शाह जफर के योगदान पर विचार गोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** जिले के बढ़नी ब्लॉक के दुधवनिया बुजुर्ग में शनिवार को 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बहादुर शाह जफर का योगदान पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन विधायक फरेंदा वीरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख इतिहासकार प्रो. राम पुनियानी, विचारक प्रो. रविकांत सोशल एक्टिविस्ट शकीला शाहीन, बहादुर शाह जफर की पड़पौत्र पुत्र वधु बेगम समीना व बदरे आलम ने सरदार भगत सिंह, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी व बहादुर शाह ज़फ़र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. राम पुनियानी ने मुगल बादशाहों के कुर्बानियों को याद कर इतिहास को सही ढंग से पेश करने की बात करते हुए कहा कि आपसी भाईचारगी व सभी धर्मों के सम्मान से ही देश सही दिशा में जा सकता है। संविधान का पालन कर व धर्म के नैतिकता वाली पार्टी के साथ वर्तमान पीढ़ी को चलने की जरूरत है। आज संविधान का अपमान हो रहा है। भावनात्मक मुद्दे से नफ़रत फैलाया जा रहा है। नफरत का बीज न परोसकर समाज के पुनर्निर्माण की जरूरत है। बराबरी के आंदोलन में सहभागिता निभाएं। आज समस्या को सही ढंग से समझ कर उसके निदान की पहल करने की जरूरत है। प्रो. रविकांत ने कहा कि वर्तमान सरकार देश के लोगों को गुमराह कर रही है। पूर्वजों के इतिहास को गलत तरीके से पेश कर भविष्य को विकलांग बनाने की साजिश हो रही है। बहादुर शाह जफर की पड़पौत्र पुत्र वधु बेगम समीना ने कहा कि देश में गंगा जमुना तहजीब से देश विकास की ओर आगे बढ़ेगा ना कि नफरत से। कहा कि देश में जातिवादिता संकीर्ण विचारधारा का को जन्म दे रहा है। देश की आजादी के लिए अमर शहीदों को याद करते हुए उन्हें सम्मान देने की आवश्यकता है। बहादुर शाह जफर ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। कार्यक्रम को सोशल एक्टिविस्ट शकीला शाहीन, विधायक सय्यदा खातून, पूर्व सांसद चंद्रशेखर त्रिपाठी, सुरेन्द्र चौधरी, काजी सुहेल अहमद, जगदीश पांडेय आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक बदरे आलम, हाफिज सनाउल्लाह, सजाउद्दीन , खलकुल्लाह, शिवप्रसाद वर्मा, हरिराम यादव, रामनिलन भारती, शिवचंद भारती, दीपक यदुवंशी, जहीर आलम, हैदर आलम, बाबा इब्राहिम, निजाम अहमद, अल्ताफ हुसैन, अनिरुद्ध पाठक , राजेंद्र भारती, सागर पाठक ,निसार अहमद बागी, देवेंद्र गुड्डू ,इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद असलम आदि लोग मौजूद रहे।

### बीएलओ के विद्यालय से अनुपस्थित होने की हुई शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसआईआर कार्य को लेकर अवकाश के दिनों में भी शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थित होकर बीएलओ के कार्य में सहयोग के लिए निर्धारित किया गया है। लेकिन लालगंज नगर स्थित एक विद्यालय के बीएलओ के गैरहाजिर होने से कार्य सुचारू रूप से होने में परेशानी बनी हुई है। मामला लालगंज विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय उमापुर का है। यहां के प्रधानाध्यापक प्रभाकर दुबे का आरोप है कि विद्यालय के बीएलओ बीते तीन दिनों से नदारद है। इसके पूर्व भी वह कई दिनों तक नदारद रहे। इससे एसआईआर का कार्य सुचारू रूप से संचालित होने में परेशानी हो रही है और ग्रामीणों में आक्रोश भी बना देखा जा रहा है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मामले की शिकायत खण्ड शिक्षा अधिकारी से भी मौखिक रूप से की गयी है।

## प्रेमिका की बेटी से रेप करने वाला युवक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** जाजमऊ में लिव इन में रह रही प्रेमिका की 13 साल की बेटी से रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि प्रेमी एक साल तक बेटी से रेप की वारदात को अंजाम देता रहा, विरोध पर जान से मारने की धमकी दी, जानकारी पर पीड़िता की मां ने जाजमऊ थाने में एफआईआर दर्ज कराई, मूलरूप से दिल्ली पश्चिमी नजफगढ़ पियाऊ धासा मार्ग गोपालनगर में रहने वाली महिला के मुताबिक करीब 15साल पहले उसकी शादी विकास से हुई थी, दोनों के एक बेटा व एक बेटी है,आठ साल पहले पति ने छोड़ दिया था,बेटा पति ले गया, जबकि बेटी को जाजमऊ के जखई बाबा मोहल्ले में आकर किराए पर कमरा लेकर रहने लगी, मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण के दौरान भेल पूरी का ठेला लगाने वाले अजीत नाम के युवक से मुलाकात हुई, कुछ दिन बातचीत के बाद उसके साथ लिव इन में रहने लगी, आरोप है कि जब वह काम पर जाती थी ,तो प्रेमी उसकी 13 साल की बेटी से शारीरिक संबंध बनाता, आरोप है कि आरोपी एक साल तक बेटी के साथ रेप की वारदात को अंजाम देता रहा,डरी सहमी बेटी की आप बीती सुन पीड़िता ने थाने में शिकायत की, जिसके बाद आरोपी अजीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस ने आरोपी को आज जालौन निवासी अजीत को जेके क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# पीड़ितों की सहायता के साथ गोविंद नगर में जारी अपराधियों की गिरफ्तारी, कई गये जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए, अपराधियों के खिलाफ पुलिस का सहयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है। अगर किसी के साथ कोई भी अपराधिक घटना होती है तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को अवश्य देनी चाहिए ,क्योंकि पुलिस आम जनता के हित में ही सदैव तत्पर और सक्रिय है। इस आशय के विचार यहां क्षेत्र में गश्त के लिए अपनी टीम के साथ निकले गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह ने लोगों से संवाद के दौरान व्यक्त किये। अवगत कराते चलें कि आम जनता में सुरक्षा की भावना को और प्रगाढ़ करने के लिए अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ ही लगातार गश्त में भी जुटे अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुके गोविंद नगर के तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और बचन के पक्के इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह का प्रगाढ़ सेवा भी ऐसा सराहनीय है कि उनके पास आने वाला कोई भी फरियादी कभी निराश होकर नहीं लौटता।

अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन में भी अग्रणी तथा पीड़ितों की तत्काल सहायता और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के लिए भी चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के गोविंद नगर के जुझारू तेवरों वाले रिकेश कुमार सिंह किसी भी पीड़ित के लिए तब तक जुटे रहते हैं। जब तक उसकी समस्या का संतोषजनक निस्तारण नहीं हो जाता। इसी के साथ उनकी कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह जहां उचित पात्र लोगों की जहां हर संभव सहायता करते हैं वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते यही वजह है कि कर्तव्य के प्रति उनकी यही प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद एवं समिति के सभी सदस्य मौके पर उपस्थित रहे। बैठक में सीडीओ ने नगर में जैव अपशिष्ट के निस्तारण हेतु जैव अपशिष्ट की मानिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी डा0 राजेश कुमार गुप्ता को विस्तृत रिपोर्ट के साथ सूचना भेजने को निर्देशित किया गया। नगर पालिका के ठोस अपशिष्ट ई0 वेस्ट एवं प्लास्टिक निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं सूचना प्रभागीय कार्यालय को प्रेषित करने को कहा गया। पर्यावरण समिति सदस्य के सुझाव पर सड़क के दोनों पटारियों पर कटीली झाड़ियों को साफ करने एवं रास्ते को सुगम बनाने के लिए, सुझाव दिया गया और मुख्य विकास अधिकारी ने पर्यावरण समिति सदस्य को 5 से 7 स्थलों का चुनाव कर प्रभागीय निदेशक को अवगत कराने को निर्देशित किया। इसी प्रकार पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति के अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा के उप निरीक्षक अंकित कुमार सिंह, महिला का0 अनुराधा सिंह, महिला का0 डिंकल शर्मा द्वारा तलाश वारण्टी अभियुक्त के दौरान धारा 498ए भादवि व 3/4 डीपी एक्ट थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित 03 वारण्टी अभियुक्त/अभियुक्ता सुरेश कुमार सरोज उर्फ बब्लू पुत्र स्व0 प्रदीप कुमार,राजकुमारी उर्फ कानी पत्नी स्व0 प्रदीप कुमार व बुधा देवी उर्फ संजना पत्नी सुरेश कुमार उर्फ बब्लू निवासीगण फेरई का पुरवा थाना कुण्डा प्रतापगढ़ को थाना कुण्डा ग्राम फेरई में उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# कानपुर में बस अग्निकांड : मौत के मुंह से निकलने के बाद घर की ओर लौटे भयभीत यात्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गत दिवस यहां हाईवे पर चलती बस में लगी भीषण आग के फल स्वरुप बड़ी मुश्किल से मौत के मुंह से निकल पाए यात्री अब अपने घर की ओर रवाना हो चुके हैं। इस बीच पुलिस ने भी सभी यात्रियों की सहायता करते हुए उन्हें उनके गंतव्य पर पहुंचने में सहायता भी की। अवगत कराते चलें कि यहां कल शुक्रवार को नौबस्ता-रामादेवी निरमन हाईवे पर एक चलती बस में अचानक आग लग गई थी, जिसके कुछ ही देर में आग बस में बुरी तरह से फैल गई थी, जिससे बस में सवार यात्रियों को बाहर निकलने में काफी कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा था। कुछ यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई थी। चलती बस में भीषण आग की यह सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बस में फंसे बाकी लोगों को सुरक्षित निकलने में सफलता प्राप्त की थी। यद्यपि फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले ही बस पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। यह घटना तब हुई जब शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे के आसपास करीब 35 यात्रियों से भरी एक बस दिल्ली से बनारस की ओर जा रही थी। इस दौरान रामादेवी चौराहे के पास अचानक बस में आग लग गई, फिर कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया था। बस में रखा सामान धू-धूकर के जलने लगी थी। फिलहाल काफी यात्री घटना के बाद ही प्राइवेट वाहनों से अपने गंतव्य को चले गए थे और जो बचे थे। वह भी आज पुलिस के सहयोग से अपने घरों की ओर रवाना हो गए। इनमें से लगभग सभी यात्रियों के हाथ खाली रहे क्योंकि उनका सारा सामान इस बस में जलकर राख हो गया।

### दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का परामर्श कार्यक्रम आयोजित



**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार कस्बा में स्थित बीआरसी सभागार में शनिवार को दिव्यांग बच्चों के अभिभावक के साथ परामर्श एक पहल कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में दिव्यांग शिक्षक अखिलेश मिश्र ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती है , वरन् उनमें सीखने की असीम संभावनाएं होती है हम सभी को मिलकर ऐसे बच्चों हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।सभी अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य के लिए हर स्तर से सदैव आगे आना चाहिए। इन बच्चों में विशिष्ट विशेषता है जिसको हम सभी को तराशने एवं सुनियोजित तरीके से सही दिशा में मोड़ने की आवश्यकता है । इस अवसर पर विशेष शिक्षक प्रदुमन कुमार सिंह, अखिलेश कुमार मिश्र, अजय कुमार भारती, सुनील कुमार यादव, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण में अनियमितता से ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बजहां - नारखोरिया मार्ग**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के विकास खंड बर्डपुर अंतर्गत बॉर्डर डेवलपमेंट रोड से जुड़े बजहां से नारखोरिया, गौरा मार्ग जो इंडो नेपाल सीमा को जोड़ती है, 2016 में आरईएस विभाग से बना था जो अब टूट चुकी है, ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा सहित डीएम को कई बार पत्राचार किया। कई वर्षों के प्रयास से अब सिंचाई विभाग द्वारा सड़क गड्ढा मुक्त का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोड में हुए गड्ढों को भरा नहीं जा रहा है। गिट्टी पर डामर डालकर कोरम पूरा किया जा रहा है । ग्रामीणों का कहना है इसमें पर्याप्त तारकोल नहीं डाला जा रहा है जिससे रोड के उखड़ने की प्रबल संभावना है हल्की गिट्टी डालकर पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है ऐसी सड़कें चंद दिनों में ही उखड़ जाती है और सरकारी धन की बरबादी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने की जाने की मांग की है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में अवर अभियंता अमरेश पांडेय का कहना है कि उक्त सड़क के गड्ढे की भराई का ही कार्य कराया जाना है और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जा रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### शादी रद्द होने के सदमे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान



हमीरपुर - शादी रद्द होने के सदमे में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में मातम पसरा है। घटना मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव की है। मृतक की पहचान 23 वर्षीय विकास पुत्र राम सिंह के रूप में हुई है। विकास चार भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह पेशे से चालक था और ईट-भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक कुछ समय से उसकी शादी की बातचीत चल रही थी और रिश्ता भी तय हो गया था, लेकिन अचानक लड़की पक्ष द्वारा शादी से इनकार कर देने से वह मानसिक रूप से बेहद आहत था। शुक्रवार रात करीब आठ बजे विकास ने घर में अकेला पाकर धोती से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजनों ने उसे फंदे से लटका देखा तो घर में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की मदद से उसे नीचे उतारकर मौदहा सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसकी मौत की पुष्टि कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

### नशेड़ी अधेड़ ने लगाया फंदा, परिजनों की सतर्कता से बची जान



**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बे में शनिवार दोपहर एक अधेड़ ने शराब के नशे में अपने घर पर फांसी लगाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों की समय पर मिली जानकारी और सतर्कता से उसकी जान बच गई। उसे तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति अब सामान्य बताई है। घटना कस्बे के वार्ड संख्या 4, धर्मेश्वर बाबा मुहाल की बताई जा रही है। यहां रहने वाले 46 वर्षीय रामकरन निषाद मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे वह नशे की अवस्था में घर पहुंचे और अचानक आत्मघाती कदम उठाते हुए छत में लगे कुंडे में साड़ी बांधकर फांसी पर झूल गए।

उसी समय घर के सदस्यों की उन पर नजर पड़ गई, जिसके बाद उन्होंने तुरंत शोर मचाते हुए रामकरन को फंदे से नीचे उतारा। परिजनों ने देर न करते हुए उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार किया गया। रामकरन के छोटे भाई बच्चू लाल ने बताया कि घटना के समय वह अत्यधिक नशे में थे, इसी कारण उन्होंने ऐसा कदम उठाया। चिकित्सकों के अनुसार timely treatment मिलने से उनकी जान बच गई और वर्तमान में उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। घटना से मोहल्ले में दहशत का माहौल रहा, जबकि परिजन अब उनकी देखभाल में जुटे हुए हैं। पुलिस को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

### गेस्टहाउस के बाहर से चोर चुरा ले गए बाइक, मुकदमा दर्ज

**हमीरपुर-** बिवांर थाना क्षेत्र के छानी गांव के एक गेस्टहाउस के बाहर खड़ी बाइक ,चोर चुरा ले गए ,पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ थाना बिवांर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हमीरपुर कोतवाली के चन्दौखी गांव निवासी वेदप्रकाश सविता पुत्र स्व0 रामऔतार ने बिवांर थाना में शनिवार के दिन अपनी बाइक बीते 22 नवम्बर को चोरी हो जाने की तहरीर दी है।बताया कि वह बीते 22 नवम्बर की रात लगभग साढ़े नौ बजे एक शादी में शामिल होने छानी गांव के शुभ परिणय गेस्टहाउस आया था। बताया कि जब वह रात लगभग सवा दस बजे घर लौटने के लिए गेस्टहाउस से बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी।थाना प्रभारी नन्दराम ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ धारा 303( 2 )का मुकदमा दर्ज किया गया है,चोर और बाइक की तलाश की जाएगी।

# 41 महीने बाद सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा का तबादला, संतलाल पटेल को मिली तैनाती

**● भ्रष्टाचार व लापरवाही के गंभीर आरोपों के बीच कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक अनियमितताओं के आरोपों से घिरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा का 41 महीनों बाद तबादला कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश शासन ने उन्हें संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (लखनऊ) पद पर भेजा है। उनके स्थान पर सिद्धार्थनगर के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. संतलाल पटेल को गोंडा का नया सीएमओ नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश चिकित्सा अनुभाग-2 की सचिव रितु माहेश्वरी के डिजिटल हस्ताक्षर से 28 नवंबर 2025 को जारी आदेश में दोनों अधिकारियों को तुरंत कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. वर्मा पर आरोपों की लंबी सूची जुलाई 2022 से तैनाती के बाद से ही उन पर करोड़ों के दवा खरीद घोटाले, एनआरएचएम फर्जी बिल, आयुष डॉक्टरों की संविदा भर्ती में पक्षपात, स्टाफ कमी और मरीजों की अनदेखी जैसी शिकायतें लगातार दर्ज होती रहीं। सोशल मीडिया पर उनका विवादित बयान– 'एक बच्चा मर गया तो सब आ गए, हजार जिंदा हैं लड्डू खाने जाइए '–भी जमकर चर्चा में रहा। सातों विधानसभा के विधायकों ने भी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित पंकज कुमार पाण्डेय ने तबादले को '41 महीने बाद



न्याय' करार दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि विभाग में दबाव और भय का माहौल था। विपक्ष ने जांच की मांग उठाते हुए इसे 'देर से हुई कार्रवाई' बताया है। गोंडा में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लगातार विवादों के बीच यह फेरबदल नई उम्मीदें जगाता है। जिले को अब साफ-सुथरी और पारदर्शी स्वास्थ्य व्यवस्था की उम्मीद है।

## सौदों असम सेकेंडरी नॉन-टीचिंग एम्प्लॉइज यूनियन 28 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी।** असम एजुकेशन (वेंचर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के नॉन-टीचिंग स्टाफ की सर्विस का प्रोविंशियलाइजेशन) एक्ट, 2018 ने फरवरी 2021 और सितंबर में सेकेंडरी स्कूलों में काम करने वाले कुल 1353 कर्मचारी को प्रदेशीकरण किया लेकिन असम शिक्षा विभाग ने 1948 के श्रमिक कानून के मुताफिक सौंप कर 12600,ओर जूनियर एसिटेंस टीचरों के तनख्वाह, 10600 चौथा वर्ग के कर्मचारियों को

मंथली सैलरी और फोर्थ क्लास एम्प्लॉइज की 8, 700 मंथली सैलरीदिए जा रही हे जी को बहुत कम है , सरकार ने कर्मचारियों के ख़िलाफ़ लापरवाही के आरोप लगाते हुए सदाओ असम सेकेंडरी स्कूल के नॉन-टीचिंग एम्प्लॉइज पूरे असम में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आज सिलापथार जूनियर विज्ञान सेकेंडरी नॉन- टीचिंग एम्प्लॉइज यूनियन एकत्रित होकर हड़ताल में शामिल हुए। सरकार द्वारा पारित किए गए कानून में बदलाव करने की मांग कर कानून को जला कर प्रदर्शन किया। 2021-2022 में, प्रोविंशियलाइज्ड सेकेंडरी स्कूलों के नॉन-टीचिंग स्टाफ को छह प्रतिशत सैलरी बढ़ाने के बजाय सरकारी और दूसरे पहले प्रोविंशियलाइज्ड स्कूलों में काम करने वाले नॉन- टीचिंग स्टाफ की तरह पूरा दर्जा दिया जाए। हमें इंसाफ दो। कानून रद्द करो। मांगों के साथ धेमाजी जिले के 8 हाई स्कूल और कॉलेज के कर्मचारी चिलपथार साइंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। कर्मचारी हड़ताल में होने की दौरान सेकेंडरी स्कूलों के ऑफिशियल कार्य को निभाने ने मुश्किल का समाना करना पड़ रहा है।

## वार्षिक समारोह सृजन संगम आयोजित



**नैनी, प्रयागराज।** प्रयागपुरम स्थित मे शनिवार को लिटिल हार्ट्स एकेडमी व किड्सजोन का सयुक्त वार्षिक समारोह सृजन संगम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुरेश कुमार त्रिपाठी (एम0एल0सी0 उत्तर प्रदेश) एवं विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र तिवारी (एस0 बी0एम0 आई0सी0, धक दाउद नगर) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवांवित किया। कार्यक्रम में सदेशात्मक नाटिका स्वच्छ भारत, सोशल मीडिया व अन्न का सम्मान पर बच्चों की प्रस्तुति ने अभिभावकों का मन मोह लिया। नृत्य व सगीत के रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से अनेकता में एकता व भारतीय संस्कृति की झलक दिखलाई।विद्यालय के निदेशक शोएब इसराइल एवं उपनिदेशक अवैश इसराइल व प्रधानाचार्या ऊषा यादव ने अतिथियों को धन्यवाद दिया।वही नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, धीरु यादव रहे।

## ब्रह्मानंद जी के 131वें जन्मदिवस पर ब्रह्मानंद महाविद्यालय में खेल महाकुंभ, प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः–** बुंदेलखंड गौरव त्याग मूर्ति परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी के 131वें जन्मदिवस पर ब्रह्मानंद महाविद्यालय परिसर में शनिवार को विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. सुरेंद्र सिंह ने स्वामी ब्रह्मानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। संयोजक डॉ. भावना शर्मा ने प्रतियोगिताओं की रूपरेखा रखी। 100 मीटर दौड़ में छात्रा वर्ग में बीएससी एजी थर्ड ईयर की कु.भाषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कु. मुस्कान (सेकंड ईयर) द्वितीय और कु. प्रांजल (सेकंड ईयर) तृतीय रहीं। छात्र वर्ग में अंकित विश्वकर्मा (थर्ड सेम) प्रथम, अजय सोनी द्वितीय एवं लोकेंद्र कुमार (फर्स्ट सेम) तृतीय स्थान पर रहे।

लंबी कूद में भी भाषा, मुस्कान व प्रांजल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किए। छात्र वर्ग में अंकित विश्वकर्मा प्रथम, सनी शर्मा द्वितीय और भारत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। ऊँची कूद में कुमारी काजल (थर्ड सेम) प्रथम, दीक्षा (फिफ्थ सेम) द्वितीय और मुस्कान तृतीय रहीं। छात्र वर्ग में अंकित विश्वकर्मा ने पहला स्थान, हर्ष राजपूत (फर्स्ट सेम) दूसरा व आलोक श्रीवास (फर्स्ट सेम) तीसरा स्थान प्राप्त



किया। डिस्कस थ्रो में दीक्षा ने गोल्ड, प्रांजल ने सिल्वर और साक्षी ने ब्रॉन्ज जीता। छात्र वर्ग में देवप्रकाश (क्रश्वस्त्र द्वितीय वर्ष) प्रथम, अंकित कुमार द्वितीय और अवधेश प्रसाद तृतीय स्थान पर रहे।

जैवलिन थ्रो में छात्रा वर्ग में साक्षी प्रथम, प्रांजल द्वितीय और दीक्षा तृतीय रहीं। छात्र वर्ग में अवधेश प्रसाद ने प्रथम स्थान, दीपक ने द्वितीय और अभिषेक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में दीक्षा, काजल और प्रांजल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाया। छात्र वर्ग में देवप्रकाश पहले, अंकित चतुर्वेदी दूसरे और अभय सिंह तीसरे स्थान पर रहे। अंतर्जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब देहरादून के नाम, स्वामी ब्रह्मानंद सामाजिक कल्याण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कबड्डी फाइनल में उत्तराखंड देहरादून ने उत्तर प्रदेश एटा को हराकर खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि



एसडीएम राठ अभिमन्यु सिंह एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी राठ राजीव प्रताप सिंह द्वारा स्वामी ब्रह्मानंद जी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. इंद्रपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दादा सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. बलवंत सिंह, प्रो. हल्के प्रसाद, डॉ. नरेश कुमार सिंह, डॉ. बी.के. पांडे, डॉ. आर.एस. सिंह, डॉ. दशरथ सिंह, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. एस.जी. राजपूत, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. अवधेश नारायण शुक्ला, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. दुर्गेश कुमार, डॉ. अंकिता सैनी, डॉ. शीला सिंह, डॉ. कमलेश राजपूत, डॉ. एस.पी. अग्रवाल, डॉ. आर.बी. शर्मा, डॉ. प्रशांत अग्रवाल, डॉ. राम प्रकाश तथा कर्मचारियों धर्मेंद्र सिंह, राजेश चौरसिया, वीरेंद्र आर्य, नंदराम आदि का विशेष सहयोग रहा।


## अंतर्जनपदीय तस्कर गिरफ्तार, 4 किलो अवैध गांजा व चोरी का सोने का हार बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** मौदहा पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने कम्हरिया दरगाह के पास कम्हरिया-सायर रोड पर शनिवार, 29 नवंबर 2025 को दो अंतरजनपदीय तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए तस्करों के कब्जे से 4 किलो अवैध सूखा गांजा और एक चोरी का सोने का हार बरामद हुआ है। कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायालय भेज दिया गया है।

**गिरफ्तार तस्कर की पहचान-** पुलिस ने जिन दो लोगों को पकड़ा है, उनमें पहला आरोपी नीतू पुत्र बदना, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी ग्राम देवली, थाना गदपुरी, जिला पलवल (हरियाणा) है। दूसरा आरोपी सीमा पत्नी नरेश, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी फतेहपुर बिलोच, थाना सदर बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) है। दोनों लंबे समय से अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी और चोरी जैसी आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय बताए जा रहे हैं।

**बरामदगी और मौके की कार्रवाई-** पुलिस टीम ने आरोपी नीतू के कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध सूखा गांजा और एक इनोवा क्रिस्टा कार बरामद की। वहीं, आरोपी सीमा के पास से 1 किलो 900 ग्राम अवैध सूखा गांजा के साथ पीली धातु का सोने जैसा हार मिला। पुलिस को शक होने पर जब पूछताछ की गई, तो सीमा ने स्वीकार किया कि यह हार उसने करीब चार दिन पहले बांदा बस स्टैंड के पास एक महिला के गले से चोरी किया था।




**कानूनी कार्रवाई और धाराएँ** बरामद अवैध गांजे के आधार पर दोनों के खिलाफ मुकदमा संख्या 413/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। इसके बाद चोरी के हार की पुष्टि होने पर मुकदमे में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस भी जोड़ी गई। दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

**अपराधिक इतिहास-** जांच में सामने आया कि आरोपी नीतू के खिलाफ दिल्ली में वर्ष 2021 का एक आपराधिक मुकदमा पहले से दर्ज है। वहीं, आरोपी सीमा के खिलाफ बलरामपुर और गोंडा जिलों में चोरी व अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे पंजीकृत हैं। इससे स्पष्ट है कि दोनों एक अंतरजनपदीय आपराधिक गिरोह से जुड़े हुए हैं।

**पुलिस टीम की भूमिका-** इस अभियान में थानाध्यक्ष मौदहा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोज पांडेय, एसआई मोहित कुमार, एसआई दिशांत खोखर, महिला उपनिरीक्षक कोमल, कांस्टेबल दिलीप कुमार , विमल कुमार और आशुतोष कुमार शामिल रहे।

**क्षेत्र में प्रभाव-** पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी और चोरी की घटनाओं पर रोकथाम की उम्मीद बलवती हुई है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

## किसान खेतों में जला रहे पराली, प्रशासनिक आदेश बेअसर

**प्रयागराज यमुनानगर (बारा)।** तहसील क्षेत्र में पराली जलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसका बुरा असर पर्यावरण के साथ ही स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। स्थानीय किसानों ने बताया कि लगातार पराली जलाने की खबरें मिलती रहती हैं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी शान्त बैठे हैं। पराली जलाने से निकलने वाला धुआं पर्यावरण और स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। सड़कों पर दृश्यता भी कम होती है। जिससे दुर्घटनाएं होने का भय बना रहता है। कई बार लिखित शिकायत व समाचार पत्रों में इससे संबंधित खबरें भी प्रकाशित कराई गई थी, लेकिन अधिकारी शान्त बैठे हैं। जबकि नियमों के तहत पराली जलाने पर सख्त कार्रवाई करने का प्राविधान है। जबकि किसानों का कहना है कि पराली निस्तारण की उचित व्यवस्था भी नहीं है, जिससे ग्रामीणों को मजबूरी में पराली जलाना पड़ता है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम, पराली प्रबंधन उपकरण व वैकल्पिक संसाधनों को सक्रियता से लागू किया जाए तो पराली जलाने की घटनाओं को कुछ हद तक रोका जा सकता है। लगातार हो रही इन घटनाओं पर समय रहते अंकुश नहीं लगता तो क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रशासन को सम्मान दिया जाए: कैलाश तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कैलाश तिवारी ने विश्वविद्यालय की अनोखी गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को सम्मानित किया जाए। यह एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जहां पर नवलपुर परिसर में लगभग 8,000 छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं और शहडोल से नवलपुर तक पांच बसों में आना-जाना कर लेते हैं। इसका गणित, गणितज्ञ लोगों के समझ में भी नहीं आता है। यह कार्य 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ' में दर्ज किए जाने योग्य है।

इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र भले ही जुलाई से चल रहा हो लेकिन नवम्बर 25 बीत गया लेकिन अभी तक स्नातक स्तर के हजारों छात्रों के रिजल्ट घोषित नहीं किए गए हैं। छात्र बिना रिजल्ट के ही आगामी कक्षाओं में बैठने को मजबूर हो रहे हैं।

इसके साथ ही मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा नॉन शैक्षणिक पदों की चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया हो। प्रशासनिक पक्षपात पर मोहर लगाई हो। लेकिन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जो कि शर्मनाक स्थिति है। उच्च शिक्षा की इतनी दुर्दशा आज तक नहीं देखी गई है जो कि वर्तमान में है। इस प्रकार की उपलब्धि करने वाले विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों को सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि अन्य विश्वविद्यालय भी इसका अनुसरण कर सके और अपने-अपने क्षेत्र में नाम रोशन कर सकें।

पूर्व छात्र नेता कैलाश तिवारी ने कहा है कि पूर्व के वर्षों में अगर किसी महाविद्यालय में रिजल्ट विलंब से आते थे तो छात्र आंदोलन प्रदर्शन के लिए मजबूर हो जाते थे। लेकिन वर्तमान स्थिति में जनप्रतिनिधियों , को कोई चिंता ही नहीं है कि युवा वर्ग का क्या भविष्य होगा। युवा वर्ग कैसे अध्ययन करने पर मजबूर हो रहा है। उल्लेखनीय की इस विश्वविद्यालय में बहुसंख्यक छात्र आदिवासी वर्ग के आते हैं। ऐसे में उनका भविष्य क्या होगा अंदाज लगाया जा सकता है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सम्पन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी की रिपोर्ट

**शहडोल** से सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने तथा दुर्घटनाओ से होने वाली मृत्यु दर को कम करने हेतु कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने हेतु चिन्हित किये गए ब्लैक स्पॉटो में संकेतक बोर्ड लगाने, रैम्बल स्ट्रिप, सफेद पेंट से पॉलिश करने तथा आवश्यक सड़क मरम्मत कराने के निर्देश संबंधित निर्माण एजेंसियो को दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो को खतरनाक मोडो़ पर संकेतक तथा साइनेंज बोर्ड लगाने, सड़को के किनारे, झाडियो की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। आपने नगरीय क्षेत्रो में व्यवस्थित पार्किंग, भीड़ भाड़ वाली सड़को पर गति अवरोधक बनाने तथा प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारियो को दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, एमपीआरडीसी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहडोल उपस्थित रहें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने हेतु पुलिस एवं सड़क निर्माण एजेंसियो को समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता है। आपने बताया कि देवलोंद, ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, शहडोल, बुढार तथा जैतपुर थानो में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाओ के प्रकरण सामने आए है।

जिले में नेशनल हाइवे में 18 ब्लैक स्पॉट चिन्हित है जहां सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं होती है। इसी तरह जहां ग्रामीण सड़के मुख्य मार्गो से मिलती है, वहां भी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। सड़क दुर्घटनाओ से होने वाली जन-धन हानि को रोकने के लिए आवश्यक है कि ऐसे चिन्हित स्थानो में




सड़क मार्गो में आवश्यक तकनीकी सुधार करने के साथ ही रम्बल स्ट्रिप, साइनेज बोर्ड तथा व्हाइट पेंट करा दी जाए जिससे चालक को पूर्व से ही जानकारी मिल जाए तथा वह वाहन की गति कम कर सकें। छोटे-छोटे उपाय एवं सावधानियॉ अपनाकर सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाई जा सकती है। आपने सड़क निर्माण एजेंसियो को पुलिस एवं यातायात विभाग के साथ संयुक्त भ्रमण कर आवश्यक सुधार की बात कहीं।

## इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट' (ACED-2025) का भव्य आयोजन दिनांक 28 एवं 29 नवम्बर 2025 को सफलतापूर्वक किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा, ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस, 'एडवांस्ड सिविल इंजीनियरिंग प्रैक्टिसेज फॉर सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट' (ष्टश्वष्ठ-2025) का भव्य आयोजन दिनांक 28 एवं 29 नवम्बर 2025 को सफलतापूर्वक किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, उन्नत शोध, सतत विकास (Sustainable Development) एवं पर्यावरण अनुकूल बुनियादी ढाँचे (Infrastructure) के निर्माण पर विशेषज्ञों के विचारों का आदान-प्रदान करना था। सम्मेलन के मुख्य अतिथि ई. अशोक कुमार द्विवेदी, अभियंता-मुख्य, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश में तेज़ी से विकसित हो रहे आधारभूत ढाँचे, सड़क निर्माण, पुलों एवं राजमार्गों के आधुनिकीकरण तथा इंजीनियरों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं लाभ की भी जानकारी दी जो इस प्रकार से है।

1. उन्नत तकनीकों का आदान-प्रदान

देशभर के विशेषज्ञों ने सिविल इंजीनियरिंग की नवीनतम तकनीकों, अनुसंधान तथा आधुनिक निर्माण प्रथाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।

2. सतत (Sustainable) विकास को बढ़ावा

पर्यावरण अनुकूल निर्माण पद्धतियाँ, ऊर्जा-संरक्षण, जल प्रबंधन और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के महत्व पर विशेषज्ञों की राय ने प्रतिभागियों को नए दृष्टिकोण दिए।

3. इंजीनियरों में तकनीकी क्षमता वृद्धि

वर्कशॉप, पेपर प्रेजेंटेशन और पैनल डिस्कशन के माध्यम से इंजीनियरों को उभरती चुनौतियों और समाधान के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।



4. नीति-निर्माण के लिए उपयोगी सुझाव सड़क, पुल, इमारतों और सार्वजनिक परियोजनाओं से संबंधित कई तकनीकी सुझाव इस सम्मेलन में सामने आए, जिन्हें भविष्य की नीतियों में सम्मिलित किया जा सकता है।

5. युवा इंजीनियरों और छात्रों को मार्गदर्शन अनुभवी विशेषज्ञों के संबोधन और इंटरैक्शन से विद्यार्थियों को आधुनिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर निर्माण का स्पष्ट मार्ग मिला।


6. उद्योग, अनुसंधान संस्थान और सरकार के बीच समन्वय सम्मेलन ने विभिन्न संस्थानों, विभागों और उद्योग जगत के बीच बेहतर सहयोग स्थापित करने का अवसर प्रदान किया।

7. सुरक्षित और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की दिशा में योगदान डिज़ास्टर रेज़िलिएंट, टिकाऊ और किफायती इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी रणनीतियाँ प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. जे. पी. साहू, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आई.आई.टी. लखनऊ रहे। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, इंजीनियरों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों एवं विभिन्न तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र में हो रहे आधुनिक नवाचारों, तकनीकों तथा टिकाऊ अवसंरचना निर्माण की श्रेष्ठ प्रथाओं पर विचार-विमर्श करना है। विशिष्ट अतिथियों ने सिविल इंजीनियरिंग में उभरती चुनौतियों, नवीन तकनीकों जैसे–स्मार्ट मटेरियल्स, आधुनिक सर्वे तकनीकें, ग्रीन कंस्ट्रक्शन, डिजास्टर रेज़िलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर तथा जल संरक्षण आधारित डिज़ाइन पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन में देशभर के विभिन्न तकनीकी संस्थानों, सरकारी विभागों, इंजीनियरिंग संगठनों तथा उद्योग जगत से आए विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। दो दिनों तक चली विभिन्न तकनीकी सत्रों, पेपर प्रेजेंटेशन्स, इंटरैक्टिव वर्कशॉप्स एवं पैनल डिस्कशनों में इंजीनियरिंग के भविष्य तथा सतत विकास की दिशा में अहम सुझाव सामने आए। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष इ.वी. बी. सिंह, एफ आई ई भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन भारत को सतत और मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के चेयरमैन इ. सत्य प्रकाश, एफ आई ई ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।कार्यक्रम के संयोजक इ. अवधेश कुमार, एफ आई ई ने विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे तकनीकी वार्तालाप इंजीनियरों और युवा मस्तिष्कों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं मानवीय संवेदनशीलता को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर ई. वी. पी. सिंह, एफ आई ई, मानद सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य केन्द्र ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और सभी अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्नेहभोज (लंच) में सहभागिता की।

## सैरों के मेला में हुआ विशाल दंगल का आयोजन

**हमीरपुर-** मुस्करा विकासखंड के बसवारी गांव में पारंपरिक उत्साह और रोमांच के साथ सैरो का मेला' और एक विशाल दंगल का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रामीण संस्कृति, शक्ति प्रदर्शन और एकजुटता का प्रतीक बन गया, जिसे देखने के लिए आस-पास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में दर्शक उमड़े। सैरो का मेला दंगल के साथ आयोजित यह मेला क्षेत्र की पुरानी परंपरा का हिस्सा है,





जो उत्सव और सामुदायिक भावना को दर्शाता है इस एक दिवसीय आयोजन में देश भर के नामी-गिरामी पहलवानों ने भाग लिया और अपनी दांव-पेंच और बल का प्रदर्शन किया। पहलवानों के मुकाबले भी आकर्षण का केंद्र रहे, जिसने दर्शकों में जोश भर दिया। इस गौरवशाली आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका आयोजक, समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह यादव और समस्त ग्रामवासियों ने निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सुरेन्द्र सिंह लोधी,इंद्रपाल सिंह यादव,जगत सिंह,दादी रामकुमार राजपूत,भान सिंह प्रधान,बिपिन यादव,रामसिंह पाल,वैभव द्विवेदी,प्रदीप कुमार,अमरचंद कोटेदार,कुलदीप राजपूत उपस्थित रहे जिन्होंने विजयी पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और ग्रामीण खेल परंपरा को बढ़ावा देने के लिए आयोजकों की सराहना की। दंगल की कई कुश्तियाँ बेहद रोमांचक रहीं, जहाँ शक्ति और तकनीक का जबरदस्त मेल देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का उत्साह बढ़ाया।